सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 28.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-270 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 10 मार्च 2024
28 शाबान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने दिया इस्तीफा

**त्यागपत्र**

- **तीन सदस्यीय आयोग में अब सिर्फ अकेले राजीव कुमार बचे**



**नई दिल्ली।** चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने शनिवार को अपने पद से त्यागपत्र देकर सभी को चौंका दिया। उन्होंने अपना त्यागपत्र ऐसे समय दिया है, जब कुछ ही दिनों में आम चुनाव की घोषणा होने वाली है। अरुण गोयल चुनाव आयोग में दूसरे शीर्ष अधिकारी थे। उनका कार्यकाल 2027 तक था। कानून और न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने चुनाव आयुक्त के रूप में अपने पद से गोयल का त्यागपत्र स्वीकार कर लिया है। तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में एक पद पहले से रिक्त है। गोयल के इस्तीफे के बाद आयोग में अब सिर्फ मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार बचे हैं। मामले में फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया तय करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने गोयल की नियुक्ति को रद्द तो नहीं किया, लेकिन कहा था कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक पैनल करेगा, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता विपक्ष और सीजेआई होंगे।

# टीएमसी सरकार ने केवल लूटा : मोदी

- **हमने विकास के लिए पैसा भेजा, लेकिन टीएमसी ने खास लोगों को बांट दिया : प्रधानमंत्री मोदी**

**सिलीगुड़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिलीगुड़ी-राधिकापुर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने उत्तरी पश्चिम बंगाल में 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

ने कहा कि कई वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाया गया है। ऐसे अनेक मुद्दे थे जिनके समाधान की किसी ने कल्पना भी नहीं की थी लेकिन मोदी ने ऐसे हर मुद्दे को हल किया है। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी सरकार आपको कदम-कदम पर लूट रही है। हमने मनरेगा की मजदूरी का पैसा दिल्ली से भेजता है लेकिन यहां की टीएमसी सरकार ने अपने लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए 25 लाख फर्जी जॉब कार्ड बनाकर दे दिए। मोदी गरीब के घर के लिए पैसा भेजता है तो टीएमसी सरकार अपने लोगों को आपका पैसा दे देती है। टीएमसी को आपकी परेशानियों से कोई कष्ट नहीं होता। संदेशखाली में गरीब, दलित, आदिवासी बहनों के साथ टीएमसी के नेताओं ने क्या-क्या किया है, इसकी चर्चा आज पूरे देश में हो रही है।

# आसिफ अली जरदारी बने पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति



- **देश के सर्वोच्च पद के लिए दूसरी बार लेंगे शपथ**
- **जरदारी को नेशनल असेंबली और सीनेट में 255 मत मिले**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी शनिवार को पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति के लिए हुए चुनाव में विजयी घोषित किए गए। दूसरी बार देश का सर्वोच्च पद संभालने जा रहे जरदारी इससे पहले 2008 से 2013 तक राष्ट्रपति रह चुके हैं। व्यवसायी से राजनेता बने जरदारी, पाकिस्तान की दिवंगत प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के पति हैं। निवर्तमान राष्ट्रपति डा. आरिफ अल्वी का स्थान लेने जा रहे जरदारी रविवार को शपथ ले सकते हैं। पाकिस्तान संविधान के प्रविधानों के अनुसार, नेशनल असेंबली और चार प्रांतीय असेंबली के नवर्निवाचित सदस्यों ने राष्ट्रपति चुनाव में मतदान किया। पीपीपी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के संयुक्त उम्मीदवार 68 वर्षीय जरदारी को नेशनल असेंबली और सीनेट में 255 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के प्रत्याशी 75 वर्षीय महमूद खान अचकजई को 119 मत मिले। सिंध विधानसभा में जरदारी को सर्वाधिक मत मिले। सिंध में उनकी पार्टी पीपीपी सत्ता में है।

# विकास के पथ पर अग्रसर चंदौली : योगी



- **पीएम मोदी के अगले कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा**

**आजमगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्वांचल में लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकते हुए शनिवार को आजमगढ़, जौनपुर, चंदौली का सघन दौरा किया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश में अंधकार युग था। हर तरफ अविश्वास का माहौल था, भारतीयों का गिरता सम्मान, घोटालों की लंबी श्रृंखला, अराजकता, नक्सलवाद और उग्रवाद भारत की नियति बन चुकी थी। आज आप जिस भारत को देख रहे हैं, वह नया भारत है। सीएम योगी ने कहा कि चंदौली विकास के मार्ग पर अग्रसर है और अब यह आकांक्षात्मक नहीं, विकसित जनपद होगा। चंदौली 27 साल पहले जिला बना था। सीएम योगी ने कहा कि इस नए भारत में यहां सुरक्षा की गारंटी है, संस्कृति का संवर्धन किया जा रहा है, देश आर्थिक समृद्धि का कीर्तिमान गढ़ रहा है। आजादी के शताब्दी वर्ष में विकसित भारत की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी की गारंटी देते हुए योगी ने कहा कि गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के दिया जा रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि जौनपुर में 899 करोड़ रुपये की 256 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया और नईगंज तिराहा स्थित पार्क में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने चंदौली में 743 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद बाबा कीनाराम मेडिकल कालेज जनता को समर्पित किया। सीएम योगी ने कहा कि सरकार समाज के हाशिए पर खड़े लोगों की आजीविका की पुख्ता व्यवस्था कर रही है। पीएम मोदी के अगले कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मुख्यमंत्री ने चंदौली और जौनपुर में 1642 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद जनसभाओं को संबोधित किया। विपक्ष पर जात पात की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए उन्हें परिवार मोह से ग्रस्त बताया। उन्होंने कहा कि पहले श्रीराम का नाम लेने पर डंडे पड़ते थे। आज लोग अयोध्या पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन कर रहे हैं। नया भारत प्रधानमंत्री मोदी के सच हुए सपनों का परिणाम है। यही कारण है कि जौनपुर में 35,00 करोड़ रुपये का निवेश आ रहा है। हर जनपद में अटल आवासीय विद्यालय खोले जा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि जौनपुर में 899 करोड़ रुपये की 256 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया और नईगंज तिराहा स्थित पार्क में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया।

उत्तर प्रदेश सरकार





विकसित भारत
विकसित उत्तर प्रदेश

₹34,700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास



आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट एवं अलीगढ़ एयरपोर्ट तथा चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट, लखनऊ के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण
(लागत : ₹3,628 करोड़)

महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ का लोकार्पण
(लागत : ₹108 करोड़)

₹11,500 करोड़ की 5 एनएच परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास
• एनएच-11 (पैकेज-2) के किमी 39.24 से किमी 86.59 तक मेरठ-नजीबाबाद खंड • एनएच-24 बी/एनएच-30 के रायबरेली-प्रयागराज खंड का 4 लेन चौड़ीकरण • एनएच-24 को एनएच-87 से जोड़ने के लिए 4-लेन वेस्टर्न स्पर रामपुर-रुद्रपुर खंड बाईपास • एनएच-2 का चकेरी से प्रयागराज खंड का 6 लेन चौड़ीकरण • एनएच-709 एडी के पैकेज-1 के पानीपत से शामली तक का 4 लेन चौड़ीकरण

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत
59 जनपदों में ₹3,700 करोड़ से 744 सड़कों (5,342 किमी) का लोकार्पण

₹8,200 करोड़ की 12 रेल परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास
• फरिहा-आजमगढ़-सठियांव खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • इन्दारा-फेफना-बुढ़वल खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • रोजा-सीतापुर कैंट-बुढ़वल खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • बनारस-झूसी खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • बलिया-बकुल्हा खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • भटनी-पिंवकोल बाईपास लाइन • भांडई-इटावा खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • बरहन-एटा खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • शिकोहाबाद-मैनपुरी एवं इटावा-मैनपुरी-फर्रुखाबाद खंड का विद्युतीकरण • बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड खंड का आमान परिवर्तन • गंगा नदी पर रेल पुल सहित गाजीपुर सिटी एवं गाजीपुर घाट से तारीघाट नई बड़ी लाइन • गाजीपुर सिटी-दिलदारनगर जंक्शन के मध्य रेल सेवा

नमामि गंगे के अंतर्गत ₹1,114 करोड़ की 3 सीवरेज परियोजनाओं का उद्घाटन
• प्रयागराज के झूसी में 16 एमएलडी, फाफामऊ में 14 एमएलडी एवं नैनी में 42 एमएलडी के एसटीपी प्लांट का अवरोधन, मरम्मत एवं दिशा परिवर्तन कार्य
• जौनपुर में 30 एमएलडी के एसटीपी का अवरोधन एवं दिशा परिवर्तन कार्य • इटावा में 45 एमएलडी क्षमता प्लांट के सीवर परियोजना का अवरोधन एवं दिशा परिवर्तन कार्य

लाइट हाउस परियोजना के अंतर्गत लखनऊ में 1,040 फ्लैट का लोकार्पण
(लागत : ₹131 करोड़, क्षेत्रफल : 47,827 वर्गमीटर, 13 मंजिला, 4 टावर)

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, मंत्री, भारत सरकार

केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | भूपेन्द्र सिंह चौधरी, सदस्य, विधान परिषद

सूर्य प्रताप शाही, मंत्री, उत्तर प्रदेश | ए.के. शर्मा, मंत्री, उत्तर प्रदेश | योगेन्द्र उपाध्याय, मंत्री, उत्तर प्रदेश | ओम प्रकाश राजभर, मंत्री, उत्तर प्रदेश | दारा सिंह चौहान, मंत्री, उत्तर प्रदेश | दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', सांसद, आजमगढ़

यशवंत सिंह, सदस्य, विधान परिषद | विजय बहादुर पाठक, सदस्य, विधान परिषद | विक्रांत सिंह 'रिशु', सदस्य, विधान परिषद | ध्रुव कुमार त्रिपाठी, सदस्य, विधान परिषद | रामसूरत राजभर, सदस्य, विधान परिषद

विकास के एक्सप्रेसवे पर ग्रामीण क्षेत्र एवं छोटे शहर
• एयर, रेल एवं राष्ट्रीय राजमार्गों के नेटवर्क से विकास की तेज रफ्तार • पक्की ग्रामीण सड़कें बनीं किसानों की समृद्धि का आधार
• बीपीएल परिवारों को किफायती आवास से गरिमापूर्ण जीवन • आजमगढ़ मंडल में स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा से विकास में भागीदार बने युवा

दिनांक : 10 मार्च, 2024 | समय : पूर्वाह्न 10:30 बजे | स्थान : मंदुरी एयरपोर्ट परिसर, आजमगढ़

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# श्री अन्न किसानों के लिए समृद्धि का द्वार, देश वासियों के पोषण की आधारशिला:अजय मिश्रा

अवधनामा, संवाददाता।

**लखीमपुर खीरी।** श्री अन्न के उपयोग, महत्व के संबंध में जागरूकता पैदा करने, कृषकों, एफपीओ की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को वंदन गार्डन में 'मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता' कार्यक्रम हुआ। इस भव्य कार्यक्रम में एक तरफ जहां श्रीअन्न के पोषक मूल्य खेती-प्रसंस्करण पर चर्चा हुई। वहीं दूसरी तरफ जिले के नामचीन होटल व रेस्तरां सहित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, स्वयं सहायता समूह एफपीओ एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी मिलेट्स व्यंजनों की कुकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। शनिवार को कृषि महकमे के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह संग दीप जलाकर किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र त्रिपाठी जीतू, अरविंद सिंह संजय, डीडी (कृषि) अरविंद मोहन मिश्रा सहित कृषि महकमें के अफसर मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि श्री अन्न समृद्धि व समग्र विकास का माध्यम बन रहा है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी लाभ मिलेगा। श्री अन्न देश के किसानों के लिए समृद्धि का द्वार, देशवासियों के पोषण की आधारशिला है। पीएम ने मिलेट्स, मोटा अनाज को श्री अन्न कहकर प्रतिष्ठा दी है। श्री अन्न समूची दुनिया के लिए महत्वपूर्ण कृषि उत्पाद है। पोषक तत्वों से भरपूर श्री अन्न की खेती को सामान्य भूमि में किया जा सकता है। इसमें फर्टिलाइजर की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होंने कहा कि डीएम के नेतृत्व में कृषि महकमें की पूरी टीम के प्रयासों के चलते रेसिपी का जो अनूठा प्रदर्शन यहां हुआ, वह काबिले तारीफ है।उन्होंने कहा कि भारत ने योगा, आयुर्वेद एवं मिलेट्स (श्री अन्न) से पूरे विश्व को परिचित कराया। दुनिया आज इसे हाथों हाथ ले रही है। मिलेट्स के प्रयोग से जहां हम बीमारियों से बच सकते हैं। वही इससे प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि होती है। यह स्वादिष्ट होने के साथ ही स्वास्थ्यवर्धक है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने विधायक योगेश वर्मा दम महेंद्र बहादुर सिंह के संग श्री अन्न व्यक्तिगत भोज्य पदार्थ, होटल/रेस्टोरेंट/कैटर्स भोज्य पदार्थ, समूह भोज्य पदार्थ, एफपीओ भोज्य पदार्थ और महाविद्यालय भोज्य पदार्थ के स्तर पर हुई प्रतियोगिताओं में अपनी रेसिपी के अनुसार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया। वही इंटरमीडिएट एवं स्नातक स्तर पर हुई श्री अन्न प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। रेसिपी प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में वाईडी कॉलेज की डॉ ज्योति पंत की अध्यक्षता में रॉयल प्रूडेंस कॉलेज डा0 अंशू वर्मा, गुरुनानक कन्या विद्यालय से श्रीमती शुभ्रा,कृषि वैज्ञानिक डॉ विसेन,डॉ सुहैल,डॉ विवेक पांडेय ने निभाई।

**डीएम ने किया आवाह्न, श्री अन्न उत्पादन के लिए आगे आए किसान-** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मिलेट्स आधारित उत्पादन के उपयोग से थाली में जो पोषक तत्वों का अभाव है, उसे पूरा किया जा सकता है। बीमारियों से लड़ने में श्री अन्न की बड़ी भूमिका है। उन्होंने डीडी कृषि के नेतृत्व में आयोजित श्री अन्न रेसिपी कार्यक्रम के विजेता और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। मौजूद किसानों से श्री अन्न उत्पादन के लिए आगे आने का आवाह्न किया।

**इनको मिला श्री अन्न रेसिपी के लिए खिताब**

होटल रेस्टोरेंट कैटर्स भोज्य पदार्थ प्रतियोगिता में अतिथि रेस्टोरेंट प्रथम, कंफर्ट इन द्वितीय, एलाइट इन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। समूह भोज्य पदार्थ में सरस्वती स्वयं सहायता समूह प्रथम, प्रगति स्वयं सहायता समूह द्वितीय विशाल स्वयं सहायता समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एफपीओ भोज्य पदार्थ में ट्राइम फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी प्रथम, इवायन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वितीय, सनराइज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय भोज्य पदार्थ में युवराज दत्त डिग्री कॉलेज ने प्रथम और रॉयल प्रूडेंस कॉलेज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। व्यक्तिगत भोज्य पदार्थ में आंगनबाड़ी सुमन श्रीवास्तव प्रथम प्रतिष्ठा वर्मा द्वितीय, उषा पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



**इन विद्यार्थियों ने श्री अन्न प्रश्नोत्तरी में किया शानदार प्रदर्शन, हुए पुरस्कृत**

श्री अन्न प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में इंटरमीडिएट वर्ग में गुरु नानक इंटर कॉलेज के तौसीफ खान प्रथम, जीआईसी के नुमान द्वितीय, मो. हुजैफा तृतीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्नातक वर्ग में वाईडी कॉलेज की आयुषी अग्रवाल प्रथम, आर्यकन्या डिग्री कॉलेज की मीनू यादव द्वितीय, शिवम रस्तोगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**कृषि वैज्ञानिकों ने बताएं श्री अन्न के फायदे**

कृषि वैज्ञानिक डॉ पीके बिसेन और डॉ विवेक पांडेय, डॉ सुहेल ने कृषकों को श्री अन्न के उपभोग के फायदे बताते हुए अवगत कराया गया कि विश्व पटल पर आज श्री अन्न के उपभोग में वृद्धि हो रही है। श्री अन्न में प्रचुर मात्रा प्रोटीन, फाइबर होता है जिसके उपभोग से कई बडी-बडी बीमारियों जैसै शुगर, उच्च रक्त चाप, मोटापा आदि से बचा जा सकता है। कृषकों को श्री अन्न के उपभोग एवं उत्पादन के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि श्री अन्न शरीर को स्वस्थ्य रखने के सबसे सस्ते साधन है इनके सेवन से इंसान तमाम प्रकार की बीमारी से बचा जा सकता है।

**कृषकों के आकर्षण का केंद्र बने मुन्ना जादूगर**

कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नामचीन मुन्ना जादूगर कृषकों के आकर्षण का केंद्र रहे। मुन्ना जादूगर ने अपने जादू के जरिए किसानों को खेती-किसानी के साथ-साथ श्री अन्न के फायदे बताते रहे। इस दौरान उन्होंने किसानों का खूब मनोरंजन किया।

**खीरी से कृषक दल उत्तराखंड रवाना, केंद्रीय मंत्री ने दिखाई झंडी, किया रवाना**

शनिवार को जिला मुख्यालय से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह संग उप्र 'श्रीअन्न पुनरुद्धार योजना' के अंतर्गत कृषि विभाग की अगुवाई में 50 कृषकों के दल को श्रीअन्न तथा अन्य कृषि संबंधी नवीनतम तकनीक की जानकारी के लिए गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर एवं विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा के लिए बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।
जनप्रतिनिधियों एवं अफसरो ने इस जानकारीवर्धन भ्रमण के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वहां प्रदान की जाने वाली कृषि उपयोगी जानकारी का अनुश्रवण करते हुए अन्य किसानों को भी प्राप्त जानकारी का आदान-प्रदान करने का संकल्प ले।

# केंद्रीय मंत्री ने किया पोषण पखवाड़े का शुभारंभ

अवधनामा, संवाददाता।



**लखीमपुर खीरी।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह संग बाल विकास पुष्टाहार के स्टॉल पर पहुंचकर पोषण पखवाड़े का दीप जलाकर शुभारंभ किया। डीपीओ भारत प्रसाद ने बताया कि 09 मार्च से 23 मार्च तक 'पोषण पखवाड़ा' चलेगा। प्रधानमंत्री जी द्वारा पोषण अभियान का शुभारम्भ बच्चों और महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार हेतु किया गया है। पोषण स्तर में सुधार हेतु सही पोषण सम्बन्धी व्यवहार के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जन आन्दोलन और सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन आवश्यक है। इस हेतु 'पोषणपखवाड़ा' प्रत्येक वर्ष माह मार्च में आयोजित किया जाता है।

# वेलफेयर एसोसिएशन के नवगठित मंत्रिमंडल का शपथ समारोह का किया गया आयोजन



अवधनामा, संवाददाता।

**मोहम्मदी खीरी।** क्षेत्र में पिपरिया कप्तान के गेस्ट हाउस पर वेलफेयर एसोसिएशन के नवगठित मंत्रिमंडल का शपथ समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि नपाप अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, एसडीएम डॉ अवनीश कुमार,सी ओ अरुण कुमार सिंह और निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक असलम राजा ने किया।शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया जिसमें अध्यक्ष शिवम राठौर महामंत्री तनवीर सिद्दीकी समेत मंत्रिमंडल को मुख्य अतिथि ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई है। जिसके बाद सभी ने संयुक्त रूप से संतोष कुमार पांडे, मुजीब अहमद सिद्दीकी, योगेश कुमार श्रीवास्तव और रजनीश सिंह के नाम से बनाए गए मार्ग का ऑनलाइन शुभारंभ किया है। इस मौके पर पलविंदर सिंह, बबली सिंह, समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नाबालिग मंदबुद्धि लड़की के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी दबोचा

अवधनामा, संवाददाता।



**सहारनपुर।** नाबालिग व मंदबुद्धी लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त थाना कुतुबशेर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसएसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रूपये का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुलिस लाईन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि 06 मार्च को एक व्यक्ति ने अपनी 9 वर्षीय नाबालिग व मंदबुद्धी पुत्री के साथ अज्ञात अभियुक्त द्वारा दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना कुतुबशेर पर मुकदमा पंजीकृत कराया था।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने तत्काल घटना का संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी को दिश-निर्देश दिये थे। थाना कुतुबशेर प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर के नेतृत्व थाना कुतुबशेर पुलिस टीम ने विवेचना में प्रकाश में आये अभियुक्त राजेश उर्फ राज्जा पुत्र देशराज निवासी ग्राम कोलागढ थाना कुतुबशेर को मुखबिर की सूचना पर गेहू के खेत जंगल ग्राम चकादमपुर से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर, अतिरिक्त निरीक्षक गिरीश चन्द्र, उपनिरीक्षक सचिन पूनिया, हैड कांस्टेबल सतेन्द्र कुमार, सचिन व आशीष शामिल रहे।

# जिला बदर के घर नोटिस चस्पा कर कराई मुनादी

अवधनामा, संवाददाता।



**सहारनपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस ने कमर कस ली है। सरसावा पुलिस ने गुंडा एक्ट में निरुद्ध आरोपी को जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर जिला बदर कर दिया। आरोपी के घर पर जिला बदर का नोटिस चस्पा कर क्षेत्र में मुनादी कराई गई। थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव सौराना निवासी सूरज उर्फ गुल्लू पुत्र शिवचरण के विरुद्ध अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा गुंडा एक्ट की कार्यवाही की गई है। आदेश का अनुपालन कराते हुए शनिवार को थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय ने पुलिस टीम के साथ गांव सौराना स्थित आरोपी सूरज के घर पहुंचे। और उसके मकान पर नोटिस चस्पा किया। साथ ही ढोल बजवाकर मुनादी कराते हुए लाउडस्पीकर के माध्यम से चेताया कि आरोपी सूरज को 6 माह के लिए जनपद की सीमा से बाहर किया गया है। 6 माह के भीतर अभियुक्त जनपद की सीमा में कही भी दिखाई दिया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। थाना प्रभारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अभियुक्त को किसी रिश्तेदार या आस पड़ोस के लोगों ने पनाह दी तो उसके विरुद्ध भी सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# एन एस एस विशेष शिविर के छठवें दिन की कार्य योजना का योगाभ्यास

अवधनामा, संवाददाता।

**लखीमपुर खीरी।** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एन एस एस विशेष शिविर के छठवें दिन की कार्य योजना का शुभारम्भ, योगाभ्यास, ईश वंदना तथा लक्ष्य गीत के साथ हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा ने एन एस एस स्वयंसेवकों तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय बाजपेई के समस्त स्टाफ को मतदाता जागरुकता शपथ दिलाई। ततपश्चात स्वयंसेवकों ने विद्यालय के बच्चों को गणित, विज्ञान, शारीरिक शिक्षा व भाषा शिक्षण का सामान्य पाठ कराया।साथ आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बरो की जानकारी दी। इसी क्रम में शिविर में 'प्रदूषण नियंत्रण एवं कचरा प्रबंधन' पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते हुए प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा ने मानव जीवन के साथ-साथ अन्य जीव-जन्तुओं पर प्रदूषण से हो रहे दुस्प्रभाव, ग्लोबल वार्मिंग, रासायनिक व इलेक्ट्रॉनिक कचरा की समस्या के बारे में जानकारी दी। मुख्य वक्ता के रुप में महाविद्यालय के रसायन विभागाध्यक्ष डा0 मोहमद नजीफ ने प्रदूषण नियंत्रण एव कचरा प्रबंधन पर चर्चा करते हुए वायु, जल एंव मृदा प्रदूषण के कारण एंव समाधान के उपाय बताये तथा कचरा प्रबंधन का त्रिविध फार्मूला 'थ्री आर- रीड्यूज, रीयूज तथा रीसाइकलिंग अर्थात प्राकृतिक संसाधनों का कम से कम प्रयोग कर दोबारा उन्हें उपयोगी बनाकर संसाधनों के पुनर्चक्रण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।गोष्ठी में विज्ञान शिक्षिका श्री मती रुबी मिश्रा ने पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के व्यवहारिक एंव सरल उपाय बताये तथा दैनिक जीवन में इन उपायों को व्यवहार व आदत में लाने के लिए प्रेरित किया । द्वितीय सत्र मे स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मेरा पहला वोट देश के लिए की थीम पर जागरूकता रैली निकाली और बाजपेई ग्राम के मतदाताओं को जागरूक किया।

**ईश वंदना तथा लक्ष्य गीत के साथ हुआ शुभारम्भ**



# महाशिवरात्रि के पर्व पर जिलों में लगे जयकारे



अवधनामा, संवाददाता।

महाशिवरात्रि अवसर पर पुरे जनपद मे बम बम भोले तथा हर हर महादेव के जयकारे के साथ पूरा माहौल शिवमय रहा। महिलाओं ने मंगल गीत गाया।इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

नवाबगंज विकास खंड के नगर से मनकापुर रोड पर स्थित सिरसा गांव के प्राचीन शिव मंदिर से शुक्रवार की रात्रि में गाजे बाजे के साथ शिव बारात निकाली गई।शिव बारात मंदिर से शुरू होकर शुगर मिल कलोनी होते हुए कटी तिराहे के मंदिर पर पहुंच कर समापत हुई। शिव बारात में भगवान शिव तथा नंदी की अद्भुत झांकी सजाई गई थी।जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो रहे थे। शिव बारात के मंदिर पर पहुंचते ही पारंपरिक तरीके से महिलाओं तथा शिव भक्तों ने भगवान शिव का परछावन किया। इसके बाद बारात वापस सिरसा मंदिर पर लौट आई जहां पर शिव पार्वती के विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। इस दौरान आयोजकों की तरफ से मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।शिव बारात में डाक्टर अनूप तिवारी ने भगवान शिव का तथा शुभम् पाठक ने नंदी के रूप में रहे।

कार्यक्रम में सभासद आशीष पाठक ,आशू तिवारी,श्याम त्रिपाठी, पूर्व सभासद विक्की सिंह,भाजपा नेता मुकेश सिंह, विवेक तिवारी,सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, रोहित जायसवाल,सुमित पाठक, हैप्पी पांडेय, पप्पू जायसवाल, रोहित जायसवाल दीपू पाठक,अंशू सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे।

वही कटराशिवदयालगंज तिराहे पर भी शिवबारत निकाली गई नगर के रामलीला मैदान मे महाशिवरात्रि पर छ जोडो की शादी भी कराई गया जिसमे मनकापुर भाजपा विधायक रमापति शास्त्री नगरपालिका अध्यक्ष डा सत्येंद्र सिंह ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया इस दौरान संजय बंसल संजय श्रीवास्तव अविनाश चंद्र श्रीवास्तव सोनू गुप्ता अशोक कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मतदाता साक्षरता क्लब के वर्कशॉप का हुआ शुभारंभ

अवधनामा, संवाददाता।



**गोंडा।** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर गोंडा में स्वीप योजना अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु÷ मैं हूं ना÷ कार्यक्रम के तत्वाधान में वार्ड स्तर पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाए जाने व अर्ह व्यक्तियों के पंजीकरण कार्यक्रम के तहत जिला विद्यालय निरीक्षक गोंडा राकेश कुमार ने लोगों को जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में गठित मतदाता साक्षरता क्लब के वर्कशॉप का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया। अपने संबोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने कहा कि देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए हमे शत-प्रतिशत मतदान पर बल देना होगा। हमारा लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब हम ईमानदार व चरित्रवान लोगों को चुन कर सदन भेजें। जिस दिन ऐसा होगा उस दिन देश विकास के पथ पर स्वत÷ अग्रसर होगा। उन्होंने छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने आस-पास के लोगों को आवश्यक रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करें, ताकि अधिक से अधिक मतदान होने से अच्छे लोकतंत्र की स्थापना हो सके।
विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहां कीहमें मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करना चाहिए। मतदान हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है,और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य भी। मतदान से सही सरकार चुनें और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें। इस लोक महोत्सव हमारी सक्रिय भूमिका होनी चाहिए। इसका निर्वाह मतदान से हो सकता है। कार्यक्रम में पशु चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा, आनंद कुमार पांडेय , डॉक्टर पदमनाथ पांडेय , साधना सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया। स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना सौम्या मिश्रा शौर्य मिश्रा और अनुष्का पांडेय ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार ने किया। इस दौरान विद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न भूतों के बूथ लेवल अधिकारी दुर्गा चौहान, आशा सोनी, चंदन कुमार, विश्वनाथ और सुपरवाइजर वेद प्रकाश मतदाता सूची के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर राकेश कुमार शुक्ला, अनिल सिंह, रंजीत कुमार, उमेश चंद्रगुप्त, अमित वर्मा, पवन कुमार सिंह, पंकज सिंह, रघुनाथ द्विवेदी, धीरेंद्र प्रताप सिंह, महेश मिश्रा, सतीश कुमार, रामेश्वर प्रताप सिंह, सुरेंद्र यादव, नीलम उपाध्याय, ज्योति चौहान, शिखा पाठक, गायत्री विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# किशन खेड़ा को सात विकेट से मात देकर दूल्हा राय गढ़ी बनी विजेता

**स्वतंत्र प्रभार राजयमंत्री ने हाईटेक नर्शरी का किया शिलान्यास!**

अवधनामा, संवाददाता।



**सतांव,रायबरेली।** ब्लॉक क्षेत्र के गुरबक्श गंज गन्ना काँटा मैदान में आयोजित हो रही पण्डित दीन दयाल उपाध्याय स्मृति अंतरप्रान्तीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाईनल मैच शुक्रवार को गढ़ी दूलारॉय और किशुनखेड़ा ऊँचाहार के मध्य खेला गया। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थिति रहे स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह का कार्यक्रम के आयोजक पूर्व ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह ने अपनी पूरी टीम के साथ पुष्प माल्या अर्पण कर वह प्रतीक चिन्ह देकर मंत्री जी का जोरदार स्वागत किया ।इस अवसर पर हजारों की भीड़ को संबोधित करते हुए मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा ऐसे कार्यक्रमों को करने से क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा मिलती है और आगे जाकर वही युवा जिले,प्रदेश व देश का नाम रोशन करते है।वही स्वतन्त्र मंत्री जी ने सतांव के गौरा पार्वती मेला परिसर में 2करोड़ की लागत से बनने वाली हाईटेक नर्सरी का शिलान्यास भी किया

वही कार्यक्रम के आयोजक पूर्व ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह ने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साल दर साल प्रतियोगिता को और बेहतर करने का प्रयास करेंगे फाइनल मुकाबला निर्धारित 15-15 ओवरों का खेला गया।टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी किशुनखेड़ा की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 9 विकेट खोकर 131 रन का लक्ष्य रखा 132 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गढ़ी दूलारॉय के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 9.1ओवरों में ही निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर लिया। 23 गेंद में 49 रन की ताबड़तोड़ पारी खेल कर अपने टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचने वाले प्रफुल्ल यादव को मैन ऑफ द मैच व पूरी सीरीज में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उन्हें मैन ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया ।मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने विजेता टीम के कप्तान को 201000 रुपये की चेक व विजेता ट्राफी और उपविजेता टीम के कप्तान को 121000 रुपये की चेक और ट्रॉफी प्रदान की।प्रफुल्ल यादव को मैन ऑफ द सीरीज के उपहार स्वरूप हीरों मोटर साईकिल प्रदान की गई इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्ण जीवन तिवारी राजनारायण तिवारी प्रधान संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि वरिष्ठ समाजसेवी राजेश बाजपेई भाजपा जिला उपाध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह,उदयभान सिंह केडी सिंह,राकेश सिंह, विनय कोरी पिंटू शर्मा कमेटी के सभी सदस्य हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सरकार कृषकों के प्रति संवेदनशील: बृजेश सिंह

**कृषकों के खातों में 01 करोड़ 03 लाख 58 हजार 09 रुपए की राहत राशि स्थानांतरित**

अवधनामा, संवाददाता।



**सहारनपुर।** राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह की अध्यक्षता तथा जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी एवं जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र की उपस्थिति में ओलावृष्टि से प्रभावित कृषकों को राज्य आपदा मोचन निधि एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि से कृषि निवेश अनुदान राहत राशि का वितरण किया गया।
कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि सरकार किसानों प्रति संवेदनशील है। इसी का परिणाम है कि जनपद में ओलावृष्टि के कारण जिन कृषकों की फसलों को क्षति हुई थी उनके खातों में 01 करोड़ 03 लाख 58 हजार 09 रुपए की राहत राशि स्थानांतरित की गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे कृषक जिनकी फसलों को क्षति हुई है और राहत राशि नहीं मिली है उनके लिए लेखपालों के माध्यम से सर्वे कराया जा रहा है। प्रत्येक पात्र को लाभ दिलाया जाना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, उपजिलाधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहे।

# मुन्ना लाल कालेज की एनएसएस ईकाई के शिविर का शुभांरभ

**सहारनपुर।** मुन्नालाल और जय नारायण खेमका गर्ल्स डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर पंकज छाबड़ा ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है। समाज को जागृत करने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मेजर पंकज छाबड़ा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया। शिविर की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की गीत की प्रस्तुति किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर पंकज छाबड़ा ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में महिलाओं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है।

# विकसित भारत की यात्रा में शिक्षकों का योगदान अवर्णनीयः डॉ. राजेश्वर



**डॉ. राजेश्वर ने पूर्व में 10 कंप्यूटर प्रदान कर स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में स्थापित डिजिटल लैब का किया उद्घाटन**

**लखनऊ।** भविष्य डिजिटल साक्षरता का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ निरंतर डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा दे रहे हैं। 2014 में मात्र 25 करोड़ इंटरनेट यूजर्स थे जो वर्तमान में बढ़कर 90 करोड़ हो चुके हैं, भारत डेटा कंजप्शन में शीर्ष स्थान पर है। उच्च शिक्षा में बेटियों की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है, ये ओजस्वी वक्तव्य हैं सरोजनीनगर के भाजपा विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के, जो उन्होंने शनिवार को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में आयोजित टैबलेट वितरण कार्यक्रम के दौरान कही।

युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु सीएम योगी द्वारा चलायी जा रही महत्वाकांक्षी डीजी शक्ति योजना के अंतर्गत पुष्पेंद्र नगर स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में डॉ. राजेश्वर सिंह ने 87 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित कर सम्मानित किया। साथ ही उनका मार्गदर्शन कर डिजिटल साक्षरता की महत्वता पर प्रकाश डाला। पूर्व में डॉ. राजेश्वर सिंह ने महाविद्यालय को 10 कंप्यूटर प्रदान कर डिजिटल लैब की स्थापना करवाई थी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने डिजिटल लैब का अवलोकन भी किया और बेटियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। विद्यालय में सुविधाओं के प्रसार हेतु विधायक निधि से 10 लाख की धनराशि उपलब्ध कराने एवं सड़क निर्माण हेतु आश्वस्त किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने समाज के सशक्तिकरण और राष्ट्र की उन्नति में शिक्षकों की भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक एक दीपक की तरह होते है जो स्वयं को प्रज्जवलित कर विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है इसमें शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

आज शिक्षक बच्चों को डिजिटली साक्षर उन्हें सशक्त बना रहे हैं। कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक मोहन सिंह, डायरेक्टर सुरिंदर कौर, डिप्टी मैनेजर संजय मिश्रा समेत महाविद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# मान्यता प्राप्त पत्रकार प्रेस क्लब की बैठक में नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

अवधनामा संवाददाता



**राजेश शर्मा जिला अध्यक्ष, कैलाश नाथ द्विवेदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रदीप वर्मा बने जिला महामंत्री**

**सिद्धार्थनगर।** मान्यता प्राप्त पत्रकार प्रेस क्लब की एक आवश्यक बैठक शनिवार को मुख्यालय स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। जिसमें संगठन के विस्तार व पत्रकारों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। संघ के निवर्तमान जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार एमपी गोस्वामी द्वारा अध्यक्षता करते हुए सर्वसम्मत से राजेश शर्मा को जिला अध्यक्ष, कैलाश नाथ द्विवेदी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रदीप वर्मा को जिला महामंत्री घोषित किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार व संघ के संरक्षक बीपी त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों को एकजुट होने की आवश्यकता है। जिससे किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर हम अपनी बात शासन-प्रशासन से कह सकें। वरिष्ठ पत्रकार व संघ के संरक्षक सुनील मिश्र ने कहा कि कोई भी संगठन तभी मजबूत होता है, जब उसके पदाधिकारी व सदस्य आपसी सहमति व विचार-विमर्श से कार्य करते हैं।

अंत में संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष एमपी गोस्वामी ने दो वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक सम्पन्न करने पर सबका आभार प्रकट किया। उन्होंने प्रेस क्लब विस्तार को लेकर अध्यक्ष पद पर राजेश शर्मा एवं महामंत्री पद पर प्रदीप वर्मा का नाम प्रस्तावित किया, जिस पर सारे संरक्षक मंडलों ने अपना मोहर लगाते हुए जिलाध्यक्ष के पद पर राजेश शर्मा व महामंत्री पद पर प्रदीप वर्मा को निर्वाचित किया गया। इस दौरान संरक्षक मंडल के वेद प्रकाश राहुल श्रीवास्तव, अरविंद झा, रईस अहमद व उपस्थित पत्रकारों की सहमति से कैलाशनाथ द्विवेदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कृपाशंकर भट्ट उपाध्यक्ष, प्रदीप सिंह वरिष्ठ मंत्री, सलमान नफीस व रणजीत कुमार कसौधन मंत्री, विक्रांत श्रीवास्तव वरिष्ठ संगठन मंत्री, संदीप मद्धेशिया संगठन मंत्री, मनोज श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, संप्रेक्षक नफ़ासत रिज़वी, मीडिया प्रभारी बाल मुकुंद त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में ब्रह्मदिन वरुण व मनोज चौबे को मनोनीत किया गया।

# अली ज़ायर ज़ैदी पुनः बने अध्यक्ष

## अंजुमन नासिररूल ईमान द्वारा चुनाव संपन्न कराया गया



अवधनामा संवाददाता

**पिहानी, हरदोई।** दिनांक 9 मार्च को अंजुमन नासिररूल ईमान पिहानी द्वारा चुनावी प्रक्रिया मदरसा हमीदुल मदारिस में संपन्न कराई गई।

रिटेनिंग ऑफिसर/प्रधानाचार्य के अनुसार आज की इस चुनावी कार्यवाही में सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया, और कोरम पूरा हुआ। इस चुनाव में अली जायर ज़ैदी को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया, वहीं इस चुनाव में वसीम फातिमा को उपाध्यक्ष चुना गया, तथा अफरोज हुसैन को कोषाध्यक्ष चुना गया, श्री अली ज़ायर जैदी ने अध्यक्ष का पदभार संभालते ही आश्वासन दिया कि संस्था के अधीन मदरसा हमीदुल मदारिस में कंप्यूटर शिक्षा प्रारंभ की जाएगी तथा कौशल विकास एवं कई और कोर्सेज भी संचालित किए जाएंगे। जिससे छात्रों को मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

# जश्ने इंतेजार में पढ़े गये बेहतरीन शेर

अवधनामा संवाददाता



**कौशाम्बी।** नगर पंचायत करारी स्थित नयागंज वार्ड के जैनब वेला में इमाम हुज्जत यूथ ऑर्गनाइजेशन के तत्वावधान में जश्ने इंतेजार महफिल का आयोजन किया गया। शुरुआत तेलावत ए कुरआन से मोहम्मद जवाद ने किया। कार्यक्रम में मौलाना वसी हसन खान ने तकरीर की और उसके बाद मुकामी व गैर मुकामी शायरों ने अपने कलाम पेश कर वाह वाही बटोरी। शुक्रवार की रात कस्बे में आखिरी इमाम हजरत मोहम्मद महदी अलैहिस्सलाम की शान में महफिल का आयोजन किया गया। तेलावत के बाद मौलाना वसी हसन खान ने तकरीर कर इमामे जमाना के प्रदाये गैब में रहने की वजह बताई और कहा कि जब अल्लाह का हुक्म होगा तो आप परदा ए गैब से निकलकर जुल्मो जौर से भरी दुनिया को अदलो इंसाफ से भर देंगे। जुल्म का खात्मा होगा दुनिया में इंसाफ का राज होगा। तकरीर के बाद शुरू हुआ तरही शेरो शायरी का दौर। महफिल में सबसे पहले जमीर भोपतपुरी ने नाते पाक पढ़कर शुरुआत की। उन्होंने पढ़ा-सिदरा तलक मलक गया कौसैन तक बशर, जिब्रील से भी आगे है रिफअत रसूल की। बेताब करारवी ने पढ़ा-जब कभी दामने मजहब पा गुबार आ जाये, कैसे फिर दीन के वारिस को करार आ जाये। इसके बाद हिन्दोस्तान के मशहूर शायर मीर नजीर बाकरी ने जब अपना कलाम पेश किया तो मौजूद लोग वाह वाह कर उठे। उन्होंने पढ़ा-उनको देखें तो बसारत में निखार आ जाये, राह तकती हुई आंखों को करार आ जाये। इसके बाद रौशन करारवी ने पढ़ा-हर तरफ से है खेजां ने मेरा गुलशन घेरा,तुम जो आ वो तो गुलिस्तां में बहार आ जाये। आजम सुल्तानपूरी ने भी बेहतरीन कलाम पेश किया। उन्होंने पढ़ा-मैंने अश्कों से भिगो रक्खे हैं सारे रास्ते, गैर मुमकिन है कि रस्ते में गुबार आ जाये। कार्यक्रम का संचालन अनीस जायसी ने किया। इस मौके पर मौलाना सैयद जमीर हैदर रिजवी, मौलाना सैयद हैदर अली जैदी, मीर मन्नू, नजमी,जफर अड़हरावी, अब्बास सिरसी,आबिद रिजवी, अबुजर और हसन इलाहाबादी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। आयोजक इरतिजा हुसैन रिजवी ने आये सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

# थाना समाधान दिवस में आश्वासन की घुटी पीकर निराश लौटे 14 फरियादी

## राजस्व से संबंधित किसी भी मामले का नहीं हो सका निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** शनिवार को अहिरौली बाजार थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 14 मामले राजस्व से संबंधित आए और एक भी मामले का मौके पर एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। जहां आम नागरिकों को त्वरित और एक मंच पर न्याय दिलाने के लिए आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की फरियाद साहब के दर पर पहुंचते ही दम तोड़ दे रही हैं। थाना समाधान दिवस में आए अधिकांश मामलों में निस्तारण नहीं होने से फरियादी मायूस होकर वापस लौट रहे हैं। फरियाद के निस्तारण नही होने पर निराश फरियादी अश्वासन की घुटी पीकर वापस लौट गए।माह के दूसरे शनिवार को अहिरौली बाजार थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल 14 फरियादी हाटा तहसीलदार नरेंद्र राम के समक्ष अपनी फरियाद लेकर पहुंचे जिसमें सभी मामले राजस्व से संबंधित थे। मौके पर एक भी मामलों का निस्तारण तो नहीं हो सका लेकिन उन्हें आश्वासन की घुट्टी देकर वापस भेज दिया गया।जहां शासन द्वारा राजस्व के मामलों में पारदर्शी तरीके से निस्तारण कराने का निर्देश दिया जाता है। वहीं अपने राजस्व से संबंधित मामलों में न्याय पाने की उम्मीद लेकर शनिवार को थाना समाधान दिवस में हाटा तहसीलदार नरेंद्र राम के समक्ष अपनी फरियाद लेकर पहुंचे जहां पर उन्हें अश्वासन देकर वापस भेज दिया गया। त्वरित न्याय न मिलने फरियादियों को निराश हो कर बेदरंग वापस लौटना पड़ा। इस संबंध में थानाध्यक्ष अहिरौली बाजार मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि कुल 14 मामले आए थे जो सभी राजस्व से संबंधित थे पुलिस के एक भी मामले नहीं थे एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। इस दौरान हाटा तहसीलदार नरेन्द्र राम थानाध्यक्ष अहिरौली मनोज कुमार वर्मा वरिष्ठ उपनिरीक्षक सभाजीत सिंह उपनिरीक्षक अमीन अहमद उमेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी व राजस्वकर्मी उपस्थित रहे।

# इंटरलॉकिंग व साइट बॉल में पुरानी ईट से कार्य



**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** विकासखंड राजेपुर की ग्राम पंचायत बिलालपुर तुर्खटा के ग्राम प्रधान पति द्वारा प्रेमपाल के दरवाजे से सोनू के मकान तक नाली व इंटरलॉकिंग का कार्य करवाया जा रहा है जिसमें पुरानी व घटिया किस्म की ईंट का प्रयोग किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में अक्रोश है। ग्रामीणों द्वारा सूचना मीडिया को दी गई। पत्रकारों ने गांव में पहुंच कर देखा की प्रधान पति साइट बॉल में पुरानी ईटों का प्रयोग कर रहे हैं। जब इस संबंध में पंचायत सचिव राजीव कुमार सुमन से जानकारी की गई। तो उन्होंने कहा कि हम अवकाश पर चल रहे हैं। इसकी जानकारी खंड विकास अधिकारी को दे दीजिए। जब खंड विकास अधिकारी से दूरभाष पर संपर्क किया गया। तो खंड पदाधिकारी का फोन बंद मिला। इसके बाद यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा को दी गई। तो उन्होंने जांच कर कार्रवाई करने का अश्वासन दिया।

# ने.यु.के. की ओर से नारी शक्ति फिटनेस दौड़ का आयोजन

**लार, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** महिलाओं के बीच खेल संस्कृति, खेल कौशल, फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए नेहरू युवा केन्द्र की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के परिप्रेक्ष्य में नारी शक्ति फिटनेस दौड़ का आयोजन शनिवार को स्वामी देवानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मठ लार में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक देवव्रत पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य ब्रहमानन्द सिंह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य ब्रहमानन्द सिंह ने इस वर्ष महिला दिवस की थीम इन्वेस्ट इन विमेन एक्सेलरेट प्रोग्रेस के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि महिलाओं के बीच नियमित शारीरिक गतिविधि को बढ़ाना, फिटनेस के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना, जिससे महिलाओं के स्वास्थ्य, आत्म विश्वास और समग्र कल्याण में सुधार हो सके। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक देवव्रत पाण्डेय ने बताया कि नारी शक्ति फिटनेस दौड़ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने और भारत के विकास में स्वस्थ और फीट महिलाओं की भूमिका को दोहराने की अगली कड़ी है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके समग्र कल्याण के लिए नियमित शारीरिक गतिविधि के बारे में जागरूक करना और विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विद्यार्थी परिषद द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बच्चों द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया जिसमें



बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मौजूद लोगों का मन मोह लिया। उपस्थित जनसमुदाय ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुतियां दे रहे बच्चों की सराहना करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं की सराहना की। उपस्थित जनसमुदाय ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से महिलाओं के प्रति लोगों के लिये एक नया संदेश उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए जाएगा। अखिल विद्यार्थी परिषद के सत्यम याज्ञिक, अनूप दीक्षित आदि कार्यकर्ताओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर देव नगर चौराहे पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में बच्चों द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए ।महिलाओं की सुरक्षा को लेकर समाज को एक नया संदेश दिया गया। महिलाओं की सुरक्षा तथा सम्मान के लिए सभी लोगों को आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए तो वहीं महिलाओं को भी स्वयं जागरूक होकर आगे बढ़ना चाहिए। सरकार भी महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर तमाम प्रकार के कानून बना रही है। अब महिलाओं को जागृत होने की जरूरत है ।इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के द्वारा किए गए कार्यक्रम की लोगों ने अत्यंत सराहना की। तथा जिन बच्चों ने नुक्कड़ नाटक कर प्रस्तुतियां दी उनकी भी प्रस्तुतियों को लोगों ने जमकर सराहा। नव्या, राधिका, महजवीन, अलिशा, नैन्सी, सना, निहारिका, अनुष्का, अकांक्षा, पूजा, मानसी, आशिका आदि छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक में मन मोहक प्रस्तुतियां दी।

# ब्लॉक स्तरीय उन्मुख संगोष्ठी का आयोजन

**फर्रुखाबाद।** विकासखंड मोहम्मदाबाद में शनिवार को एक दिवसीय विद्यालय समितियां के अध्यक्षों प्रधानाध्यापकों एवं ग्राम प्रधानों के ब्लॉक स्तरीय उन्मुख संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर द्वारा मां सरस्वती चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया हुआ। शनिवार की संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य ग्राम प्रधान एसएमसी अध्यक्ष व ग्राम प्रधान के मध्य आपसी समन्वय स्थापित करना है। ग्राम प्रधान से स्कूलों के कायाकल्प करना व सुंदरीकरण करना है इसमें सभी के सहयोग से कायाकल्पवर्तन करना है। भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद्र शर्मा बीडीओ भारतीय शाक्य, यादुराज सिंह पाल समस्त आरपी कौशल दीक्षित प्रदीप चतुर्वेदी श्याम वर्मा धनपाल एवं शिक्षण संकुल कुलदीप निर्मल आदित्य निर्मल संतोष शर्मा, कश्मीर सिंह पाल विनोद पाल अनिरुद्ध प्रतिहार रविकांत तिवारी अभिषेक यादव भूपेंद्र तिवारी जयदीप गौर सुमित कुमार शाक्य सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।






# रामपुरा थाना पुलिस व जनप्रतिनिधि सद्भावना परिचय बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** रामपुरा थाना पुलिस एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि प्रतिष्ठित लोगों के साथ परस्पर परिचय व सद्भावना बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपेक्षा की है।

रामपुरा थाना के नवागंतुक थाना अध्यक्ष अर्जुन सिंह के आवाह्न पर थाना रामपुरा में क्षेत्र के संभ्रांत लोगों एवं ग्राम प्रधानों के साथ परस्पर परिचय व सद्भावना बैठक संपन्न हुई। थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह ने अपना परिचय देकर उपस्थित क्षेत्रीय लोगों एवं ग्राम प्रधानों से परिचय कर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का सहयोग करने की अपेक्षा की। उपस्थित सभी लोग समाज के बहुत जिम्मेदार एवं प्रतिष्ठित लोग हैं रामपुरा थाना क्षेत्र में शांति एवं सद्भावना रहे, कोई अपराध अथवा गैर कानूनी कार्य पुष्पित-पल्लवित ना हो सके इसके लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है एवं रामपुरा थाना पुलिस आपके सहयोग के लिए सदैव तत्पर है । थानाध्यक्ष अर्जुनसिंह ने कहा कि समाज में कुछ नई कुरीतियां एवं परस्पर सामाजिक दुर्भावनायें व्याप्त होती जा रही हैं इससे हमारे समाज का आपसी प्रेम व प्राचीन मर्यादा का तानाबाना छिन्न-भिन्न होता जा रहा है अतः हम सब मिलकर सुख-शांति व सुरक्षित जीवन के लिए सामाजिक मर्यादाओं व समसामायिक परम्पराओं को संरक्षित करके अपनों से बड़े वुजुर्गो का सम्मान कर गांव में होने वाले छुटपुट विवाद का सामाजिक स्तर पर ही निस्तारण करने का प्रयास करें जिससे लोगों में आपसी समरसता बनी रहे । इस अवसर पर चौकी प्रभारी जगम्मनपुर उप निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, चौकी प्रभारी ऊमरी उप निरीक्षक रामचंद्र, विजय द्विवेदी, शानू खान, कुलदीप, सौरभ कुमार, अंजनी कुमार सोनी, अंकित याज्ञिक, प्रदीप गौरव अंकित दीक्षित एवं जनप्रतिनिधियों में बालकराम प्रधान चंदावली, भानुप्रताप सिंह, भोदल सिंह प्रधान बिलौड, सत्येंद्र सिंह राठौर प्रधान हिम्मतपुर, शिववरन सिंह प्रधान महटौली, नरसिंह सेंगर प्रधान गुढा, हरेंद्र सिंह चंदेल, भानुप्रताप सिंह प्रधान कस्बा, देवेंद्र प्रधान पचोखरा, ओमप्रकाश प्रधान रामपुरा देहात, अरविंद सिंह परिहार प्रधान हनुमंतपुरा, दिनेश बाबू हिम्मतपुर सहित अनेक क्षेत्रीय प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर रूट डायवर्जन

**कुशीनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशीनगर आगमन के मद्देनजर एसपी धवल जायसवाल ने यातायात प्रतिबन्ध निम्नानुसार किया है। जिसमें कार्यक्रम में आने वाले वीआईपी/जनप्रतिनिधियों/आगन्तुकों के अतिरिक्त कोई अन्य प्राईवेट वाहन देवरिया मोड़, कार्यक्रम स्थल, माथा कुंवर मंदिर, मंदिर मुख्य गेट एवं बुद्धा डिग्री कालेज से लेकर झुंगवा सर्विस लेन तक के रुट पर सुबह 10 बजे से सायंकाल 6 बजे तक पूर्णत-प्रतिबंधित रहेगा। **पार्किंग व्यवस्थाः-** ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों एवं अन्य विभागीय कर्मियों के वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था सुविधानुसार निम्न प्रकार से की गई है- जे.के. पैलेस के बगल में खाली मैदान, लीलावती स्टेडियम, बुद्धा इ0का0 का मैदान, बुद्धा डिग्री कालेज का खाली मैदान, विरला धर्मशाला, पथिक निवास, कमला गेस्ट हाउस का मैदान, बुद्धा पार्किंग स्थल, उप डाकघर के बगल खाली स्थान, कार्यक्रम स्थल के सामने खाली खेत, अनिरुद्धवा गेट के पास श्री रामेश्वर के घर के बगल में स्थित खाली खेत, कार्यक्रम में आने वाले वीआईपी एवं महत्वपूर्ण जनप्रतिनिधियों के चारपहिया वाहनों की पार्किंग कार्यक्रम स्थल के पश्चिम दिशा में स्थित वीआईपी पार्किंग एवं पूर्व दिशा में स्थित वीआईपी पार्किंग में की जायेगी। कार्यक्रम में आने वाले आगन्तुकों के बसों की पार्किंग हेतु निम्नलिखित स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था की जायेगी। देवरिया मोड़ अनिरूद्धवा गाँव के पास स्थित गन्ना क्रेसर का खाली मैदान (देवरिया की तरफ से आने वाली बसों हेतु), हिरण्यवती नदी के किनारे मुक्तिधाम के पास खाली स्थान (देवरिया की तरफ से आने वाली बसों हेतु), होटल लीला गैलेक्सी का पार्किंग स्थल (देवरिया की तरफ से आने वाली बसों हेतु), प्रताप भोजनालय के पीछे एवं बगल में गन्ना क्रेसर का मैदान (फाजिलनगर व पडरौना की तरफ से आने वाली बसों हेतु), प्रताप भोजनालय के पीछे कृष्णा प्लाटिंग स्थल का खाली मैदान (फाजिलनगर व पडरौना की तरफ से आने वाली बसों हेतु), नवनिर्मित एयरपोर्ट का बाया लेन (गोरखपुर की तरफ से आने वाली बसों हेतु) देवरिया बार्डर से लेकर देवरिया अण्डर पास होते हुए झुंगवा तक हाईवे/सर्विस लेन एवं बुद्धा मन्दिर मुख्य गेट, कार्यक्रम स्थल, अनिरूद्धवा गेट से देवरिया मोड़ तक कोई भी वाहन किसी भी दशा में पार्क नही किया जायेगा।

# कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

## भाजपा सरकार में किसान, नौजवान, व्यापारी सभी वर्ग परेशान महंगाई, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर: पूर्व मंत्री राकेश वर्मा

अवधनामा, संवाददाता

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद के समर्थन में लोक सभा फैजाबाद-अयोध्या में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन फॉरएवर लॉन, सआदतगंज पर सम्पन्न हुआ जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जो विकास का कार्य किया जनता आज भी याद कर रही है। भाजपा सरकार में किसान, नौजवान, व्यापारी सभी वर्ग परेशान है। महंगाई, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जनता ने इस बार लोक सभा चुनाव में इण्डिया गठबन्धन में सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद को चुनाव जिताकर केन्द्र की सत्ता पर इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनेगी। विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े और दलितों का सबसे ज्यादा उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने कि बेरोजगारों को नौकरी न देना पड़े इससे पहले पेपर लीक हो जाता है। लोक सभा प्रत्याशी पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में बिना भेदभाव के सभी वर्गों के कल्याण के लिये काम किया है। पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय पवन ने कहा कि इस बार केन्द्र में इण्डिया गठबन्धन के तहत सरकार बनेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पीडीए को साथ लेकर चुनाव जीतेंगे। पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रूश्दी मियॉ ने कहा कि अखिलेश यादव की सरकार में जो भी विकास कार्य चल रहे थे वर्तमान सरकार ने उसे बन्द कर दिया। पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा ने कहा कि इस बार फैजाबाद से पीडीए को साथ लेकर हम लोग चुनाव जीतेंगे। बीकापुर विधान सभा प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार से आम जनता परेशान है उससे निजात चाहती है। महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के लिये कार्यकर्ताओं ने मन बना लिया है। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी को जीत हासिल होगी। सपा जिला प्रवक्ता चौ0 बलराम यादव ने बताया कि आज कार्यकर्ता सम्मेलन में लोक सभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के समर्थन इण्डिया गठबन्धन के सभी नेताओं ने चुनाव जिताने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद राम सागर रावत, वरिष्ठ नेता छेदी सिंह, छोटेलाल यादव, सरोज यादव, अनूप सिंह, हामिद जाफर मीसम, चौ0 बलराम यादव, अमित प्रसाद, राहुल सिंह, अनिल तिवारी, अनिल सिंह, शैलेन्द्र शुक्ला, रेनू वर्मा, राशिद सलीम घोषी, कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति, रितेश सिंह, हर्षवर्धन कोरी, दिलीप वर्मा, रामजी वर्मा, अवधेश गोस्वामी, रेनू राय, राशिद जमील, राजू वर्मा, सूरज निषाद, अफसर रजा रिजवी, खामा यादव, अजय रावत, जग्गू यादव आदि लोग मौजूद रहे।



लोकसभा प्रत्याशी व अतिथियों का माला पहनाकर कर स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी

# रन फॉर राम की तीन प्रतियोगिता

## दौड़ेगे 20 हजार धावक, 22 किलोमीटर की होगी रेस

अवधनामा, संवाददाता

**अयोध्या।** आध्यात्मिक नगरी अयोध्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगिक संगठन कीड़ा भारती, अयोध्या नगर निगम के साथ भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त तत्वावधान में 10 मार्च रविवार को लता मंगेशकर चौराहे के पास स्थित राम कथा पर्क से प्रातः 4 रन फार राम के नाम पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसमें 20000 प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन कर चुके है। रन फर राम में तीन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 3 किलोमीटर की प्रतियोगिता लता मंगेशकर चौराहे से प्रारंभ होगी साकेत पेट्रोल पंप पर पहुंचेगी और वहां से लता मंगेशकर चौक वापसी होगा। 10 किलोमीटर की प्रतियोगिता लता मंगेशकर चौराहे से प्रारंभ होगी उदय पब्लिक चौराहे तक जाएगी वहां से लता मंगेशकर चौराहे पर वापसी होगा और जो प्रतिभागी 22 किलोमीटर की दौड़ में भाग लेंगे वह पुराने पुल से कटरा तक जाएंगे और वहां से लता मंगेशकर चौक पर उनकी वापसी होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को 11000 से 150000 तक इनाम दिया जाएगा। प्रतियोगिता की पूर्व संध्या पर अयोध्या नगर निगम के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी तथा एसबीआई के महाप्रबंधक आर नटराजन की उपस्थिति में प्रतियोगिता का शुभारंभ कीनिया के धावक मैथ्यू तथा हिलेरी तथा सैकड़ो की संख्या में उपस्थित प्रतियोगियों को चेस्ट नंबर तथा टी शर्ट बांटकर किया गया। दौड़ में भाग लेने वाले प्रतिभागियों पर उनके टी-शर्ट पर चेस्ट नंबर अलर्ट होगा वहीं उनकी पहचान होगी। इस अवसर पर महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने बताया कि हमारे जीवन में प्रभु श्री राम का बहुत महत्व है अगर हम अपने जीवन में प्रभु श्री राम के आदर्शों को धारण कर लें तो इस धारा से सभी अनित कार्य नष्ट हो जाएंगे और अयोध्या में दौड़ की है पहली प्रतियोगिता होने जा रही है जिसमें देश ही नहीं बल्कि विदेश के धावक भी भाग ले रहे हैं यह अयोध्या और प्रभु श्री राम के गरिमा का प्रताप है। इस अवसर पर दिनेश खारा अध्यक्ष भारतीय स्टेट बैंक कॉर्पोरेट ऑफिस मुंबई, शरत सत्यनारायण चण्डकमुख्य महा प्रबंधक लखनऊ मंडल, अरुण कुमार साहू नेटवर्क - 1 लखनऊ मंडल महा प्रबंधक, आर नटराजन उप महाप्रबंधक लखनऊ, संजीव कुमार यादव क्षेत्रीय प्रबंधक अयोध्या अभिनव श्रीवास्तव मुख्य प्रबंधक मुख्य शाखा फ़ैज़ाबाद, गोविंद मिश्र मुख्य प्रबंधक अयोध्या शाखा, रघु राम सागर प्रबंधक संपर्क सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


टी-शर्ट लॉन्च करते महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व आयोजक

# अविवि द्वारा लगाए गए आउटरीच कैंप में ग्रामवासी जागरूक हुए

अवधनामा, संवाददाता

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के समाजकार्य विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा सिफ्सा के संयुक्त संयोजन में ग्राम डाभासेमर में आउटरीच कैम्प के पांचवे दिन शनिवार को गांव की महिलाओं, वृद्धों, किशोरियों एवं प्राइमरी स्कूली बच्चों को टीकाकरण के साथ बाल स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जागरूक किया गया। इस दौरान ग्राम वासियों को पर्यावरण संरक्षण, बच्चों की सुरक्षा व केंद्र और राज्य सरकार के सरकारी योजनाओं से भी अवगत कराया गया।कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने गांव वासियों को संतुलित आहार लेने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि एनीमिया से बचने के लिए अपने आहार में तिरंगा भोजन शामिल करें जिसमे नारंगी रंग में नारंगी और पीले फल दाल, सफेद रंग में दूध, दही, चावल, पनीर तथा हरे रंग में हरी साग सब्जी को शामिल करने से सदैव स्वस्थ्य रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने अपने आस-पास की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसी क्रम में समाजकार्य विभाग की शिक्षिका डॉ. प्रज्ञा पांडेय ने बच्चो को स्व-स्वच्छता के साथ गुड टच और बैड टच से जागरूक किया। इस कैंप में डॉ. प्रभात कुमार सिंह, प्राइमरी स्कूल की प्रधानाचार्य प्रियंका त्रिपाठी, सीमा तिवारी, स्वतंत्र त्रिपाठी, पल्लव पांडेय, सुमित पाण्डेय, प्रिया पाण्डेय, गौरव, प्रदीप, वात्सल्य, समृद्धि सिंह, साक्षी माथुर, रंजीत, अनुष्का, विमल, अंशिका रुचि पिंकी, अनुपमा, आकांक्षा व अन्य मौजूद रहे।


जागरूकता कैंप में मौजूद महिला व बच्चे

# बूथो का निरीक्षण कर अधिकारियों ने ली जानकारी

अवधनामा, संवाददाता

**महाराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने शनिवार को सदर तहसील में विभिन्न क्रिटिकल और वर्नेबल बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

जिसमें सबसे पहले घुघली क्षेत्र अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय बारीगांव पोलिंग बूथ का भौतिक सत्यापन किया और बूथ के संदर्भ में आवश्यक जानकारी ली।

तहसीलदार सदर अमित सिंह ने बताया कि विद्यालय में कुल 5 बूथ हैं, जिनमे 03 को क्रिटिकल बूथ की श्रेणी में रखा गया है। इसके उपरांत दोनो लोगों ने प्राथमिक विद्यालय शीतलापुर का निरीक्षण किया। विद्यालय के बाउंड्री वॉल के निर्माण हेतु ग्राम प्रधान को निर्देशित किया।



दोनो अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों से भी चर्चा की और बूथ पर आवश्यक व्यवस्था हेतु तहसीलदार सदर को निर्देशित किया।

दोनो अधिकारियों ने प्राथमिक विद्यालय करमहा को भी देखा और ग्राम प्रधान को बाउंड्री वॉल के मरम्मत सहित अन्य जरूरी कार्यों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर अमित सिंह को क्रिटिकल और वल्नरेबल पोलिंग बूथों सहित सामान्य बूथों के लिए निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार विद्यालय की सभी कमियों को ससमय दुरुस्त कराने का निर्देश दिया, ताकि चुनाव के समय कोई समस्या न होने पाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित थाना प्रभारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षा, चिकित्सा, सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मातृ शक्तियों को जननी शक्ति सम्मान से संस्था ने सम्मानित किया


महिला दिवस पर सम्मानित महिला शक्ति

## महिलाएं अपने कर्तव्यों के साथ हर क्षेत्र में कदम बढ़ा रही हैं- प्राचार्य मंजूषा मिश्रा

अवधनामा, संवाददाता

**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन बेनीगंज प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिक्षा, चिकित्सा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में मातृ शक्ति अपने कर्तव्यों के साथ-साथ समाज में भी उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं संस्था ने तीन महिला विभूतियों को नारी शक्ति सम्मान 2024 स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया साथ-साथ उपस्थित महिलाओं को भी प्रोत्साहन हेतु पट्टीका अंग वस्त्र भेंटकर मुख्य अतिथि एवं अतिथियों सहित संस्था अध्यक्ष ने सभी को सम्मानित किया। अध्यक्ष नेहा कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर मंजूषा मिश्रा प्राचार्य मनुचा डिग्री कॉलेज ने संस्था प्रेरणा स्रोत समाजसेविका स्वर्गीय श्रीमती शांति देवी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन नमन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया, मुख्य अतिथि प्रो. मंजूषा मिश्रा को माल्यार्पण एवं बैज लगाकर संस्था अध्यक्ष नेहा कुमारी ने स्वागत किया साथ ही विशिष्ट अतिथि उप निरीक्षक शिखा सिंह आर जे बी थाना को माल्यार्पण कर स्वागत श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव ने एवं डॉक्टर सोनी शर्मा को माल्यार्पण कर स्वागत किया श्रीमती मनोरमा साहू ने साथ ही अध्यक्ष नेहा कुमारी ने स्वागत उद्बोधन में सभी का स्वागत करते हुए उत्कृष्ट कार्य के लिए संरक्षक बसंत राम के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से ÷जननी शक्ति सम्मान 2024 ÷स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया एवं सभी का आभार व्यक्त किया। संरक्षक बसंत राम ने बताया कि संस्था मां जननी के नाम पर स्थापित है सामाजिक कार्य के साथ-साथ महिलाओं का सम्मान करना परम कर्तव्य है सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में जो भी ज्ञान दिया उनके विचारों से सभी लोग प्रेरित होकर समाज में अच्छी दिशा में कार्य करेंगे सम्मान व प्रेम से बढ़कर समाज एवं जीवन में कुछ भी नहीं। कार्यकारी अध्यक्ष प्रज्ञा श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया, सदस्य विनय प्रकाश मौर्य ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में- सुषमा गुप्ता, अर्चना गोस्वामी रोली, श्रीवास्तव, सुषमा गौतम, आरती देवी, चंद्र प्रकाश चौधरी, सत्येंद्र मिश्रा, सारस्वत श्रीवास्तव ,सूरज चौधरी, काजल चौरसिया, प्रांजलि चौधरी, पायल चौरसिया, खुशबू सही एक्ट्रेस,आदि लोग उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व

**अयोध्या।** अयोध्या महादेव की नगरी में शिवरात्रि की रही धूम, शहर से ग्रामीण तक पूजा अर्चना के साथ हुआ भंडारे का आयोजन। आज के दिन ही शिव भगवान और पार्वती माता का विवाह हुआ था।इसी कड़ी में जनौरा स्थित गिरजा कुंड में श्रीमंत्रेश्वर मंदिर में शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में सुबह पूजा अर्चना व आरती की गई। शिव बाबा की गाजे बाजे के साथ बारात में शिव भक्त झूमते नजर आए। इसदौरान समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि यह मंदिर 300 वर्ष पुराना है, आज सैकड़ो की संख्या में भक्त शिव बाबा की बारात में शामिल हुए और रात में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इस दौरान तमाम लोग मौजूद रहे।वहीं इसी कड़ी में जनौरा गांव शिव मंदिर में भी संजय सिंह के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह ने बताया कि पिछले कई सालों से यहां पर शिव बाबा की पूजा अर्चना के साथ भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर दिलीप तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सांसद लल्लू सिंह का बारुन बाजार में हुआ स्वागत

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर क्षेत्र के बारुन बाजार में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से घोषित सांसद प्रत्याशी लल्लू सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया।भाजपा से टिकट मिलने के बाद मिल्कीपुर विधानसभा के प्रथम आगमन पर बारुन बाजार में सांसद प्रत्याशी लल्लू सिंह का समर्थकों ने 21 किलो की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया और समर्थकों ने भाजपा में आस्था व्यक्त करते हुए जोरदार नारे लगाए। इस अवसर पर स्वागत कार्यक्रम के संयोजक मंडल उपाध्यक्ष नवल जायसवाल,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरोज मिश्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा उपाध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान अजीत मौर्य, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर कौशल,कोटेदार पंकज कौशल, प्रधान प्रतिनिधि ममता सिंह, पूर्व प्रधान हरिओम कौशल,शैलेश जयसवाल,बृजकिशोर कौशल,श्यामलाल कौशल,संजय श्रीवास्तव,संगीता देवी,गंगाजली,रामदेव कौशल,राहुल गुप्ता,सतीश गुप्ता,गोविंद लाल,शिवकुमार समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

## विश्व महिला दिवस की अवसर पर महिलाओं का हुआ सम्मान

### प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप हो रहा कार्य ~जेपी श्रीवास्तव

अयोध्या। विश्व महिला दिवस की अवसर पर शुक्रवार को अमानीगंज बुलाकर पालपुर मौजा में पांच महिलाओं का सम्मान किया गया। महिलाओं का सम्मान करते हुए ग्राम प्रधान अजीत कौशल ने कहा जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री के अति महत्वाकांक्षी योजना है। प्रधानमंत्री ने गांव की गरीब जनता के लिए जो सपना देखा है वह सरकार हो रहा है।उन्होंने कहा कि हमारे गांव की गरीब जनता को अब हैंडपंप से नहीं बल्कि टोटी वाले नल के जरिए लोगो तक शुद्ध जल पहुंचाया जाएगा। अब गांव की जनता भी शहरों के तरीके अपने घरों तक शुद्ध जल पाएगी। वही जिला कोऑर्डिनेटर जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि देश के मुखिया के बताए हुए रास्ते पर चलने का सफल प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री ने विश्व महिला दिवस पर महिलाओं के सम्मान की प्रेरणा दी है ।उसी क्रम में शुक्रवार को अमानीगंज ब्लॉक में पालपुर मौजा के तुरशमपुर गांव समारोह पूर्वक महिलाओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर प्रधान समेत गांव के तमाम अन्य लोग मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

## समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिया गया:सांसद लल्लू सिंह

अवधनामा, संवाददाता

**अयोध्या।** विधानसभा मिल्कीपुर के डीली गिरधर तथा बीकापुर विधानसभा के प्रभात नगर में हवन पूजन व वैदिक मंत्रोचार के मध्य लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। मिल्कीपुर चुनाव कार्यालय में विधान सभा प्रभारी गोकरन द्विवेदी तथा संयोजक जर्नादन मौर्या तथा बीकापुर कार्यालय में विधान सभा प्रभारी सोमनाथ वर्मा व संयोजक रामकृष्ण तिवारी ने हवन-पूजन किया। कार्यालय के उद्घाटन के बाद विधानसभा की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान लोकसभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, व सह संयोजक ओम प्रकाश सिंह मौजूद थे।

मिल्कीपुर कार्यालय उद्घाटन के दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा सभी वर्गों को समाहित कर सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का निमार्ण किया गया है। सरकार द्वारा अन्त्योदय की परिकल्पना को साकार करते हुए समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिया गया है। बेहतर परिवाहन की सुविधाओं के साथ ग्रामीणांचलों को शहरों से जोड़ा गया है। जिससे व्यापार के नए अवसर सुलभ हुए हैं।



सांसद लल्लू सिंह का स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता

पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने कहा सरकार द्वारा सर्वांगीण, सर्वसमावेशी विकास की नीतियों से जनता में उत्साह माहौल है।

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा पदाधिकारी बूथ स्तर के कार्यकताओं से लगातार सम्पर्क में रहें। कमजोर बूथों पर सर्वाधिक ध्यान देनें की आवश्यकता है। पिछली बार से 10 प्रतिशत अधिक मतों से विजय के लक्ष्य पर हम सभी को कार्य करना है। बीकापुर विधान सभा कार्यालय उद्घाटन के दौरान विधायक अमित सिंह चौहान ने कहा कि रामनगरी विश्व पर्यटन के केन्द्र में स्थापित हो गई है। हर कोई अयोध्या आना चाहता है। सबका साथ सबका विकास की नीति पर चलते हुए हम सबका विश्वास हासिल करने की लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

मिल्कीपुर में उद्घाटन के दौरान राधेश्याम त्यागी, अशोक मिश्र, शीतला बाजपेई, अजीत मौर्य, देवेंन्द्र मणि त्रिपाठी, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय रावत, महेंन्द्र चौरसिया, लाल चंद्र चौरसिया सियाराम रावत, गंगा दीन रावत बीकापुर कार्यालय उद्घाटन में पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, ब्लाक प्रमुख दिनेश वर्मा, अभिषेक सिंह, बीकापुर विधान सभा के सह संयोजक इं. रणवीर सिंह, मुकेश कुमार पाण्डेय, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, इंद्रभान सिंह, चंद्रभान सिंह, महेश पाण्डेय, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बारून बाजार में सांसद का हुआ जोरदार स्वागत

मिल्कीपुर चुनाव कार्यालय उद्घाटन से लौटते समय नवल जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, तथा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज मिश्रा के नेतृत्व में बारून बाजार में सांसद लल्लू सिंह का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें 51 किलो की माला पहना कर उनका अभिनंदन किया गया।

# वही नाका क्षेत्र में मरी माता मंदिर पर पुजारी चंचल दास के नेतृत्व में हलवा प्रसाद वितरण किया

## भगवान शंकर व माता पार्वती के विवाह के साथ लीला का समापन

अवधनामा, संवाददाता

**रुदौली।** अयोध्याधाम।तहसील क्षेत्र की बनगांवा गांव में चल रही श्री शिव विवाह लीला का शुक्रवार की मध्य रात्रि भगवान शंकर व माता पार्वती के विवाह के साथ लीला का समापन हो गया।महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में होने वाले इस कार्यक्रम की धूम पुरे क्षेत्र में रही।वही बनगांवा गांव के ग्रामीण महाशिवरात्रि को उत्सव नही बल्कि महोत्सव के रूप में मनाते है।यहां की शिव लीला देखने के लिए घरों में मेहमानों आगमन दो से तीन दिन पूर्व ही हो जाता है।यू कहे ग्रामीण अंचलों यहाँ की शिव लीला बहुत ही प्रसिद्ध है।शुक्रवार की शाम जब रथ पर सवार होकर भोले बाबा की बारात गाजे बाजे व रोड लाइट के साथ गांव भ्रमण के लिये निकली तो गांव वाले खुशी से झूम उठे।बच्चे तो बच्चे बुजुर्गों के भी पैर थिरकने लगे।जगह जगह गांव की माताओ एवं बहनों ने रथ पर बाल रूप में सवार भोले बाबा ,भगवान विष्णु ,ब्रह्म जी व नारद भगवान का पूजन अर्चन कर आरती उतारी।लगभग 11 बजे गांव भ्रमण कर बारात कार्यक्रम स्थल पर पहुची जहां बिधि और विधान से ब्रम्हा जी ने मन्त्र पढ़ शिव और शक्ति का मिलन कराया।ग्रामीण महिलाओं ने यहां पर मंगल गीतों की धूम मचा दी।भगवान शंकर और माता पार्वती का रूप सबका मन मोह रहा था।शंकर का अभिनय राघवेंद्र यादव तथा पार्वती का अभिनय सुशील ने किया।विष्णु भगवान 7 वर्ष के दीपांशु व ब्रम्हा जी का प्रवेश यादव ने अभिनय किया। समिति के सरंक्षक प्रधान प्रतिनिधि ने भव्य और दिव्य आयोजन के लिये समिति के पदाधिकारियो व कलाकारों का धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष पूर्व प्रधान राम तेज यादव,शिव कुमार यादव,राम करन रावत,प्रधान बिचाला अमरनाथ यादव,टिंकू यादव,अशोक यादव,राम केवल यादव,राकेश यादव,अजय यादव,डॉ जी डी यादव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एयरो सिटी के खिलाफ किसानों का फूटा गुस्सा, किया प्रदर्शन

अवधनामा, संवाददाता

**पूरा बाजार- अयोध्या।** एयरो सिटी के लिए जमीन अधिग्रहण मामले को लेकर शुक्रवार को आंदोलित किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। किसानों ने मातृ भूमि बचाओ संघर्ष समिति का गठन करते हुए प्रदर्शन किया। ग्राम पंचायत रामदत्तपुर अटरावा पंचायत भवन के सामने रामवन गमन मार्ग के किनारे इलाके के ग्राम रामदत्तपुर अटरांवा, ददेरा, बैसिंह, सरेठी कुशमाहा के बड़ी संख्या में किसान जुटे। गांव की उपजाऊ कृषि भूमि का अधिग्रहण करने के विरुद्ध सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिला व पुरुष किसानों ने विरोध सभा का आयोजन किया। संघर्ष समिति के संचालन के लिए ग्राम सरेठी के किसान और फैजाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सूर्यभान वर्मा को अध्यक्ष नामित किया गया। उनके नेतृत्व में भूमि बचाने के लिए हर कार्रवाई के संचालन की एक स्वर में शपथ ली गई। विरोध सभा में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान रामदत्तपुर अटरांवा की प्रधान अमरावती यादव, सरेठी के प्रधान रक्षाराम यादव, ददेरा के प्रधान लल्लन पासवान, बैसिंह के प्रधान राम औतार, समाहा के प्रधान धर्मवीर यादव ने अपने-अपने गांवों से आए किसानों का नेतृत्व किया। समिति संचालन के जिम्मेदारी निभाने के लिए नामित किए गए सूर्यभान वर्मा ने बताया कि समिति सभी तरह से विरोध और लड़ाई की रुपरेखा तैयार करेगी।

# आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी से बी डी त्रिपाठी लड़ेंगे लोकसभा का चुनाव

अवधनामा, संवाददाता

**अयोध्या।** आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्यों की बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी की ओर से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से इस संदर्भ में पत्राचार और मीटिंग की गई थी कि आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी को भी इंडिया गठबंधन में औपचारिक रूप से शामिल करते हुए भागीदारी दी जाए किंतु वह प्रयास वार्ता विफल रही और अब आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 में एकला चलो की नीति पर चलकर अकेले ही भागीदारी करने का निश्चय किया है बैठक में पार्टी महासचिव आशीष मिश्रा ने बताया कि 14 सदस्य केंद्रीय चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष पार्टी की संसदीय कमेटी के अध्यक्ष धीरेंद्र पांडे जी बनाए गए हैं और उनके साथ राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा सचिव गण में मनोज कुमार सिंह, डॉक्टर इंदु कुमार, राजीव कुमार सिंह, प्रमोद कुमार तिवारी, सय्यद नवाजिश हुसैन, धर्मराज मौर्य, लीलावती कनौजिया, विश्व प्रताप यादव, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, गिरजा शंकर चौरसिया, राजकुमार जायसवाल, शामिल किए गए हैं पार्टी ने आज सर्वसम्मत से लोकसभा 54 संसदीय क्षेत्र फैजाबाद अयोध्या से पार्टी अध्यक्ष बृजेंद्र दत्त त्रिपाठी ( बी डी त्रिपाठी ) को प्रत्याशी बनाए जाने की अनुशंसा की और कहा कि अन्य प्रत्याशियों के आवेदनों पर विचार किया जा रहा है स्क्रीनिंग कमेटी की अनुशंसा के बाद अन्य सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे बैठक में प्रमुख रूप से तारकनाथ मिश्रा, जगन्नाथ पांडे, प्रमोद कुमार मिश्रा, पवन कुमार वर्मा, श्रीमती उमा सिंह, गीता देवी, विनोद कुमार वर्मा, घनश्याम बेनकर, मोहम्मद मुस्तकीम, आदि राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया।

# आर्केस्ट्रा देखने को लेकर मारपीट एक घायल, तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज।

अवधनामा, संवाददाता

**महराजगंज।** निचलौल थानाक्षेत्र के कटका उर्फ करवतही में शुक्रवार की रात पल्टन चौधरी के घर मुण्डन का कार्यक्रम था,उसी मौके पर उनके दरवाजे पर आर्केस्ट्रा का प्रोग्राम चल रहा था,मन पसंद गाने को लेकर कुछ युवक उत्पात मचाने लगे गांव के ही एव ब्यक्ति द्वारा मना करने पर उसके साथ मारपीट करने लगे कुछ युवकों ने मिलकर जीउत सैनी निवासी कटका उर्फ करवतही को मारपीट कर गंभीर रूप घायल कर दिया। घायल व्यक्ति को परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य के निचलौल भर्ती कराये जहां इलाज चल रहा था। जीउत सैनी ने राहुल पुत्र राजू,विनय पुत्र छोटेलाल,विशाल पुत्र सुभाष कुछ अन्य सभी निवासी ओड़वलिया के विरुद्ध तहरीर देकर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया हैं।

# पांच करोड़ की लागत से बनेगा ग्रामीण स्टेडियम



अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मधवापुर में विधायक विनय वर्मा के प्रस्ताव पर लगभग पांच करोड़ की लागत का ग्रामीण स्टेडियम शासन द्वारा स्वीकृत हो गया है जिसके निर्माण की पहली किस्त भी जारी हो गई है, ग्रामीण स्टेडियम बनने से क्षेत्रीय खिलाड़ियों में काफी प्रसन्नता है। प्रदेश शासन के अनुसचिव शम्भू प्रसाद ने प्रांतीय रक्षक दल, विकास दल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के महानिदेशक को पत्र भेजकर बताया कि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मधवापुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के छः स्थानों पर ग्रामीण स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति शासन से मिल गई है और निर्माण के लिए पहली किस्त भी जारी कर दिया गया है। मधवापुर में 494.30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले ग्रामीण स्टेडियम का प्रस्ताव विधायक विनय वर्मा ने दिया था और वह इसके निर्माण की स्वीकृति के लिए काफी समय से प्रयासरत भी थे। विधायक ने मधवापुर में ग्रामीण स्टेडियम की स्वीकृति मिलने पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव, विभाग के सचिव सुभाष एलवाई व डीएम पवन अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण स्टेडियम बनने से क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपने हुनर को निखारने का मौका मिलेगा।

# ठेकेदार की लापरवाही से विद्यालय निर्माण अधर में

अवधनामा संवाददाता



**राम दत्त कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय के कमरों का सिडको करा रही नौ महीने से निर्माण, अभी तक न छत पड़ा, न पलस्तर न लगे दरवाजे**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** लोकसभा के चुनाव की तारीखों की घोषणा होने में कुछ दिन और शेष हैं निर्वाचन विभाग लगातार तैयारियों पर नजर रखे है वही जिले में बढ़नी कस्बे में नौ महीने से बन रहा अधूरा कंपोजिट विद्यालय रामदत्त गंज पर बने बूथों की हालत प्रशासन की तैयारियों पर पानी फेर रहा है।

बताया जाता है कि बढ़नी कस्बे के वार्ड नंबर 6 में स्थित विद्यालय रामदत्तगंज में 6 बूथ है । बूथ पर प्रशासनिक अधिकारी दौड़ा भी कर चुके है लेकिन यहां तीन बूथों की हालात ये है इनको गिरा कर नया निर्माण सिडको करा रही है लेकिन निर्माण कार्य अभी अधूरा है। चुनाव के वोटिंग के लिए बने बूथ के कमरों में न खिड़की है। न छत है,न दरवाजा है,यहां तक अभी ढांचा खड़ा हुआ है । निर्माण कार्य पूरी तरह अधूरा है । बताते हैं कि निर्माण 2023 जुलाई/अगस्त से चल रहा है।बता दे कि कंपोजिट विद्यालय रामदत्तगंज में बच्चो की संख्या 500 से उपर है । यहां हालात ये है कि कमरों के निर्माण कार्य में हो रही देरी को वजह से कई क्लास में दो दो क्लास के बच्चो को एडजस्ट किया गया है । कमरों के अभाव में पिछले लगभग नौ महीने से बच्चे पुराने विधालय के भवन के छत पर या तो बाहर बरामदे में पढ़ने को मजबूर है।

बरसात में विधालय में बच्चो को बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। चुनाव में इस विधालय पर वोट भी पड़ते है। 6 बूथ यहां बने है लेकिन निर्माण अधूरा होने की वजह से अब प्रशासन के सामने यक्ष प्रश्न है कि इन बूथों पर कैसे चुनाव होगा। सीमा से सटे होने के कारण सुरक्षा की लिहाज से अधूरे निर्माण में वोटिंग कराना प्रशासन के सामने कड़ी चुनौती है। शनिवार को अधूरे निर्माण की जॉच करने आए बेसिक शिक्षा विभाग के समन्वयक (निर्माण) रितेश श्रीवास्तव ने बताया कि मौके पर ठेकेदार मौजूद नहीं मिले। एई से दूरभाष पर बात हुई है, चुनाव के पहले निर्माण कार्य पूरा किए जाने की बात कही है।

## राष्ट्रीय से. यो. ईकाई का विधायक ने किया शुभारंभ



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वामी विवेकानन्द ईकाई की सात दिवसीय शिविर का उद्घघाटन शनिवार को विधायक डुमारियागंज श्रीमती सैय्यदा खातून के द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने छात्र छात्राओ को राष्ट्रहित मे सामाजिक मूल्यों से जुड़े रहकर समाज सेवा एवं जन भागरूकता कार्य को बेहतर तरीके से करने के लिए सभी को प्रेरित किया। विधायक सैय्यदा खातून ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजन कार्यक्रम अधिकारी साजिद गुफरान, महाविद्यालय के अध्यक्ष मो सुहेल फारुकी प्रधानाचार्य डा0 जेड ए मलिक ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर डा0 नीलम यादव, डा0 राकेश कुमार चौबे, डा0 सोबी, रितेश कुमार वर्मा, धर्मवीर, धर्मेंद्र, इतहार हुसेन, रिया श्रीवास्तव व फातिमा आदि की कार्यक्रम में मौजूदगी रही।

## डीएम व एसपी ने किया मतदान केन्द्रो का भ्रमण

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व



पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत शनिवार को थाना बांसी क्षेत्रान्तर्गत मतदान केन्द्रो का भ्रमण/ निरीक्षण कर किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत थाना बांसी क्षेत्रान्तर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनखर, मॉडल प्राइमरी स्कूल सूपाराजा, तिलक इण्टरमिडिएट कालेज बांसी, प्राथमिक विद्यालय बैदौलीकला मिठवल इत्यादि का भ्रमण/निरीक्षण कर विद्यालय प्रबंधन/प्रधानाचार्य से वार्ता कर मानक के अनुरूप आवश्यक साधन/संसाधनों, मूलभूत व्यवस्थाओं की व्यवस्था हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पोलिंग बूथो पर मतदाता सूची भी पढ़ा गया, यदि सूची मे किसी का नाम नही है तो फॉर्म 6 भरकर अपना पंजीकरण अवशय करा ले जिससे मतदाता सूची मे नाम जुड़ सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बांसी कुणाल व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सपा जिला कार्यालय पर नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सपा जिला कार्यालय पर नवनियुक्त पदाधिकारियो की बैठक शनिवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष माननीय लालजी यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वरिष्ठ नेता बेचई यादव को सपा राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव तथा बहुजन समाज पार्टी छोड़कर आए वरिष्ठ नेता पूर्व जोनल कोऑर्डिनेटर राम मिलन भारती तथा फ्रंटल संगठनों के राष्ट्रीय/ राज्य/ जिला अध्यक्ष /तथा जिला कार्य समिति में विशेष आमंत्रित सदस्यों को माला पहनकर स्वागत कर बधाई एवं शुभकामना दिया गया।

बसपा के पूर्व जोनल कोऑर्डिनेटर राम मिलन भारती को समाजवादी पार्टी में शामिल होने पर बधाई देते हुए कहा कि राम मिलन भारती जी के समाजवादी संघर्ष में शामिल होने पर पार्टी निश्चित रूप से मजबूत होगी और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो से कहा कि पार्टी ने आपको बहुत ही भरोसे के साथ यह जिम्मेदारी सौंपी है, क्योंकि देश बहुत ही विषम परिस्थितियों के दौर से गुजर रहा है। भाजपा की सरकार जनहित के हर मोर्चे पर विफल है भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण पूरे देश में महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है आज बेरोजगार नौजवान और किसान अपने सम्मान की लड़ाई लड़ रहा है। भाजपा की नीतियां कभी भी देश के गरीबों और किसानों के हित में नहीं रही 2024 का लोकसभा चुनाव सरकार बनाने का नहीं बल्कि देश और संविधान को बचाने का चुनाव है। इंडिया गठबंधन समाजवादी पीडीए ही इस जन विरोधी भाजपा को उखाड़ फेंकने का काम करेगा हम अपने पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं और जन सहयोग से इस जन विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक अनिल सिंह वरिष्ठ नेता नागेंद्र नाथ चतुर्वेदी जिला उपाध्यक्ष अनूप यादव चंद्रमणि यादव प्रदीप पत्थरकट बहरइची प्रसाद प्रेमी जावेद खान विजय चौधरी डॉ राहुल आर्य जयकरण गौतम अजय चौरसिया नियाज अहमद सिद्दीकी डॉक्टर हफीजुल्लाह खान अनिल यादव राजकुमार यादव रामसेवक लोधी मोहम्मद हारुन शकील शाह रियाज अहमद एडवोकेट बृजभान यादव सर्व देव यादव अब्दुल कलाम खान अतिकुर रहमान खान फूलचंद यादव मनोज मिश्रा मतीउल्लाह राम अवतार यादव कृष्ण नात यादव अंगद यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## चौक क्षेत्र मे अवैध निर्माण पर चलेगा बुलडोज़र : इओ

**टांडा अम्बेडकरनगर।** पालिका टांडा के प्रशासन का हाल वर्तमान समय मे यह है कि नगर क्षेत्र मे वैध को अवैध अवैध को वैध बनाना इनसे सीखे चाहे कुछ करो साहब को खुश करो वाली चरितार्थ टांडा पालिका प्रशासन पर सटीक बैठती है चाहे पूरा नगर पालिका प्रशासन से शिकायत कर डाले कि उक्त भूमि नजूल की है मगर नहीं प्रशासक के कान पर कोई जू रेंगीगी न ही वहाँ के अन्य अधिकारियो पर किसी प्रकार की शिकायत का कोई प्रभाव पड़ता है इसी प्रकार की एक बानगी नगर के चौक क्षेत्र मे चल रहे नजूल भूमि पर हो रहे निर्माण की है जिस मामले का संज्ञान नगर के विभिन्न पत्रकारों ने अवैध निर्माण के संबंध मे सभी अधिकारीयों व कर्मचारियों को बताया की उक्त निर्माण को रोकवाने की गोहार लगाई मगर निर्माण रोकवाने की बजाय निर्माण को निर्बाध्य रूप से करवाने का जैसे कोई आदेश दिया है। उक्त अवैध निर्माण के सम्बन्ध मे निर्माण के दूसरे दिन अधिशाषी अधिकारी ने कहा कि यदि निर्माण नहीं रोक रहे है तो छुट्टी के तटपश्चात निर्माण को बोलडोज़र चलवा कर अवैध निर्माण हटाया जायेगा।

## विभागीय उच्च आदेशों के लगातार उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर शिक्षकों ने छोड़ा विभागीय सूचनाओं का व्हाट्सएप ग्रुप



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शिक्षकों की कई महत्वपूर्ण एवम् लम्बित मांगों को पूर्ण करने के बजाय उनके निजी मोबाइल से विभागीय कार्यो को जबरन कराने एवं उत्पीड़नात्मक आदेशों के विरोध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलामंत्री व ब्लॉक अध्यक्ष डुमरियागंज राकेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में शनिवार को अधिकांश शिक्षकों ने विभागीय सूचनाओं के व्हाट्सएप ग्रुप को छोड़ दिया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष आदित्य शुक्ला के आह्वान पर राकेश पांडेय ने बताया की जब तक शिक्षकों की विभिन्न मांगों यथा राज्य कर्मचारियों की भांति 30 अर्जित अवकाश, प्रोन्नति, प्रतिवर्ष अंतर्जनपदीय एवं अंतः जनपदीय स्थानांतरण, 14 अर्ध अवकाश, निःशुल्क चिकित्सा अवकाश एवं चिकित्सीय बीमा, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्ति आदि मांगे पूरी नहीं की जाती हैं, तब तक किसी भी ऑनलाइन कार्य का विरोध जारी रहेगा। किसी भी विभागीय अधिकारी द्वारा शिक्षकों को दंडित किए जाने पर संगठन उसका पुरजोर विरोध करेगा। इस दौरान सभी शिक्षकों ने विभागीय उत्पीड़न के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मनोज द्विवेदी द्विवेदी, राम नारायण दुबे, शिवम पाठक, इश्तियाक अहमद, नसीम अहमद, राम सिंह पाल, दिलीप कुमार शर्मा, आलोक कुमार गिरि आदि मौजूद रहे।

## संतकबीर सांसद प्रवीण निषाद का हुआ भव्य स्वागत

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** संतकबीरनगर से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर सांसद प्रवीण निषाद का आलापुर विधानसभा में प्रथम



आगमन पर कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। स्वागत की कड़ी में सीमा प्रवेश करते ही बिड़हर घाट पुल पर भाजपा विधानसभा प्रभारी संजीव मिश्र के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष भगवान पाडे, संयोजक वेंकटेश आदि ने स्वागत करते हुए जीत की अग्रिम बधाई दी। विधानसभा प्रभारी संजीव मिश्र ने बताया कि सबका साथ, सबका विकास ही पार्टी का मूलमंत्र है। यह किसी का तुष्टिकरण नहीं है । उन्होंने कहा कि नारी शक्ति यह ठान कर निकली है कि भाजपा का परचम 2024 में लहराएंगी आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने देश की माताओं-बेटियों के मन में नया विश्वास जगाया है। स्वागत कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रवीण निषाद में स्थानीय मंदिरों में जिला महामंत्री सुरेश कनौजिया, जिला उपाध्यक्ष अंजू पांडे समेत आदि मौजूदगी में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# छात्र-छात्राओं की दशा एवं दिशा सुधारने के लिए कृत संकल्पित है सरकार : सांसद



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत थुम्हवा भईया के कल्लन डिग्री कॉलेज परिसर में शनिवार को छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रदेश सरकार हर स्तर पर ग्रामीण परिवेश के छात्र-छात्राओं की दशा एवं दिशा सुधारने के लिए कृत संकल्पित है। आज स्मार्ट फोन से छात्र छात्राओं को पढ़ने में काफ़ी सुविधा हो रही है। जिससे छात्र-छात्राओं को एक बड़ा प्लेटफार्म पढ़ाई करने के लिए मिल जा रहा है। वो तैयरी करके राष्ट्र के साथ-साथ अपने माता-पिता के नाम को आगे बढ़ाने के का कार्य करें। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं नें सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डिग्री कालेज के प्रबंधक यार मोहम्मद, संचालक नसीम अहमद, प्रशासक पंकजेश्वर मणि त्रिपाठी, सचिदानंद पांडेय, सरीफुदीन खान, प्रोफेसर घिसियावन जी, रवि चौधरी नंदराम शर्मा, फूल कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग लोग उपस्थित रहे।

# मोबाइल सामानों के साथ एसएसबी ने दो व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी खुनुवा और कस्टम सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवा के संयुक्त गश्ती दल ने मोबाइल एसेसरीज के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। 43वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सीमा चौकी खुनुवा और कस्टम सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवा के संयुक्त गश्ती दल ने भारत नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 556 के समीप से दो व्यक्तियों को मोबाइल एसेसरीज के साथ गिरफ्तार किया।

जानकारी प्राप्त हुई थी कि सीमा चौकी खुनुवा बार्डर के भारत नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 556 के समीप से मोबाइल एसेसरीज की तस्करी होने वाली है। कार्यवाही को अंजाम देते हुए सीमा चौकी खुनुवा से सहायक उप निरीक्षक शिव कुमार के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी राम बाबू शुक्ला और तौलेश्वर तथा कस्टम सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवा से निरीक्षक रामधारी पटेल और हवालदार महेंद्र कुमार के साथ संयुक्त गश्ती दल सीमा स्तम्भ संख्या 556 के लिए रवाना हुए चिन्हित स्थान पर पहुँचने के पश्चात् जवानों ने देखा कि सीमा स्तम्भ संख्या 556 के समीप दो व्यक्ति सिर पर बोरी लादे खुनुवा गाँव के तरफ से नेपाल की तरफ जा रहे है। गश्ती दल द्वारा उन व्यक्तियों रोककर उसके सामानों की



तलाशी ली गई जिसमें से भारी मात्रा में मोबाइल चार्जर, हेड फोन, इयर फोन, पॉवर बैंक, विवो केवल, इयर बर्ड्स, मोबाइल ग्लास, स्पीकर, डी.सी, पॉवर सप्लाई, हेड फोन स्माल, मोबाइल स्टेंड, मोबाइल बैक कवर टाइप I, मोबाइल बैक कवर टाइप, बैटरी, आदि मोबाइल एसेसरीज बरामद हुआ पूछ-ताछ के दौरान दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम मुबारक मुस्लमान पिता मुस्लिम उम्र 23 वर्ष,गाँव वैदौली यशोधरा गांव पालिका जिला कपिलवस्तु (नेपाल) तथा अमन पासवान पिता सुखदेव उम्र- 17 वर्ष, गाँव खुनुवा थाना शोहरतगढ़, जनपद सिद्धार्थनगर (भारत) बताया गश्ती दल द्वारा उनकों बरामद सामानों से सम्बंधित कागजाद दिखाने को बोला गया जिसमें वे दोनों असमर्थ रहेढ्ढ तत्पश्चात गश्ती दल द्वारा सभी मोबाइल एसेसरीज को जब्त कर दोनों व्यक्तियों सहित कस्टम सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवा को सुपुर्द कर दिया गया।

## हर हर महादेव की भक्ति मे सराबोर हुआ भक्तों का हुजूम

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** उल्लासपूर्ण वातावरण मे महाशिवरात्रि पर्व की धूमधाम देर रात तक विभिन्न आयोजनों के रूप में जारी रही।वहीं शुक्रवार के दिन पड़े इस त्योहार के सकुशल निपट जाने पर प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। भोर से ही शिवालयों में शुरू हुआ दर्शन पूजन का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। शिवबाबा,झारखंडी महादेव,शीतला मठिया मंदिर, पारा महादेव समेत शिवालयों में सुबह से ही उमड़ रहे भक्तों का कारवां देर रात तक चलता रहा। जलालपुर में एसडीम, सीओ देवेंद्र कुमार के निर्देशन एवम कोतवाल दर्शन यादव के नेतृत्व में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकली शिव बारात में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।डाकखाना कमेटी के नेतृत्व में भाजपा नगर उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, कमेटी अध्यक्ष रवि गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन जयसवाल, संरक्षक विनोद मेहरोत्रा ने शिव बारात यात्रा की कमान संभाली। शिवाला मंदिर से निकली भव्य शिव बारात में सम्मिलित होने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्र व नगरवासियों का जन सैलाब उमड़ पड़ा।

## पीएम आवास के तहत अवैध रूप से निर्मित करवाया मकान

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** टांडा नगर पालिका परिषद के अंतर्गत वार्ड नंबर 20 में प्रधान मंत्री आवास योजना के अन्तर्गत अवैध रूप से निर्मित मकान पर आवास योजना का लाभ ले कर लोगो ने सरकार के दो लाख पचास हजार को हड़पने में संबंधित अधिकारियों की मिली भगत से महारत हासिल कर ली। उल्लेखनीय हैं। कि टांडा नगर पालिका परिषद के अंतर्गत वार्ड नंबर 20 में प्रधान मंत्री आवास योजना के नाम से ला. कुतबुद्दीन पिता अजीमुद्दीन कस्बा पूरब टांडा जनपद अम्बेडकरनगर नगर ने विभाग के संबंधित अधिकारियों के मिलीभगत कर के आवास योजना के अन्तर्गत दो लाख पचास हजार रूपए की बंदर बांट कर ली और कानों कान किसी को खबर भी नहीं हुई इत्ती इत्ते बड़े घोटाले की जानकारी तब हुई जब वार्ड के वर्तमान सभासद ने उक्त मामले की जानकारी हासिल की तब पता चला की आवास योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त किए लाभार्थी का मकान लगभग 20 से 25 वर्ष पुराना निर्मित है फिर भी उक्त योजना के अन्तर्गत मिलीभगत कर के लाभार्थी बना दिया गया और आवास के पैसे को बंदर बाट कर दिया गया। मोहल्ले के एक जानकर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उक्त मकान में रहने वाला एक-एक व्यक्ति टांडा में आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थी को आवास का लाभ देने में चैनित करने वाले अधिकारी का दलाल है यही कारण है की उसको फर्जी तौर पर आवास का लाभ प्रदान कर दिया गया। जब की अगर जांच की जाए तो अभी बहुत से आवास आइसे है जो एक निर्मित घर के ऊपर आवास का आवंटन किया गया है। उक्त योजना में सरकार के राजस्व का लंबे पैमाने पर बंदर बांट किया गया है। अगर इसकी जांच करा ली जाए तो उक्त मामले में खुलासा किया जा सकता हैं।

# डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की सुनी फरियाद

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा थाना बांसी में उपस्थित होकर लोगो को समस्याओं को सुना गया। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण को शिकायतों की गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी द्वारा थाना दिवस रजिस्टर का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बन्धित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी लेखपाल अपने-अपने ग्राम पंचायतों में देख ले कि सरकारी भूमि पर कोई भी व्यक्ति अवैघ रूप से कब्जा किया हो तो उसके बेदखली की नोटिस जारी कर खाली कराया जाये। कहा कि वरासत का कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे। निवास प्रमाण-पत्र उपजिलाधिकारी, आय प्रमाण-पत्र तहसीलदार के माध्यम से जारी किये जाते है। लेखपाल अपने स्तर से रिपोर्ट लगाकर निस्तारित कराये। इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करे।आईजीआरएस के प्रकरण किसी भी स्तर पर लम्बित न रहे।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बांसी कुणाल, प्रभारी निरीक्षक थाना बांसी तथा अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाइक सवार बदमाशों ने कपड़ा व्यवसायी से की लूट

**अम्बेडकरनगर।** जिले में अलीगंज थाना इलाके के टांडा नगर में शुक्रवार देर रात बाइक सवार बदमाशों ने घर जा रहे कपड़ा व्यवसायी से असलहे के बल पर बैग छीन कर फायरिंग करते हुए फरार हो गए। कपड़ा व्यवसायी के बैग में एक हजार नकद, लैपटॉप एवं मोबाइल, क्रेडिट कार्ड था। लूट की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने केस दर्जकर सीसीटीवी की मदद से लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। मामले में पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। सूचना के अनुसार अलीगंज थाना इलाके के टांडा सलारगढ़ निवासी कपड़ा व्यवसायी मोहम्मद फहद पुत्र मो शाहिद बाराबंकी में साप्ताहिक कपड़ा मंडी कर देर रात अपने चार पहिया वाहन से घर के बाहर पहुंचकर पैदल घर की तरफ बैग लेकर जहां रहे थे, तभी एक बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश आये और उन्हें असलहा दिखाकर उनके बैग में रखा नकदी, लैपटॉप एवं मोबाइल छीन लिया। इस दौरान इलाके में दहशत फैलाने के लिए फायरिंग करते हुए बदमाश फरार हो गए।

# सभी के समन्वय सहयोग से ही विद्या और विद्यालय का विकास संभव : राही

अवधनामा संवाददाता



**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** बच्चों के अच्छी शिक्षा के लिए देश और प्रदेश की सरकार विशेष ध्यान दे रही रही है, क्योंकि शिक्षा के बिना सभ्य और संस्कारवान समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। रोटी कपड़ा और मकान के बाद शिक्षा ही मानव जीवन की सबसे अनिवार्य आवश्यकता है। जो सभी के समन्वय सहयोग से ही संभव है।

उपरोक्त आशय का विचार सदर विधायक श्यामधनी राही ने ब्लॉक संसाधन केन्द्र बर्डपुर के खेल मैदान में आयोजित एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के नोडल शिक्षकों, प्रधान अध्यापकों, एसएमसी अध्यक्ष, स्थानीय निकाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का कायाकल्प करके बच्चों के लिए बेहतर भौतिक परिवेश मुहैया कराया जा रहा है, बच्चों को पूरी तरह निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। बैठने के लिए डेस्क बेंच, स्मार्ट क्लास, स्वच्छ पेयजल, चहारदीवारी, शौचालय, मूत्रालय आदि की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। इसमें ग्राम प्रधान और एसएमसी के अध्यक्षों और जन समुदाय का भी सहयोग मिल रहा है इसीलिए देश शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति और प्रगति कर रहा है। ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्यामधनी राही ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूडा की बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वगतगीत के माध्यम से आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार मिश्र, ब्लॉक समन्वयक गुणवत्ता आशीष सिंह, एआरपी हरिमोहन सिंह, राम निवास यादव, संघशील बौद्ध, सुनील कुमार गौतम ने मुख्य अतिथि को माल्यार्पण करके एवं बैज लगाकर बुके व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन, गुणवत्ता युक्त शिक्षा, शारदा कार्यक्रम, डीबीटी, विद्यालय प्रबंध समिति के कर्तव्य एवं दायित्व पर सभी वक्ताओं ने विस्तृत रूप से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन जिला स्काउट मास्टर महेश कुमार ने किया।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा नीतीश पांडेय, आशीष बाबा, शैलेंद्र कुमार चौधरी, अमित मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद, अलाउद्दीन, अब्दुल अजीज, बुद्धिराम, बलवंत चौधरी, जुबैर अहमद उस्मानी, वंदना सिंह, फौजिया नाज़, आरती सिंह, सावित्री चौधरी, श्रद्धा सक्सेना सुरेन्द्र चौधरी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# अपराधी नेता

आपराधिक छवि वाले या जघन्य अपराधों में लिप्त लोगों को राजनीति दलों का संरक्षण मिलना भारतीय लोकतंत्र की बड़ी विडम्बना है। तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को संदेशखाली हिंसा, जमीन घोटाले, स्कूल घोटाले, देह व्यापार के धंधे व यौन उत्पीड़न के आरोप में आखिर सीबीआइ के सुपुर्द कर दिया गया। लोकतंत्र की दुहाई देने वाली पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार लगातार अदालती आदेशों की धज्जियां उडाती रही, ममता ने शाहजहां शेख को सीबीआइ को सुपुर्द करने के मामले में जो गैरजिम्मेदाराना एवं अलोकतांत्रिक रवैया अपनाया वह आश्चर्यजनक और चिंताजनक है। यह कैसी विवशता है राजनीतिक दलों की? अक्सर राजनीति को अपराध मुक्त करने के दावे की हकीकत ऐसे ही अवसरों पर सामने आती है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के दुबारा आदेश के बावजूद संदेशखाली मामले के आरोपी को सीबीआइ के सुपुर्द करने में देरी होना न केवल समझ से परे है बल्कि यह लोकतंत्र एवं न्याय व्यवस्था की अवमानना है। इस पूरे प्रकरण से राजनीति समझ में आती है जो एक आरोपी को लेकर हो रही है।

लोकसभा चुनाव आने वाले हैं और राज्य में भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस शेख के मामले को एक राजनैतिक मुद्दा बनाने पर तुले हुए हैं। आज भारत की आजादी का अमृत महोत्सव की परिसम्पन्नता पर एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि शेख पर गंभीर आरोपों के बावजूद ममता सरकार उसे बचाने में लगी रही। शेख अपने इलाके संदेशखाली में महिलाओं का उत्पीड़न करता था और देह व्यापार के धंधे में भी संलग्न था। ये आरोप गंभीर हैं जिनकी गहनता से जांच होनी चाहिए। मगर हो यह रहा है कि राज्य सरकार शेख की रक्षा में नजर आ रही है और भाजपा लगातार आक्रमण कर रही है। विडम्बना यह है कि शाहजहां शेख कोई समाजसेवी न होकर वर्तमान दौर का मुनाफेबाज नेता, व्यभिचारी, हिंसा एवं अराजकता फैलाने का आरोपी है। वैसे तो ममता दीदी की सरकार में कई घोटाले हुए हैं मगर स्कूल घोटाले में शाहजहां शेख का नाम आने पर प्रवर्तन निदेशालय ने उसके खिलाफ जब जांच शुरू की तो हंगामा बरपा हो गया। प्रवर्तन निदेशालय की टीम विगत जनवरी माह के पहले सप्ताह में जब शाहजहां शेख के यहां संदेशखाली पहुंची तो स्थानीय तृणमूल कार्यकर्ताओं ने उस टीम पर हमला बोल दिया। इनमें अधिसंख्य शेख के समर्थक ही थे। तृणमूल कांग्रेस एवं उनके नेताओं पर लगे गंभीर आरोपों के बाद एक बार फिर इस सवाल ने जोर पकड़ा है कि जो लोग राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त बनाने की बात करते हैं, वे हर बार मौका मिलने पर अपने संकल्प एवं बेदाग राजनीति के दावों से पीछे क्यों हट जाते हैं? तृणमूल कांग्रेस में शेख जैसे नेताओं की कमी नहीं हैं। संदेशखाली से महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीनों के कब्जे को लेकर आ रही खबरें डराने वाली हैं। इन खबरों में कितनी सच्चाई है, इसका फैसला तो अदालत ही करेगी। तो फिर आरोपी को बचाने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार एड़ी-चोटी का जोर क्यों लगाती रही? यहां सवाल तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी का अथवा किसी अन्य दल का नहीं है। सवाल है, महिलाओं की अस्मिता से खेलने के आरोपियों को सजा दिलाने का। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री स्वयं महिला हैं और उन्होंने एक महिला के अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने वाले नेता को क्यों राजनीतिक संरक्षण दिया? आज राजनीति की दशा बदतर है कि यहां जनता के दिलों पर राज करने के लिये नेता अपराध, भ्रष्टाचार एवं चरित्रहीनता का सहारा लेते हैं। जातिवाद, प्रांतवाद, साम्प्रदायिकता को आधार बनाकर जनता को तोड़ने की कोशिशें होती है। पर हम कितना भ्रम पालते हैं। पहचान चरित्र के बिना नहीं बनती। बाकी सब अस्थायी है। चरित्र एक साधना है, तपस्या है। जिस प्रकार अहं का पेट बड़ा होता है, उसे रोज़ कुछ न कुछ चाहिए। उसी प्रकार राजनीतिक चरित्र को रोज़ संरक्षण चाहिए और यह सब दृढ़ मनोबल, साफ छवि, ईमानदारी एवं अपराध-मुक्ति से ही प्राप्त किया जा सकता है।

## भारतीय संदर्भ में महिलाओं के अधिकारों एवं धरातलीय विकास की वैश्लेषिक पारदर्शिता

**संजीव ठाकुर**

भारतीय संदर्भ में महिलाओं के विकास स्वतंत्रता एवं सशक्तिकरण की अलग-अलग तस्वीर पेश की जाती रही है। शासकीय आंकड़ों के हिसाब से उच्च प्रशासनिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी केवल 14 प्रतिशत लगभग भूमिका या भागीदारी है। निजी क्षेत्रों में जो व्यापक स्वतंत्रता एवं उदारीकरण है, वहां भी महिलाओं की उच्च पदों पर पदस्थापना 20 प्रतिशत से अधिक नहीं है। सामाजिक संगठन बड़े जोर शोर से महिला स्वतंत्रता एवं सशक्तिकरण के बड़े-बड़े दावे पेश करते हैं, कुल जनसंख्या का 45 प्रतिशत महिलाओं का होने के बाद भी भारत में महिला पुरुषों से कम दक्ष एवं कमजोर मानी जाती रही है।

वास्तविक स्थिति दर्शाये आंकड़ों के विपरीत ही हैं। भूमंडलीकरण शिक्षा में वृद्धि मानव अधिकारों की वृद्धि एवं सजगता से महिला सशक्तिकरण के आंदोलनों को काफी बल प्राप्त हुआ है। शनी सिगनापुर, हाजी अली दरगाह एवं अन्य स्थानों पर महिलाओं के प्रवेश के लिए सशक्त आंदोलन इसका बड़ा उदाहरण है। आज से 20 वर्ष पूर्ण इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

वर्तमान ओलंपिक 2021 में पूर्वोत्तर राज्य की मीराबाई चानू ने सिल्वर पदक दिलाकर अपनी क्षमता शक्ति एवं ऊर्जा को प्रदर्शित कर यह बता दिया है कि नारी विशेषकर भारत की पुरुषों से कहीं आगे हैं और प्रिया मलिक ने हंगरी में स्वर्ण पदक लाकर बात को प्रमाणित भी कर दिया है। भारत की महिलाएं, साक्षी मलिक ओलंपिक में कांस्य पदक, पीवी संधू रजत पदक, दीपा मलिक पैरा ओलंपिक में पहली भारतीय महिला द्वारा स्वर्ण प्राप्त, साइना नेहवाल सानिया मिर्जा ने काफी हद तक महिलाओं के स्वरूप को बदलने का प्रयास किया है। इसी प्रकार निजी क्षेत्रों में चंदा कोचर, इंदिरा नूई, अरुंधति भट्टाचार्य ने आर्थिक जगत की नई ऊंचाइयों को छुआ है। अंतरिक्ष में कल्पना चावला सुनीता विलियम्स ने महिलाओं को बड़ी प्रेरणा दी है, राजनैतिक क्षेत्र में पहली बार नरेंद्र मोदी सरकार ने 9 महिला मंत्रियों को मंत्रिमंडल में जगह देकर उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसी तरह किरण बेदी ने पुलिस प्रशासन में एक बड़ी पताका हासिल कर महिला होने पर गर्व करने के लिए लोगों को मजबूर किया है। भारत के संदर्भ में यह माना जाए कि जीवन काल में ही महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कम स्वतंत्रता प्राप्त है। बचपन के पश्चात जब महिला विद्यालय, विवाह की ओर अग्रसर होती है, तो उसके पहनावे की स्वतंत्रता को सीमित कर दिया जाता हैद्य महिलाओं के वस्त्रों के साथ उसके चरित्र की व्याख्या कर दी जाती है। जबकि इस भूमंडलीकरण या वैश्वीकरण के युग में जहां संस्कृति के आदान-प्रदान का बड़ा महत्व है, और महिलाएं आधुनिकरण के लिए आगे बढ़ती हैं, तो उनका परिवार समाज उन्हें इन सब कार्यों से दूर रख बाधित कर विकास की एक धारा को नियंत्रित कर देता है और इस तरह उनके मानसिक स्वतंत्रता को रोक कर उन्हें मानसिक दासता का पात्र बना देता है। घरों में समाज में सदैव लड़कों को घर का उत्तराधिकारी मानकर उन्हें प्रत्येक कार्य में वरीयता प्रदान की जाती है,एवं घर की लड़कियों को कमतर आंक कर केवल घर के कामों में ही व्यस्त रखा जाता है। यह छोटे या बड़े अंतर ही महिलाओं को मानसिक रूप से गुलामी के लिए मजबूर कर वैचारिक हथकड़ियां पहनाते हैं।

हमें विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी उनकी भूमिका योगदान एवं स्थिति को एकदम स्पष्ट करना आवश्यक है। बहुत महिलाओं की भूमिका का परीक्षण अत्यंत छोटे स्तर पर करना आवश्यक है। महिलाओं को बचपन से ही मानसिक तथा शारीरिक स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार की प्रेरणा दी जानी चाहिए। धीरे बोलना, धीरे हंसना, बाहरी लोगों से दूर रहना एवं बाहर खेलने नहीं जाने की स्वतंत्रता नहीं देना एक तरह से महिलाओं के लिए प्रताड़ना ही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# चुनाव की तारीखों पर मंथन शुरू



किशन सनमुखदास

**वैश्विक स्तर पर दुनियां की निगाहें संसार की सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के लोकसभा चुनाव 2024 पर लगी हुई है। लोकतांत्रिक स्वायत्त संस्था चुनाव आयोग भी पिछले कई हफ्तों से चुनाव की तैयारी में लगा हुआ हैजिसमें आज 8 मार्च 2024 को चुनाव आयोग और केंद्रीय गृह सचिव व सहयोगियों के साथ बैठक हुई उधर चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण रोल अदा करने वाली चुनावी अमिट स्याही जिसे तर्जनी पर लगाया जाता है, करीब 15 मार्च 2024 तक अपना पूरा उत्पादन कर चुनाव आयोग के हैंडओवर करने की संभावना व्यक्ति की गई है। चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में तैयारी चुनाव आयोग मेंलगभग पूर्ण कर ली है ऐसा मेरा मानना है। इसलिए ही शायद 14-15 मार्च 2024 को तारीखों के ऐलान होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि मेरा मानना है कि इस अमिट स्याही जो शायद आम नागरिक इतना सीरियसली नहीं लेते या उनका ध्यान इस महत्वपूर्ण स्याही पर नहीं जाता इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, चुनाव आयोग की केंद्रीय गृह सचिव, राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों, उंगलियों की तर्जनी पर लगाए जाने वाली स्याही सहित सबसे समीक्षा बैठक भी तारीखों पर मंथन शुरू।**

साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग की अंतिम चरणों की तैयारी में एक दिनांक 8 मार्च 2024 को केंद्रीय गृहसचिव और उनके सहयोगियों के साथ बैठक की करें तो, लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा से कुछ दिन पहले, चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने आम चुनाव के लिए सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करने हेतु गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाया है। मिडिया नें बताया कि गृह सचिव शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और साथी चुनाव आयुक्त से मुलाकात कर राज्यों में केंद्रीय बलों की तैनाती पर चर्चा की।

यह बैठक चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोग की जम्मू-कश्मीर यात्रा से कुछ दिन पहले हो रही है। चुनाव आयोग ने लोकसभा और चार विधानसभा चुनावों के लिए 3.4 लाख केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों की मांग की है। लगभग 97 करोड़ मतदाताओं के साथ, चुनाव आयोग पूरे भारत में लगभग 12.5 लाख मतदान केंद्र स्थापित करेगा।वहीं चुनाव आयोग रेलवे के शीर्ष अधिकारियों से भी मुलाकात करेगा। रेलवे विभिन्न चरणों के दौरान केंद्रीय बलों को तैनाती के लिए ले जाने में प्रमुख भूमिका निभाता है।




ऐसे में चुनाव घोषणा के पहले रेलवे से भी निर्वाचन आयोग विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए खास वार्ता करेगा। लोकसभा 2024 चुनाव की तारीखों की घोषणा 14 या 15 मार्च को होने की संभावना है। मिडिया में बताया कि चुनाव 2019 की तरह 7 चरणों में हो सकते हैं। पहले चरण के लिए मतदान अप्रैल के दूसरे सप्ताह में हो सकता है। 14 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू होने की संभावना है। अमिट स्याही वालों भी बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी भी शुरू हो गई हैं। 2024 के आम चुनाव में 30 लाख वायल अमिट स्याही का ऑर्डर मिल चुका है। इसकी आयु अधिकतम 6 महीने ही होती है, इसलिए चुनाव की तिथि के 1 से 3 महीने के अंदर ही इसकी सप्लाई की जाती है. इसे समय से तैयार किया जा सके, इसलिए चुनाव आयोग से कम से कम 6 महीने पहले इसका आर्डर ले लिया जाता है। साथियों बात अगर हम लोकसभा चुनाव सहित अन्य चुनावो में तर्जनी पर लगाई जाने वाली अमिट स्याही के महत्व योगदान व प्रमुख कारक की करें तो, वोटिंग के समय उंगली पर स्याही लगाकर ये सुनिश्चित किया जाता है कि वोटर्स दोबारा कई बार वोट न करे। निर्वाचन आयोग की गाइलाइन के मुताबिक वोटिंग से पहले वोटर्स के बाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर स्याही लगाई जाती है.। इस स्याही को नाखून के ऊपर गांठ तक लगाई जाती है।अगर किसी की तर्जनी उंगली नहीं है तो ऐसे हालात में वोटर्स के बाएं किसी भी उंगली में नीली स्याही लगाई जा सकती है।अगर वोटर्स का बाया हाथ ही नहीं है तो ऐसी परिस्थिति में मतदाता के दाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर स्याही लगाई जाती है।यदि मतदाता के दोनों हाथों में कोई उंगली नहीं है तो ऐसे में उसके हाथ के किसी भी एक हिस्से पर स्याही लगाई जाती है।यदि वोटर्स का दोनों हाथ ही नहीं है तो इस स्थित में उसके पैर के अंगूठे पर स्याही से निशान लगाया जाता है। दरअसल, फर्जी मतदान रोकने और वोट डाल चुके मतदाता की पहचान के लिए यह विशेष स्याही बाएं हाथ की तर्जनी में लगाई जाती है, जो एक सेकंड के अंदर अपना निशान छोड़ती है और 40 सेकंड से भी कम समय में सूख जाती है। इसे कम से कम 72 घंटे तक मिटाया नहीं जा सकता है और कई अंगुलियों पर इसका रंग 15 दिनों तक लगा रहता है।वोट डालने के बाद बाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर लगी स्याही के साथ सेल्फी आपने भी जरूर ली होगी। खासतौर से युवाओं में इसे लेकर काफी क्रेज देखने को मिलता है। मौजूदा विधानसभा चुनावों में भी लोगों ने वोट डालने के बाद जमकर सोशल मीडिया पर सेल्फी पोस्ट की हैं। साथियों बात अगर हम अमिट स्याही की जरूरत की करें तो हमारे देश में साल 1951-52 में पहली बार चुनाव हुए थे। उस चुनाव में कई लोगों ने किसी अन्य व्यक्ति के स्थान पर वोट डाल दिया तो कईयो ने एक से अधिक बार मतदान का प्रयोग किया। चुनाव आयोग के पास जब इस तरह की शिकायतें आई, तो उसने इसका समाधान निकालने के विकल्पों पर विचार किया। चुनाव आयोग ने सोचा कि क्यों ना मतदाता की उंगली पर एक निशान बनाया जाए, जिससे यह पता लग सके कि वो वोट डाल चुका है। इसमें मुश्किल यह थी कि जिस स्याही का निशान बनाया जाए, वह अमिट होनी चाहिए। चुनाव आयोग ने इसके लिए नेशनल फिजिकल लेबोरेटरी ऑफ इंडिया से संपर्क किया। इसके बाद एनपीएल ने ऐसी अमिट स्याही तैयार की, जिसे ना तो पानी से और ना ही किसी केमिकल से हटाया जा सकता था। एनपीएल ने यह स्याही बनाने का ऑर्डर मैसूर पेंट एंड वार्निश कंपनी को दिया। साल 1962 में हुए चुनावों में पहली बार एमपीवीएल कंपनी द्वारा बनाई अमिट स्याही का इस्तेमाल किया गया।

# इंडिया गठबन्धन की उलझनों से भाजपा की राह आसान



ललित गर्ग

इंडिया गठबन्धन लगातार कमजोर होता हुआ दिखाई दे रहा है जबकि केंद्र की सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए में नये दलों के जुड़ने की खबरों से उसके बड़े लक्ष्य के साथ जीत की राह आसान होती जा रही है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें जीतने का लक्ष्य निश्चित किया है। भाजपा जहां इस बड़े लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पुराने सहयोगियों को फिर से साध रही है तो दूसरे दलों के नेताओं को अपने पाले में करने पर भी पार्टी का जोर है और वह इसमें बड़ी सफलताओं को प्राप्त कर रही है। ओडिशा में बीजेडी और आंध्र में टीडीपी से गठबंधन पक्का माना जा रहा है। त्रिपुरा का मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा भी अब भाजपा सरकार में शामिल हो गया है।



भाजपा पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक चुनावी समीकरण सेट करने एवं विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने की रणनीति में जुटी है। भाजपा ने अभी अनेक प्रांतों में अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है, ताकि दूसरे दलों के एनडीए में शामिल करने एवं उनसे सीटों के समीकरण को सेट करने के दरवाजे खुले रहे। निश्चित रूप से भाजपा की यह मजबूत होती स्थिति विपक्ष की एकता के लिए अच्छी खबर नहीं कही जा सकती क्योंकि इंडिया गठबन्धन विभिन्न मजबूत क्षेत्रीय दलों का ही गठबन्धन माना जाता है जिसमें कांग्रेस एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है।

समाजवादी पार्टी एवं आम आदमी पार्टी के अलावा अन्य क्षेत्रीय दलों में उतना दम नहीं है, या अनेक मजबूत दल एनडीए के साथ जुड़ चुके हैं या उन्होंने स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा करके इंडिया गठबन्धन की सांसें छीन ली है। इन नये गठजोड़ों से बनते राजनीतिक परिदृश्य इंडिया गठबन्धन के लिये चिन्ता का कारण है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक होंगे। ऐसी संभावनाएं हैं कि भाजपा शारदार एवं ऐतिहासिक जीत को सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर सक्रिय है। नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि इन चुनावों के परिणाम उनके 400 सीटों के लक्ष्य को हासिल करें। इसलिये भाजपा विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने के जोड़-तोड़ में लगी है। इस चुनाव को लेकर चुनावी गठबंधनों का दौर चल रहा है। राजनीतिक दल चुनावी गठबंधनों और सीटों के बंटवारे पर चर्चा कर रहे हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन में क्षेत्रीय दलों को जोड़ा जा रहा है, तो दूसरी तरफ खड़ा है इंडिया गठबंधन। कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने भी कुछ राज्यों में अपने सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग पर बात बना ली है। कुछ पर अब भी बात चल रही है। भाजपा ने 2 मार्च को अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में 195 उम्मीदवारों के नाम थे। कुछ ऐसे राज्य बिहार, महाराष्ट्र, ओडिशा, हरियाणा, पंजाब और कर्नाटक हैं जहां से भाजपा ने एक भी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की। इन राज्यों के एक भी सीट पर उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं करने का कारण है- भाजपा की अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन या गठबंधन के दलों के साथ सीट शेयरिंग पर अब भी चल रही बातचीत में संभावनाएं तलाशने की रणनीति। लोकसभा चुनाव सन्निकट हैं। इंडिया गठबन्धन एवं एनडीए रूठे नेताओं को मनाने, गठबंधन का गणित सेट करने और पुराने सहयोगियों को फिर से साथ लाकर कुनबा बढ़ाने की कोशिशों में जुटे हैं। भाजपा ने इन चुनावों में 'अबकी पार, 400 पार' का नारा दिया है। अब पार्टी इस नारे को चुनाव नतीजे में तब्दील करने के लिए व्यापक स्तर पर गठबंधनों की संभावनाओं को तलाश रही है। ओडिशा में बीजू जनता दल और भाजपा का गठबंधन पक्का माना जा रहा है। अगर ये गठबंधन होता है तो राज्य में दोनों ही दलों को बढ़िया चुनाव परिणाम मिल सकते हैं। कारण कि पिछले लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस को मात्र 1 सीट पर जीत मिली थी और वर्तमान में यहां की राजनीति पर नवीन पटनायक की मजबूत पकड़ बताई जाती है। लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में दोनों पार्टियां 11 सालों तक गठबंधन में रहीं। इस दौरान दोनों दलों का राज्य की राजनीति पर दबदबा बना रहा। पटनायक राजनीति के महारथि है, उनको भाजपा के साथ गठबंधन करना ही पार्टी एवं राज्य की जनता के हित में प्रतीत हो रहा है। बीजू जनता दल की पिछले 25 वर्षों से ओडिशा में सरकार है और इसके मुख्यमन्त्री श्री नवीन पटनायक इस पार्टी के एकछत्र नेता माने जाते हैं और इस दल का 2009 तक भाजपा से सहयोग था और यह एनडीए का हिस्सा था। 1998 में जब एनडीए का गठन हुआ था तो बीजू जनता दल स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में इसमें शामिल हुआ था। मगर 2008 में ओडिशा के कन्धमाल में भीषण साम्प्रदायिक दंगे हुए थे जिनमें भाजपा पर भी गंभीर आरोप लगे थे। उसके बाद 2009 में बीजू जनता दल लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए से बाहर आ गया था। अब पुनः 15 वर्ष बाद वर्ष 2024 के आम चुनाव में ही यह पुनः एनडीए में शामिल हो रहा है और श्री मोदी के नेतृत्व में राज्य को विकास की नयी ऊंचाइयां देना चाहते हैं। नवीन बाबू की वरीयता राज्य शासन पर काबिज रहना है और भाजपा का लक्ष्य केन्द्र की सरकार पर आरूढ़ रहना है। दोनों पार्टियां एक-दूसरे के लक्ष्य को पूरा करने में एक-दूसरे की सहायक हो सकती हैं। अतः इससे विपक्ष का यह विमर्श भी निस्तेज पड़ता है कि श्री मोदी के सत्ता में आने के बाद से देश में भाजपा विरोध का समां बंधा है। मोदी के प्रभावी नेतृत्व का ही परिणाम है कि अनेक क्षेत्रीय दल भाजपा का समर्थन करते हुए न केवल अपनी राजनीति को जीवंत रखना चाहते हैं बल्कि नया भारत-सशक्त भारत बनाने में खुद को शामिल करना चाहते हैं। ओडिशा की ही तर्ज पर बिहार में भी नीतीश को मोदी के नेतृत्व में हित दिखाई दिया है। यही कारण है लोकसभा चुनाव के पहले बिहार में राजनीतिक बदलाव करते हुए नीतीश एनडीए से जुड़ गये। इस बदलाव से राज्य में भाजपा और नीतीश कुमार को इस चुनाव में बड़ा फायदा होने की संभावनाएं है। राज्य में भाजपा के साथ एनडीए गठबंधन में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के अलावा इन दलों का भी साथ है- चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी- रामविलास (लोजपा रामविलास), चिराग के चाचा पशुपति पारस की लोजपा, उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) और जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान आवाम मोर्चा। लेकिन इन दलों एवं भाजपा के बीच कई कारणों से पेंच फंसे हुए है।

# सरकारी योजनाओं से जागरुक नहीं ग्रामीण



संगीता चौहान

**राजस्थान का एतिहासिक उदयपुर शहर झीलों की नगरी के नाम से भी प्रसिद्ध है जहां सालों भर देश और दुनिया के पर्यटकों का जमावड़ा लगा रहता है। यहां कि सुंदरता की मिसाल इसी से लगाई जा सकती है कि दुनिया के बड़े बड़े उद्योगपति और फ़िल्मी सितारे वेडिंग स्थल के रूप में इसी शहर का चुनाव करते हैं। इसलिए इस शहर की भव्यता और सुंदरता देखते ही बनती है. लेकिन इसी शहर से मात्र चार किमी की दूरी पर बसा है मनोहर पुरा गांव. अनुसूचित जाति बहुल इस गांव की आबादी लगभग एक हज़ार है और साक्षरता की दर करीब पचास प्रतिशत है. शहर से करीब होने के बावजूद इस गांव की अधिकतर आबादी विभिन्न सरकारी योजनाओं से वंचित है। वर्तमान में राजस्थान सरकार द्वारा राज्य को मॉडल्स्टेट बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं. जिसके अंतर्गत सरकार द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं. इसके अतिरिक्त केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं को भी धरातल पर शत प्रतिशत लागू करना है. इन सब का अंतिम लक्ष्य राजस्थान की जनता को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।**

ऐसे में सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना, लकड़ी और धुएं वाले चूल्हे से महिलाओं को मुक्ति दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना तथा शिक्षा, कृषि और चिकित्सा जैसे सुरक्षा की कई योजनाओं को धरातल पर लागू करने के लिए प्रयासरत है. परंतु इसके बावजूद इनमें से कई ऐसी योजनाएं हैं जिसका लाभ मनोहर पुरा गांव की जनता को नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में गाँव की एक बुजुर्ग महिला नंदू बाई बताती हैं कि वह पिछले 40 वर्षों से इसी गाँव में रहती आई हैं. पिछले वर्ष उनके पति का स्वर्गवास हो गया. वह एक वर्ष से विधवा पेंशन के लिए दौड़ धूप कर रही हैं. परंतु जागरूकता के अभाव में वह विभाग से अपनी पेंशन शुरू करवाने में असफल रही हैं. नंदू बाई बताती हैं कि इस सिलसिले में वह कई बार ई-मित्र से भी मिल चुकी हैं, लेकिन वह भी उनके आवेदन को गंभीरता से नहीं लेता है और उसे अप्लाई करने में रुचि नहीं दिखाता है. हालांकि नंदू बाई बताती हैं कि यह काम प्रशासन का है कि वह उन जैसे बुजुर्गों के पेंशन की व्यवस्था करे, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है. इतना ही नहीं, मनरेगा गारंटी योजना से भी ग्रामीण जागरूक नहीं हैं. कई ऐसे ग्रामीण हैं जिनके पास जॉब कार्ड तो बना हुआ है, लेकिन आज तक उन्हें मनरेगा से कभी काम नहीं मिला है।

हालांकि सरकार की ओर से ऐसी व्यवस्था की गई है कि इसके तहत कोई भी ग्रामीण पंचायत से फॉर्म 6 भरकर काम मांग सकता है. लेकिन इन ग्रामीणों को ऐसी किसी प्रकार की जानकारी तक नहीं है. इसका सबसे अधिक नुकसान महिलाओं को हो रहा है. मनरेगा से काम नहीं मिलने के कारण पुरुष काम की तलाश में शहर या अन्य राज्यों की तरफ पलायन कर जाते हैं, लेकिन महिलाओं को घर की देखभाल के कारण गाँव में ही रुकना पड़ता है. ऐसे में गाँव की अनेक महिलाएं घर की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए शहर के बड़े घरों में झाड़ू पोंछा लगाने का काम करने को मजबूर हैं. इस संबंध में गाँव की एक 32 वर्षीय महिला जानकी देवी कहती हैं कि उनके पति और उन्होंने कई वर्ष पहले मनरेगा के तहत जॉब कार्ड बनवाया था, लेकिन आज तक उन्हें कोई काम नहीं मिला है. इस संबंध में वह कई बार पंचायत कार्यालय भी गई लेकिन सिवाय आश्वासन के कुछ भी नहीं मिला. वह कहती हैं कि गाँव में अनुसूचित जाति की संख्या अधिक है और वह स्वयं इसी जाति से हैं. इनकी जाति के कई लोगों को मनरेगा के तहत काम मिल चुका है, लेकिन उन्हें या उनके पति को आज तक काम नहीं मिला। उन्हीं की जाति की एक अन्य महिला शांति बाई नाराजगी के साथ कहती हैं कि मनोहर पुरा गाँव में कई बुनियादी आवश्यकताओं की कमी है. सबसे अधिक लोगों को रोजगार की जरूरत है. इसके लिए पुरुष और युवा गांव से पलायन कर रहे हैं। चुनाव के समय सभी दलों के नेता आकर सब कमी को दूर करने का आश्वासन देते हैं. लेकिन चुनाव के बाद कोई नेता पलट कर इस गाँव में नहीं आता है. शांति बाई कहती हैं कि जिन लोगों की पहुँच राजनीतिक दलों या विभाग से होती है वह सभी योजनाओं का लाभ उठा लेते हैं, लेकिन हमारे जैसे लोग नहीं जानते हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कहां और कैसे आवेदन करनी है? कोई हमारा मार्गदर्शन करने को तैयार नहीं होता है. कई ऐसे लोग हैं जिनके पास आज तक उनका आधार कार्ड नहीं बना है, जिसके कारण वह किसी प्रकार को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने से वंचित हैं. उन्होंने बताया कि गाँव में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला प्यारी देवी अकेले रहती हैं. इस बुढ़ापे में उनका कोई नहीं है. वह कहीं काम करने में भी अक्षम हैं. ऐसे में उनके लिए वृद्धा पेंशन कारगर सिद्ध हो सकता है. लेकिन आधार कार्ड नहीं बने होने के कारण वह इसका लाभ उठाने से आज तक वंचित है। सिर्फ मनोहर पुरा गाँव के स्थाई निवासी ही नहीं बल्कि काम की तलाश में 10 वर्ष पूर्व बिहार से आकर यहां बसा कई परिवार ऐसा है जो किसी भी प्रकार का दस्तावेज़ नहीं होने के कारण सुविधाओं का लाभ उठाने से वंचित है. उनके बच्चों का आधार कार्ड नहीं होने के कारण आज तक वह बच्चे स्कूल नहीं जा सके हैं और न ही उन परिवारों को राशन या अन्य कोई सुविधाएं मिल पा रही है. मनोहर पुरा ही नहीं, बल्कि उसके जैसे देश के कई ऐसे गांव हैं जहां शिक्षा के अभाव में लोगों अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक नहीं हो पाते हैं. इन सब समस्याओं को देखते हुए ऐसा लगता है कि जागरूकता के अभाव में लोग सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाने से वंचित हैं. वहीं दूसरी ओर विभाग की उदासीनता के कारण भी सरकार की योजनाएं धरातल पर लागू होने की जगह फ़ाइलों में दब कर रह जाती हैं।



# कृषि विश्वविद्यालय का आज शिलान्यास करेंगे सीएम योगी

अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी रविवार को कुशीनगर में

**150 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा कृषि विश्वविद्यालय**

महात्मा बुद्ध कृषि विश्वविद्यालय का शिलान्यास करेंगे। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर उनकी बातों को सुनने के लिए और कार्यक्रम को भव्यता देने के लिए क्षेत्रीय विधायक पी.एन पाठक ने दर्जनों गांवों का भ्रमण कर लोगों से कार्यक्रम स्थल पहुंचने का अनुरोध किया।



मंच का जायजा लेते जनप्रतिनिधि व अधिकारी



भींड जुटाने के लिए लोगों से प्रेरित करते विधायक

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने क्षेत्र के मल्लूडीह, खदही, भुदेवपुर, कोल्हुआ, सपहा, खेसारी गिदहा सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण कर लोगों की समस्याओं को सुना और यथाशीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।इसी क्रम में लोगों से वार्ता के क्रम अपील किया कि आप सभी प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मा. योगी आदित्य नाथ के तथागत की भुमि कुशीनगर में रविवार को महात्मा बुद्ध कृषि विश्वविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंच कर उनकी बातों को सुने तथा कृषि विश्वविद्यालय की आधारशिला कार्यक्रम के साक्षी बने। उन्होंने यह भी कहा कि देश के मुखिया मां नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया मां.आदित्यनाथ जी महाराज जिसका शिलान्यास करते हैं उसका लोकार्पण भी करते हैं यह विश्वविद्यालय बहुत जल्द बनकर तैयार होगा जिससे किसानों को खेती नये नये तकनीक की जानकारी मिलेगी और उनका सर्वांगीण विकास हो सकेगा।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह, पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव देहात मंडल अध्यक्ष कसया रामायण कुशवाहा,राज पाठक, सभासद सुर्यनाथ यादव संत,राजकुमार यादव,बाबू श्रीनिवास सिंह, प्रधानाचार्य अमरजीत कुशवाहा, पूर्व प्रधान महेंद्र गुप्ता, सुनील पांडेय, राजकुमार गुप्ता, राकेश यादव, मुन्ना राय, पन्नेलाल केशरी, राजमंगल कुशवाहा, राजकुमार जी,अनिल जायसवाल, चन्द्रभान गिरी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# डाक सेवाओं के क्षेत्र में प्रयागराज का अहम स्थान : कृष्ण कुमार यादव

- प्रयागराज प्रधान डाकघर में लिफ्ट का पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने किया लोकार्पण



**लखनऊ।** विभाग अपनी सेवाओं और परिवेश को दिनों-ब-दिन हाई टेक और कस्टमर फ्रेंडली बना रहा है। इसी क्रम में सिविल लाइंस स्थित प्रयागराज प्रधान डाकघर में लिफ्ट का लोकार्पण प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने 9 मार्च को किया। इस अवसर पर निदेशक डाक सेवाएं श्री गौरव श्रीवास्तव, प्रवर डाक अधीक्षक श्री अभिषेक श्रीवास्तव, सीनियर पोस्टमास्टर श्री राजेश श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि डाक सेवाओं के क्षेत्र में प्रयागराज का महत्वपूर्ण स्थान है। यहीं से तमाम डाक सेवाओं की शुरूआत हुयी और आज भी धरोहर के रूप में तमाम बातों को यह सहेजे हुये है। प्रधान डाकघर की अवस्थिति इसे और भी महत्वपूर्ण बनाती है। इसके आगोश में इतिहास के तमाम पहलू छुपे हुये हैं। अंग्रेजों के ज़माने में वर्ष 1834 में निर्मित प्रधान डाकघर की पुरानी बिल्डिंग का स्थापत्य, कमरों की डिज़ायन और बड़े-बड़े हॉल वाकई मनमोहक हैं। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि प्रधान डाकघर में एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध हैं, ऐसे में यहाँ लिफ्ट लगने से ग्राहकों और कर्मियों सभी को सुविधा होगी। विशेषकर दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं के लिए इस लिफ्ट से काफी सहूलियत होगी। प्रतिदिन प्रधान डाकघर में एक हज़ार से ज़्यादा लोग सामान्य डाक सेवाओं, स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री व पार्सल बुकिंग, बचत बैंक, आधार, पासपोर्ट, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, फ़िलेटली इत्यादि के लिए आते हैं। ग़ौरतलब है कि प्रधान डाकघर भवन के भू तल एवं प्रथम तल पर डाक सेवाओं के विभिन्न काउंटर्स हैं, वहीं द्वितीय व तृतीय तल पर क्रमशः प्रवर डाकघर अधीक्षक और पोस्टमास्टर जनरल कार्यालय अवस्थित है।

# अनुप्रिया पटेल को मिली जेड कैटेगरी की सुरक्षा

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अनुप्रिया को अब जेड कैटगरी की सुरक्षा दी है। पहले उनके पास वाई श्रेणी की सुरक्षा थी जेड कैटगरी में 22 सुरक्षाकर्मी अनुप्रिया पटेल की सुरक्षा में तैनात रहेंगे। इनमें छह एनएसजी कमांडो और बाकी पुलिसकर्मी शामिल रहते हैं। जेड प्लस के बाद जेड कैटगरी दूसरे नंबर की सुरक्षा होती है। दिल्ली पुलिस, आईटीबीपी और सीआरपीएफ जवानों की तरफ से यह सुरक्षा कवर वीआईपी को मिलता है।

गौरतलब है कि अनुप्रिया पटेल अपना दल सोनेलाल की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। अपना दल एनडीए का हिस्सा है। 2019 लोकसभा चुनाव में अपना दल को दो सीटें मिली थीं और दोनों पर जीत हासिल हुई थी। 2024 चुनाव के लिए भी चर्चा चल रही है कि अपना दल को एक बार फिर 2 सीटें दी जा सकती हैं। अपना दल के पास अभी मिर्जापुर और सोनभद्र लोकसभा



सीट है। संभावना जताई जा रही है कि ये दोनों सीटें एक बार फिर अनुप्रिया के खाते में जा सकती है। नरेंद्र मोदी सरकार में स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से एमबीए किया हुआ है। अनुप्रिया पटेल के पति आशीष सिंह यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। मां कृष्णा सिंह और बहन पल्लवी पटेल से अदावत के चलते अनुप्रिया पटेल अक्सर चर्चा में बनी रहती हैं। लोकसभा चुनाव से पहले अनुप्रिया की सुरक्षा बढ़ाने के फैसले को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। इसको सियासी नफा और नुकसान के एंगल से देखा जा रहा है।

# जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 500 लोगों की समस्याएं

- शीघ्रता से करें जन समस्याओं का समाधान
- अधिकारियों को दिए पारदर्शी और संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। इत्मीनान से उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए, इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए।



हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 500 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

# मायावती का अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान

- बहुजन समाज के हित में बीएसपी का फैसला अटल

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने एलान किया है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने किसी तीसरे मोर्चे और किसी के साथ गठबंधन करने के अटकलों पर भी विराम लगा दिया है।

दरअसल, इंडिया गठबंधन से करीबी बढ़ने की चर्चाएं चल रहीं थीं। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बड़ा एलान किया है। पोस्ट में उन्होंने अकेले ही लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान किया है।

मायावती ने लिखा कि बीएसपी देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है। ऐसे में चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाह फैलाना यह घोर फेक व गलत न्यूज़। मीडिया ऐसी शरारतपूर्ण



खबरें देकर अपनी विश्वसनीयता न खोए। लोग भी सावधान रहें। ख़ासकर यूपी में बीएसपी की काफी मज़बूती के साथ अकेले चुनाव लड़ने के कारण विरोधी लोग काफी बैचेन लगते हैं। इसीलिए ये आए दिन किस्म-किस्म की अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं। किन्तु बहुजन समाज के हित में बीएसपी का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल। मायावती इसके पहले भी कई बार लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी तरह के गठबंधन में शामिल होने से इनकार करती रही हैं। उन्होंने चुनाव के लिए अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा भी नहीं की है जिसके कारण उनके इंडिया गठबंधन में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं।

## भगवान झूलेलाल का भव्य स्वागत द्वार लगाया जायेगा

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम की महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा की झूलेलाल वाटिका में भगवान झूलेलाल जी का भव्य स्वागत द्वार लगाएगा। लखनऊ के सिंधी समाज वा चेट्टी चंद मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने महापौर सुषमा खर्कवाल जी का उनके आवास पर पंहुच कर जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया और उन्हें लड्डू भेंट किए। चेट्टी चंद मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी, अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेंद्र भावनानी, संयुक्त मंत्री सतीश आडवानी, सुरेश चबलानी, अशोक चादवानी, किशन चंद बंबानी, राम बालानी, दीपक लालवानी, हंसराज राजपाल और अनील बजाज सहित सभी ने झूलेलाल वाटिका में भगवान झूलेलाल जी का स्वागत द्वार व झूले लाल जी की प्रतिमा को नगर निगम के खर्चे से निर्माण करवाए जाने की घोषणा पर खुशी जाहिर की। इसके लिए पूरे सिंधी समाज न मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार प्रकट किया। सभी ने के आवास पर स्वागत अभिनन्दन के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल जी ने सिंधी समाज को आश्वास्त किया है कि जल्द ही काम शुरू कर भव्य स्वागत द्वार लगाया जायेगा।

# महाशिवरात्रि महोत्सव में भव्य शिव महा श्रृंगार, शिव सेवक रत्न सम्मान, पूजन व भंडारा

**लखनऊ।** श्री संकटमोचन, कालीबाड़ी मन्दिर व डॉ अशोक कुमार श्रीवास्तव फैंस क्लब के तत्वावधान में महाशिवरात्रि महोत्सव का आज कालीबाड़ी के महंथ व प्रसिद्ध धर्माचार्य श्री रवीन्द्र दास महराज की देख-रेख में बड़े ही भव्य श्रद्धा पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में प0 अयेध्दा शर्मा, प0 उप्रेन्द मिश्रा व प0 हरेन्द्र मिश्रा पुजारी का भी विशेष सहयोग रहा। महंथ रवीन्द्रदास महराज ने कहा कि पर्व-त्यौहारों का अपना अस्तित्व है। इस अवसर पर समाज के सभी वर्गो को एक दूसरे के साथ मिलकर इन पर्वों को मनाना चाहिये। पर्व -त्योहार परस्पर भाईचारे की भावना को बढ़ाने वाले होते हैं। कालीबाड़ी का पौरारिक महत्व है।हमें इसके इस स्वरूप को बरकरार रखना चाहिये। उन्होंने समस्त देश वासियों के प्रति मंगल कामना व्यक्त कीं। श्री बी एन बैजल व मांगीरिश इफ्राटेक के प्रमुख ई0 संजीत कुमार ने कहा कि महाशिवरात्रि पर कालीबाड़ी मन्दिर मे हर वर्ष बड़ी ही श्रद्धा पूर्वक मनाया जाता रहा है जिसमें



बड़ी संख्या में शिवभक्त अपनी भागीदारी निभाते हैं। महाप्रभु शिव की कृपा से भक्तों की संख्या में निरन्तर विशाल होती जा रही है और वे मानव जीवन में सत्सं ग का महत्व भी समझते जा रहे हैं। क्योंकि सत्सं ग, भजन व भक्ति के माध्यम से ही इस मानव जीवन का कल्यान ही रहा है महंथ रवीन्द्र दास महराज ने बताया कि इस विशेष कार्यक्रम आज प्रातः 5 बजे से शुरू हुआ। पट खोलने के बाद अभिषेक, भो ग का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रातः 6-30 बजे आरती, प्रातः 7 से 9 बजे तक श्री शिव चरित्र का पाठ, 9 से 10 बजे तक भजन व प्रासाद वितरण दोपहर 12 बजे दोपहर की आरती, सायंकाल 4 से महाप्रभु के जीवन पर की गाथा किया गया, तत्पश्चात् प्रभु शिव का महाश्रृंगार, महाआरती, महाप्रसाद वितरन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अन्त में 9 बजे बच्चों का श्री महाप्रभु रूप ,वं श्र सेज आरती व महा भंडारा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में भजन गायक ओमप्रकाश गुप्ता व उनकी टीम ने सुमधुर भजन गाये। जबकि सोनी ने च्अमीर चले आये, गरीब चले आये, शिव के दरबार में सभी चले आयेज्ज् च्मेरा छोटा सा परिवार, शिव आ जाओ ,इकबारज्ज् आदि भजन से अच्छा समां बांधा। भजनगायन में दिपक श्रीवास्तव का ढोलक वादन बहुत ही करनप्रिय रहा। इस कार्यक्रम का संचालन दीपक बाबा जी व जितेंद्र जी ने किया। विशेष महाश्रृंगर समारोह के दौरान प्रमुख रूप से मंजीत कुमार श्रीवास्तव (बाबु) व शशांक शुक्ला को शिव सेवक रत्न से सम्मानित किया गया, इस अवसर पर प्रमुख रुपए बी एन बैजल,गुड्डू लाल चौरसिया, रोहित चौरसिया, राजेश राजेश ,सौरभ श्रीवास्तव, डॉ0 मनोज कुमार (पुर्व सयुक्त मत्री, गुआक्टा व विभागाध्य , सेडिका) प्रसि द्ध चिकित्सक दन्त डॉ0 श्रीप्रकास श्रीवास्तव इन्जि0 रंजीत कुमार श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव, अवधेश सिंह,राजू गुप्ता, मनीष चन्द्र,अनिल मिश्रां, अभिषेक जालान शिव प्रकाश, प्रकास, अनुपम श्रीवास्तव, धीरेन गोविंद जी सहित हर वर्ग के लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# विधान परिषद चुनाव के लिए भाजपा ने घोषित किए प्रत्याशी

**सात उम्मीदवार उतारे**

- पांच मई को कई सदस्यों का पूरा हो रहा कार्यकाल

**लखनऊ।** भाजपा ने यूपी में होने वाले विधान परिषद चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने प्रदीप उपाध्यक्ष, विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र सिंह, अशोक कटारिया को फिर से मौका दिया है। इसके अलावा, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, डॉ धर्मेंद्र सिंह, मोहित बेनीवाल और राम तीरथ सिंह को टिकट दिया है। विधान परिषद के इस चुनाव में विधान सभा के सदस्य वोट देंगे। पांच मई को कुल 13 सीटें रिक्त होंगी, जिनके लिए चुनाव कराया जा रहा है।

13 सीटों पर होने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 10 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। इनमें 9 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी होंगे। एक सीट अपना दल एस को गठबंधन में दी जाएगी। अपना दल (एस ) के



कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष पटेल प्रत्याशी होंगे। उधर, समाजवादी पार्टी ने अपने प्रत्याशी लगभग तय कर लिए हैं। पार्टी अपने प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, पूर्व मंत्री बलराम यादव और पूर्व विधायक शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली को विधान परिषद में भेजेगी। इन पर पार्टी में उच्चस्तर पर सहमति बन चुकी है, सिर्फ औपचारिक घोषणा होना बाकी है। भाजपा के यशवंत, विजय बहादुर पाठक, विद्यासागर सोनकर, डॉ. सरोजनी अग्रवाल, अशोक कटारिया, अशोक धवन, बुक्कल नवाब, महेंद्र कुमार सिंह, निर्मला पासवान, मोहसिन रजा, अपना दल (एस ) के आशीष पटेल, बसपा के भीमराव आंबेडकर और सपा के नरेश उत्तम पटेल का कार्यकाल पांच मई को समाप्त हो रहा है।

# आईटीएम गीडा में वार्षिक उत्सव का हुआ रंगारंग आगाज

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** आईटीएम ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूसन्स, गीडा, गोरखपुर मे अप्रैल माह मे आयोजित होने वाले सांस्कृतिक, तकनीकी एवं खेलकूद महोत्सव परंपरा -2024 का शुभारम्भ संस्थान के सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल एवं निदेशक डॉ एन के सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ एन के सिंह ने बताया कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव एवं दीक्षांत समारोह च्परंपरा-2024 का आयोजन 11-13 अप्रैल के बीच होगा। तीन दिन आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम मे सांस्कृतिक कार्यक्रम मे एकल गायन, युगल गीत, डांस, मेहंदी प्रतियोगिता, नाटक, हास्य, कविता,रंगोली, रामचरित मानस पर आधारित प्रतियोगिता, सांस्कृतिक अंताक्षरी, फ्लॉवर पॉट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, फिल्मिस्तान, फेस पेंटिंग, टीशर्ट पेंटिंग, डम्बशराड तकनीकी गेम(विवेका) मे रोबो रेस, रोबोवार, आईडिया प्रेजेंटेशन, ब्रीजकृति, वेबसाइट डेवलपिंग, एप्लीकेशन डेवलपमेंट, कॉल ऑफ़ ड्यूटी, डिबगिंग, शार्क टैंक, नीड फॉर स्पीड, ऐड प्रो एवं खेलकूद(स्पर्धा) मे वॉलीबाल, बैडमिंटन, 100 मीटर रेस, चेस, टेबल टेनिस, फुटबॉल, बास्केटबॉल,लंबी कूद, ऊँची कूद, डिस्क थ्रोआदि प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जायेगा। संचालन शालिनी सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर फार्मेसी के निदेशक डॉ पी डी पंडा, डॉ नरेन्द्र सिंह, डॉ आर पी सिंह, डॉ निधि गुप्ता, डॉ ए आर त्रिपाठी,डॉ आर एल श्रीवास्तव,विनीत राय, डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉ आशुतोष पाण्डेय, दीप्ति ओझा, श्वेता सिंह, प्रदीप चौधरी, डॉ अलका श्रीवास्तव,ए के सिन्हा, सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण एवं समस्त छात्र - छात्राएं मौजूद रही।

## किसानों की समस्याओं और एमएसपी को लेकर सरकार से वार्ता जारी रहेगी

**लखनऊ।** रालोद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन त्रिलोक त्यागी ने प्रेसवार्ता में कहा कि प्रदेश कार्यसमिति ने दो सीटों पर पार्टी प्रत्याशी व अन्य सीटों पर एनडीए के प्रत्याशी को जिताने का प्रस्ताव पास किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से हमारे प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष से हमारे जिला अध्यक्ष समन्वय करेंगे। प्रदेश कार्यसमिति ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पास किया है।

उन्होंने कहा कि हमारा एक एक कार्यकर्ता और किसान इस निर्णय से खुश है इसलिए वह पूरी तन्मयता से एनडीए प्रत्याशी को जिताने के लिए काम करेगा। किसानों की समस्या व न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के सवाल पर त्यागी ने कहा कि किसानों की समस्या के समाधान और एमएसपी के लिए सरकार से बात जारी रहेगी। रालोद किसानों के मुद्दे शुरू से अंत तक उठाता रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एमएलसी की एक सीट पर रालोद चुनाव लड़ रही है।

# लोकतंत्र बचाने का है चुनावः अखिलेश

## ईडी-सीबीआई जैसी संस्थाओं को हमेशा के लिए खत्म कर देना चाहिए

- सपा को इलेक्शन बांड से ढाई करोड़ मिले

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई के काम करने के तरीके पर कहा कि ऐसी संस्थाएं हमेशा के लिए खत्म कर देनी चाहिए। जैसे नेताजी मुलायम सिंह यादव ने सत्ता में आने पर व्यापारियों पर लगने वाला चुंगी खत्म कर दिया था। वह सपा कार्यालय में भाजपा, रालोद और बसपा से आए नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यूपी में जिस तरह महिलाओं के खिलाफ अपराध हो रहे हैं उसका संज्ञान गृह मंत्रालय को लेना चाहिए। प्रदेश में कई महिला उत्पीड़न के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को समय-समय पर राज्य की कानून व्यवस्था की भी समीक्षा करनी चाहिए क्योंकि यहां रक्षक ही भक्षक बन जाते हैं। अखिलेश यादव ने



कहा कि 2024 का चुनाव लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। संविधान बचाने का चुनाव है और अपना सम्मान बचाने का चुनाव है।

यूपी के लोगों ने भाजपा का 2014 में स्वागत किया है और अब 2024 में विदाई कर देंगे। यूपी के लोग स्वागत अच्छा करते हैं तो विदाई भी अच्छी करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पीडीए की बढ़ती ताकत से घबरा गई है। इस बार उनकी विदाई निश्चित है। उन्होंने नारा दिया कि भाजपा हटाओ एमएसपी की कानूनी गारंटी पाओ। भाजपा हटाओ नौकरी पाओ। अखिलेश ने खुलासा किया कि समाजवादी पार्टी को इलेक्टोरल बांड के माध्यम से एक बार ढाई करोड़ रुपये मिले। ऐसी ही कुछ राशि एक अन्य बार भी मिली। भाजपा को भी खुलासा करना चाहिए और एसबीआई को डिटेल देनी चाहिए। बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा एक बार फिर से अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने पर अखिलेश यादव ने कहा कि इसके लिए उन्हें धन्यवाद। बता दें कि मायावती ने शनिवार सुबह ही सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि बसपा के किसी भी गठबंधन में शामिल होने की बातें अफवाह हैं। बसपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी। शनिवार को डॉक्टर सीताराम राजपूत भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में अपने समर्थकों के साथ शामिल हो गए। इसके अलावा, आरएलडी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे लतेश विधूड़ी, परवेज आलम, बसपा के इलियास अंसारी, कुशीनगर, पूर्व विधायक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, हरदोई के तिलक चंद्र वर्मा, औरैया के पूर्व विधायक मदन गौतम और सुबोध यादव सपा में शामिल हो गए। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रूपये का कर्ज माफ कर दिया गया। उन्हें फिर कर्ज दिया गया। जिनका कर्ज माफ किया था उन्होंने इलेक्टोरल बांड खरीदा। इसका ब्यौरा अब एसबीआई सुप्रीम कोर्ट को नहीं दे रहा है।

# नारी शक्ति फिटनेस रन में ऋचा यादव रही अव्वल

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** नेहरू युवा केंद्र इटावा युवा मामले विभाग भारत सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर बढ़पुरा खंड में नारी शक्ति महिला फिटनेस रन का आयोजन पान कुँवर इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में पान कुँवर इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक डॉ कैलाश चंद यादव बतौर मुक्य अतिथि रहे। जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र द्वारा मुख्यातिथि एवं उपस्थित युवाओ का स्वागत किया गया। विद्यालय की पच्चीस युवतियों द्वारा नारी शक्ति फिटनेस रन 500 मीटर दौड़ में भाग लिया गया। प्रथम स्थान पर ऋचा यादव ने कब्जा किया। वही द्वितीय स्थान शिवानी दूबे ने हासिल किया



एवं तृतीय स्थान पर खुशी रही। संस्थान के संस्थापक डॉ कैलाश चंद यादव ने युवाओ को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य महिलाओं को सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक समानता दिलवाने के लिए प्रोत्साहित करना है। जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा ने कहा कि महिलाये आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है एवं अपने अधिकारो के प्रति धीरे धीरे सजग हो रही है। इन कार्यक्रमो से महिलाओ को अपने सही स्वास्थ्य सेहत के प्रति जागरूक करने की कोशिश है। उन्होंने बताया कि नेहरू युवा केंद्र द्वारा नारी शक्ति को नमन करते हुए नारी शक्ति फिटनेस रन का आयोजन जिले के प्रत्येक खंड में किया जा रहा है। मंच संचालन कविता, अध्यापिका पान कुँवर इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा किया गया। विजेता प्रतिभागियों को संस्थापक डॉ कैलाश चंद यादव एवं जिला युवा अधिकारी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। बसरेहर खंड में खंड स्वयंसेवक मोहिनी कश्यप, अजीत के द्वारा शंकरपुर में महिला दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत प्रधान पारुल जी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। प्रथम स्थान मोहिनीं, द्वितीय पर मुस्कान एवं तृतीय स्थान रागिनी ने हासिल किया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इसी क्रम में जिले के अन्य सभी खंडों में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवियो द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र इटावा के लेखाकार सर्वेश बाथम, खंड स्वयंसेवक प्रियंका, धारवी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बंदियों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की लगाई प्रदर्शनी

**मथुरा।** जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कारागार मथुरा में निरुद्ध बंदियों द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाने की अनुमति दी गई। उक्त अवसर पर कौशल विकास योजना के अंतर्गत ट्रेनिंग में बनाए गए विभिन्न रंग के गुलाल, लड्डू गोपाल जी के पोशाक,ठाकुर जी के मुकुट, विभिन्न प्रकार के एलईडी बल्ब,ट्यूब लाइट,हथकरघा में बने वस्त्र व साड़ी आदि की प्रदर्शनी लगाई गई। उक्त प्रदर्शनी में लगाई गई सामग्री को जिला जज, सीजेएम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा व अन्य न्यायिक अधिकारियों के द्वारा देखा गया। उनके द्वारा उक्त सामग्री की सराहना की गई तथा बंदियों एवं कारागार कार्मिकों के उत्साहवर्धन करते हुए साड़ी, गुलाल, बल्ब, गोपाल जी की पोशाक व मुकुट आदि की खरीदारी भी की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** समाज कल्याण समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर कई ग्रामीण महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न खेल क्रीड़ाओं में बाल पासिंग, रिंग पासिंग, सेव द बैलून जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें विभिन्न गांव से आई हुई महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। खेल क्रीड़ाओं के पश्चात मुख्य अतिथि प्रीति छाबड़ा प्रिंसिपल डीके इंटरनेशनल स्कूल तथा इटावा समाज कल्याण समिति निदेशक फादर रोशन सिस्टर विमला और समूह सखियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक



कार्यक्रमों में सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की जिसमें प्रार्थना, नृत्य स्वागत, गीत गायन आदि प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं द्वारा एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई जिसके द्वारा बाल विवाह जैसी कुप्रथा के दुष्प्रभावों को दर्शाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात मुख्य अतिथि प्रीति छाबड़ा ने अपने शब्दों द्वारा उपस्थित सभी जनों का मार्गदर्शन किया तत्पश्चात इटावा समाज कल्याण समिति के निदेशक फादर रोशन ने अपने विचारों द्वारा हम सभी का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी खेल क्रीड़ाओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में इटावा समाज कल्याण समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# आवासीय बालिका विद्यालयों में विज्ञान लैब की हुई स्थापना

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित जनपद मथुरा के कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालयों में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा के प्रयासों के माध्यम से सात कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालयों में विज्ञान लैब की स्थापना की गयी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा सुनील दत्त द्वारा बताया गया कि कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय, वि0ख0 चौमुंहा में विज्ञान लैब का शुभारम्भ लक्ष्मी नारायन चौधरी कैबिनेट मंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, द्वारा रिबन काटकर किया गया। वहीं कस्तूरबा गाँधी बालिक आवासीय विद्यालय, वि0ख0 छाता में विज्ञान लैब का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि देवी सिंह द्वारा रिबन काटकर किया गया। कस्तूरबा गाँधी बालिक आवासीय विद्यालय, वि0ख0 गोवर्धन में विज्ञान लैब का सुभारम्भ मेघश्याम विधायक, विधान सभा क्षेत्र-गोवर्धन द्वारा रिबन काटकर किया गया। कस्तूरबा गाँधी बालिक आवासीय विद्यालय, मुडेसी वि0ख0 मथुरा में विज्ञान लैब का सुभारम्भ जर्नादन शर्मा सासंद प्रतिनिधि, मथुरा द्वारा रिबन काटकर किया गया। जिसमें कस्तूरबा गाँधी बालिक आवासीय विद्यालय, वि0ख0 राया में विज्ञान लैब का शुभारम्भ विधायक प्रतिनिधि पंकज प्रकाश द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा समस्त बच्चियों को विज्ञान से सम्बन्धित कुछ बातें बतायी गयी तथा उद्बोधन किया गया।

## पत्रकारों को होली मिलन समारोह आज

**मथुरा।** ब्रज प्रेस क्लब द्वारा ब्रज क्षेत्र के सम्मानित इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट से जुड़े सभी पत्रकारों का होली मिलन समारोह का आयोजन 10 मार्च रविवार को आयोजित किया जा रहा है। ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्रज क्षेत्र के सभी सम्मानित पत्रकारों का होली मिलन समारोह का आयोजन 10 मार्च रविवार को डेम्पियर नगर स्थित हीरा क्रिस्टल होटल में प्रातः 10 से 12:00 बजे के मध्य आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण के स्वरूपों के मध्य मनभावन फूलों की होली की प्रस्तुति होगी होली महोत्सव की तैयारियो को पूर्ण कर लिया गया है जिसमें ब्रजक्षेत्र से सभी पत्रकारों के अलावा जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी और सामाजिक संस्थाओं के प्रमुखों को भी आमंत्रित है। होटल में ही सबके लिए सहभोज की व्यवस्था रहेगी।

# बबलू महिंद्रा ने श्री खाटू श्यामजी मंदिर में चौबीसवें सुंदर काण्ड की आरती कर शुभारम्भ किया

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** निर्माणाधीन श्रीखाटू श्यामजी मंदिर परिसर इकदिल पर शनिवार को सुंदर काण्ड का चौबीसवां आयोजन सनातन धर्म प्रेमियों के उत्साह और प्रभु गुणगान से सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। पूजन आरती का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पंकज तिवारी उर्फ बबलू महिंद्रा ने पत्नी सीमा तिवारी के साथ किया इस अवसर पर व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सन्तोष सिंह चौहान, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता कुशवाह, अनुपम अवस्थी, सुनीत चौहान, रामदास बाथम, कृष्ण गोपाल सक्सेना, साहब सिंह शंखवार, जय प्रकाश उपाध्याय, देव मिश्रा, अरुण दीक्षित, वकील सिंह पाल, हीरालाल बाथम, राजकुमार दीक्षित, कृष्ण अवतार मिश्रा, मनोज तिवारी, संजीव दुबे, रविंद्र पाल, दीपक दुबे,



राजनारायण दुबे, मुकेश दिवाकर, अशोक तिवारी, हरिश्चंद्र दिवाकर, बसंत राजपूत, गोविंद सिंह राजपूत, श्रीकृष्ण राजपूत, शशीवाला त्रिपाठी एड., प्राची सक्सेना, मोनिका अग्निहोत्री, ममता मिश्रा, गुंजन मिश्रा, जगश्री देवी, विमलेश चतुर्वेदी, ममता देवी, आराध्या त्रिपाठी, सौम्या, श्रीआ, अरुण जाटव, लकी, मनोज दुबे, शिव, हरिशंकर चौबे, शिव शंकर शाक्य आदि ने सुन्दर काण्ड के आयोजन में भाग लेकर प्रभु का गुणगान किया आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया सेवाश्रम के वरिष्ठ कार्यकर्ता लालजी दुबे ने खाटू श्यामजी का अंग वस्त्र ओढ़ाकर और सेवाश्रम कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सेवाश्रम प्रमुख चौधरी अमित त्रिपाठी और सेवाश्रम जिलाध्यक्ष शिवभूषण सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि को श्रीखाटूनरेश का प्रतीक चिन्ह भेंट किया आयोजन सफल बनाने के लिए सभी भक्तजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यकर्म के अंत में सभी भक्तों ने जय श्री राम, जय हनुमान, खाटू श्याम बाबा के जयकारे लगाए।

## संक्षिप्त समाचार

### विवेक गुप्ता के नेतृत्व में अयोध्या धाम के लिए इटावा से सात बसें हुई रवाना



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी इटावा प्रथम मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में सात बसें अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। विवेक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुराना शहर के सात स्थान तलैया मैदान पक्का तालाब छैराहा कोतवाली चौराहा नगर पालिका चौराहा नौरंगाबाद चौकी पक्का बाग पर बसें लगाई गई है जिनमें श्रद्धालु अयोध्या धाम श्री राम के बने भव्य मंदिर दर्शन के लिए रवाना हुए है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बस के बस प्रमुख और सह प्रमुख नियुक्त किए गए है। छैराहा बस प्रमुख अनुरुद्ध गुप्ता सह बस प्रमुख अंकित जैन तलैया मैदान बस प्रमुख कीर्ती वर्मा सह बस प्रमुख रवि कृष्ण कश्यप पक्का तालाब बस प्रमुख आशीष बाथम सह बस प्रमुख रोहित पटेल कोतवाली चौराहा बस प्रमुख वरुण दुबे सह बस प्रमुख गौरव सोनी पक्का बाग बस प्रमुख अखिलेश कौशिक सह बस प्रमुख जितेंद्र भदौरिया नौरंगाबाद चौकी ओम रतन कश्यप सह बस प्रमुख रोहित वर्मा नगर पालिका बस प्रमुख विवेक गुप्ता सह बस प्रमुख सुबोध राजपूत रहेंगे। 400 लोग कल अयोध्या धाम में विवेक गुप्ता मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रभु श्री राम के दर्शन करेंगे।

### सर्वजन सुखाय पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** सर्वजन सुखाय पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों और कार्यक्रमों की रुपरेखा तय करने में जुट गई है। सर्वजन सुखाय पार्टी की बैठक पार्टी कार्यालय मानिकपुर मोड़ और करवा खेड़ा में हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव ने संबोधित कर होने वाले लोकसभा चुनावों में जुट जाने को कहा एवं लोकसभा चुनाव की तैयारियों को तेज करने की बात कही। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे लोकसभा चुनाव की तैयारियों में पूरी ताकत झोंक दें। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सर्वजन सुखाय पार्टी एवं लोकसभा इटावा प्रत्याशी जसकरन सिंह कठेरिया, जिला अध्यक्ष इटावा जितेंद्र प्रताप सिंह एवं जिलाध्यक्ष ओरैया प्रेम सिंह एवं इटावा और औरैया जिला के विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### एसएसपी ने कन्याओं को कराया भोज



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** पुलिस लाइन में महाशिवरात्रि के अगले दिन शनिवार को भण्डारे का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन इटावा पहुंचकर कन्याओं को भोजन कराया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अमित कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक किश्वर अली एवं पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# नेहरू युवा केंद्र की तरफ से मनाया गया नारी फिटनेस दिवस

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** बिलग्राम क्षेत्र के नेहरू युवा केंद्र की तरफ से जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा के निर्देशानुसार एपीएस डिग्री कॉलेज बिलग्राम में 09 मार्च को नारी फिटनेस दिवस के रुप में बनाया गया जिसमें ग्राम डाभा गांव सभी बालिकाओं ने 200 मीटर दौड़ में प्रतिभाग किया मुख्य अतिथि डा. केशनपाल राठौर जिला पंचायत सदस्य ने प्रतिभागियों से परिचय कर शुभारंभ किया। सुधांशु कश्यप ने बताया कि हमारी युवा पीढ़ी ही हमारे देश भविष्य है तथा महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अपनेश राजपूत ने एक नारी की शक्ती क्या है एक नारी ठान ले तो क्या नहीं कर सकती है विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्तिथ कर्मठ भाजपा नेत्री एवम शुभ अल्ट्रासाउंड संचालिका दीपा विश्वास ने विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और शुभ अल्ट्रासाउंड की तरफ से प्रत्येक प्रतिभागी को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। दीपा विश्वास ने कहा की आप सभी बालिकाएं जिस किसी भी क्षेत्र में रूचि रखती हो उस क्षेत्र में काम करें आगे बड़े मैं हम आप सभी का हर यथा संभव मदद सहयोग करती रहूंगा इस अवसर सुधांशु कश्यप ने नेहरू



युवा केंद्र 14 से 29 वर्ष के युवाओं के बीच कार्य करता है जो युवाओं के अंदर प्रतिभा है उसका प्रदर्शन करने का मंच देता है चाहें वह खेल कुद प्रतियोगिता हो या डांस प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता हो युवा संवाद कार्यक्रम हो समय समय पर ऐसे विभन्न कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र कराता रहता साथ ही जिला प्रशासन के आदेशानुसार चल रहे मतदाता जागरूकता की शपथ करा कर कार्यक्रम का समापन किया इस दौरान कॉलेज के वरिष्ठ अध्यापक ज्ञानेंद्र, क्षेत्र पंचायत सदस्य गौरव कुशवाहा, अजीत कुशवाहा, राजन कुशवाहा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का साथ दिवसीय शिविर शुरू

**मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय यूनिटों के संयुक्त तत्वाधान में सुभाष इंटर कॉलेज बंगाली घाट,मथुरा में 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक और डॉ नवीन अग्रवाल के निर्देशन में प्रथम दिन कॉलेज कैंपस की स्वच्छता एवं साफ सफाई के पश्चात सरस्वती वंदना एवं लक्ष्य गीत के साथ शुभारंभ करते हुए कैंप के सफल संचालन हेतु विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया।

## जाबरा टोल पर कार सवारों का हंगामा

**मथुरा।** थाना मांट क्षेत्र के अन्तर्गत यमुना एक्सप्रेस वे के जाबरा टोल प्लाजा पर कार सवारों ने टोल कर्मी के साथ मारपीट कर दी। जिसका वीडियो टोल प्लाजा पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरों में क़ैद हो गया। घायल टोलकर्मी शिकायत लेकर थाना मांट पहुंचा। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। टोलकर्मी का आरोप है कि कार सवार टोल फ्री कराना चाहते थे। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। शनिवार को यमुना एक्सप्रेस वे के जाबरा टोल पर नोएडा की तरफ़ आ रही कार सवारों ने टोल प्लाजा पर टोल नहीं दिया, जब इसका विरोध टोल प्लाजा पर तैनात बूथ कर्मी महेश कुमार पुत्र यदुवीर सिंह निवासी मंथना थाना ख़ैर जनपद अलीगढ़ के साथ कार सवारों ने मारपीट कर दी। मारपीट में टोलकर्मी घायल हो गया।

# इस्लामिक सेंटर सचिव ने जारी की एडवाइजरी

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** रमजान और होली के संबंध में इस्लामिक सेंटर मदीना कॉलोनी फिरोजाबाद के सचिव मौलाना आलम मुस्तफा याक़ूबी ने 8 सूत्री एडवाइज़री जारी करते हुवे कहा की चाँद दखते ही 12 मार्च से रमजान का पवित्र महीना शरू हो रहा है यह मुसलमानो का पाक मुक़द्दस महीना है इसमें लोगों के गुनाहों को माफ़ किया जाता है इस में लोग दिन में रोज़ा रखते हैं और रात में 20 रकात तरावीह मर्द मस्जिदों में और महिलाएं घरों में पढ़ती हैं.. सभी मुस्लिम भाई बहन इस माह के रोज़े रखें और पूरे महीने तरावीह पढ़ें और अपने गुनाहों की माफ़ी मांगे और अपने रिश्ते नाते जोड़ें। चाँद देखना



सवाब है इस्लामिक सेंटर मदीना कॉलोनी मस्जिद आयशा में टेलस्कोप के ज़रिये चाँद देखा जाएगा, यह व्यवस्था पूरे ज़िले में सिर्फ इस्लामिक सेंटर मस्जिद आयशा में है इसलिए चाँद देखने तशरीफ़ लाएं।

1. रोज़ा रखना हर मुस्लमान बालिग़ मर्द,औरत पर पूरे महीने फर्ज़ हैं इसलिए सभी रोज़ा रखें ।

2. इसी रमजान माह में इस वर्ष हमारे हिन्दू भाइयों का बड़ा त्योहार होली है इसमें हमारे नौजवान एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखें गली मोहल्ले, बाज़ारों में घूमने के बजाए मस्जिद या घर में रह कर इबादत करें। 3.रमजान की एक इबादत जरूरतमंदों मिस्किनो गरीबों को तलाश करके जकात, सदकात, खैरात (दान ) देकर उनकी गरीबी को दूर करने में मदद करें ।

4. रमजान पवित्र माह के आखिरी दस दिन में एतिकाफ़ करना(जो मोहल्ले की मस्जिद में दस दिन का होता है ).बड़ा सवाब है..

5.रमजान में अपनी अपनी मस्जिदों के माइक की आवाज़ को स्लो (धीमी रखें ) और सेहरी के वक़्त हरगिज़ माइक पर शोर हंगामा ना करें जिस से कसी दूसरे को तकलीफ हो सभी एक दूसरे के जज़्बात का ख्याल रखें।

6. रमजान में कसी रोज़ेदार को अफ्तार कराना बड़ा सवाब है लेकिन यह याद रखें की हलाल लुकमे से अफ़्तार हो इसका खास ख्याल रखें।

7. रमजान के आखरी अशरे की किसी 5 रातों में से किसी एक में शबेक़द्र हो सकती है उस में खास तोर पर मस्जिद या घर में रह कर इबादत करें इसका एक हज़ार महीनों की इबादत के बराबर सवाब मिलता है। इसमें सड़कों और बाज़ारों और कैंटीन में अपना वक़्त खराब ना करें।

8. सड़कों पर रास्तों मे रास्ता रोकर नमाज़ अदा ना करें..

इस एडवाइजरी पर सभी लोग अमल करें। इस्लामिक सेंटर की तरफ से रमजान हेल्प लाइन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 11 मार्च से खोल दी जाएगी जिसमे व्हाट्सप और फेसबुक पेज और कॉन्टेक्ट नम्बर रहेगा जिसमे उलमा और मुफ़्ती हज़रत का एक पेनल रोज़ेदारों के मसाइल को हल करेंगे... व्हाट्सप ग्रुप का नम्बर है 8267012169,

# संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा-2024 में नीलगिरी हाउस बना विजेता

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'स्पोर्ट्स फिसटा 2024' के दौरान विवि के विद्यार्थियों ने लगभग सभी खेलों में पूरे जोश-खरोश के साथ भागीदारी की। खिलाड़ियों के चारों हाउसों के बीच आगे निकलने की होड़ मची रही। विश्वविद्यालय के नीलगिरी, अरावली, विंध्याचल व शिववालिक हाउसेस के मध्य कुल चौबीस प्रकार (क्रिकेट, वालीबाल, फुटबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस आदि) की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रारम्भिक दौर में चारों हाउस के मध्य समान्तर का मुकाबला रहा। अंतिम दौर में नीलगिरी व शिवालिक हाउसस् के मध्य कड़े संघर्ष के बाद नीलगिरी हाउस विनर तथा शिवालिक हाउसस् रनर घोषित हुए। सभी प्रतियोगियों में खिलाड़ियों ने 215 स्वर्ण पदक, 215रजत पदक व 200 कांस्य पदक हासिल किए।

'स्पोर्टस फिएस्टा 2024' के समापन पर आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान विजेता नीलगिली हाउस और उप विजेता शिवालिक हाउस को ट्राफी व अन्य खिलाड़ियों को उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर मेडल प्रदान किए गए। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के समापन समारोह के मुख्य अतिथि संस्कृति ग्रुप आफ़ इंस्टीट्यूशनस् के चैयरमेन आरके गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि संस्कृति विश्वविद्यालय के चांसलर डा सचिन गुप्ता रहे। इस दौरान समापन समारोह में सभी हाउस के रंग-बिरंगे परिधानों में खिलाड़ियों

### विजेता खिलाड़ियों पर हुई पदकों की बौछार

ने शानदार मार्च पास्ट करके लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरके गुप्ता, चेयरमैन, संस्कृति ग्रुप आफ़ इंस्टीट्यूशनस् ने विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि हार-जीत इतनी महत्वपूर्ण नहीं होती जितना कि आपका खेलों में भाग लेना। जो आज हारे हैं वे निश्चित रूप से कल जीत सकते हैं, यदि अपने में सुधार के लिए मेहनत करें तो। अतिथियों ने कहा कि विश्वविद्यालय में आपके खेलों के लिए हर तरह के साधन उपलब्ध हैं आप इनका भरपूर उपयोग करें और अपनी खेल प्रतिभा को निखारें। डायरेक्टर डा. रजनीश त्यागी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक सौष्ठव के लिए बल्कि व्यक्ति के चरित्र निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण में गौरवशाली योगदान प्रदान करते हैं तथा इससे छात्रों में बौद्धिक-शारीरिक विकास के साथ साथ संगठनतमक शक्ति का सम्वर्द्धन होता है। कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी ने स्पोर्ट्स फिसटा के प्रस्तावना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की अनुजा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि संस्कृति विश्वविद्यालय के चांसलर डा सचिन गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय में सभी खेलों के लिए विश्वस्तरीय मैदान, संसाधन के लिए विवि लगातार प्रयासरत है। आने वाले समय में यहां प्रदेश स्तरीय, राष्ट्र स्तरीय खेलकूद के आयोजन भी होंगे, जो हमारे खिलाड़ियों को एक बड़ा स्तर प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे विवि के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विवि का नाम ऊंचा कर रहे हैं,जोकि हम सभी के लिए गर्व की बात है। विश्वविद्यालय की सीईओ डा. मीनाक्षी शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में डीन छात्र कल्याण डा डी एस तोमर के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन समिति में मो फईम, डा विशाल, डा. राजश्री, डा. दुर्गेश वाधवा, रिचा सिंह, डा. अनुभव सोनी, कृष्ण राज सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा। आयोजन में मुख्य रूप से अकेडमिक डीन डा. मीनू गुप्ता के दिशा-निर्देश उपयोगी साबित हुए।

# कंस के महल का होगा जीर्णोधार

## यहां जीवंत होंगी द्वापर युग की लीलाएं 6 करोड़ होंगे खर्च

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण के मामा कंस के 5500 साल पुराने किले को भी पर्यटन केंद्र के तौर पर पहचान दिलाई जाएगी। इस क्रम में आने वाले दिनों में यहां पर्यटक लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं को देख सकेंगे। इसके लिए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की कार्ययोजना को शासन ने स्वीकृत कर लिया है।भगवान श्रीकृष्ण की कथा में कंस की वही नकारात्मक भूमिका है, जो भगवान श्रीराम की कथा में रावण की। मथुरा में बना कंस का किला लगभग 5500 साल पुराना बताया जाता है। कालांतर में रखरखाव के अभाव में इसकी दुर्दशा हो रही है। मथुरा परिक्रमा मार्ग को छोड़ दिया जाये, तो आम आदमी कंस किले को लेकर उत्साहित या जिज्ञासु नहीं रहता। ऐसे में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास ने कंस किले को आकर्षण का बनाने के लिए 6 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना तैयार की। इसके तहत कंस किले की दीवारों पर लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं प्रदर्शित की जाएंगी। इस परियोजना का प्रस्ताव शासन को भेज था, जिसे स्वीकृत कर लिया है।

कंस किले की पूर्वी दीवार, जो यमुना की ओर है, उस पर कृष्ण लीलाएं प्रदर्शित होंगी। यमुना के तट पर रात्रि बेला में भगवान की मनोहारी लीलाएं पर्यटकों को आकर्षित करेंगी।वृन्दावन, गोकुल, गोवर्धन और बरसाना जैसे तीर्थ स्थलों पर तेजी से पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इसे देखते हुए मथुरा काफी पिछड़ गया है। इससे शहरी विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अभी लोग केवल श्रीकृष्ण जन्मभूमि और द्वारिकाधीश मंदिर या फिर यमुना जी के दर्शन के लिए ही आते हैं, लेकिन इनकी संख्या ब्रज के अन्य स्थानों के मुकाबले बहुत कम है। ऐसे में लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से मथुरा में भी पर्यटकों के बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

तीर्थ विकास परिषद के डिप्टी सीईओ जेपी पांडेय ने बताया कि कंस किले पर लाइट एंड साउंड शो की योजना को स्वीकृति मिल गई है। कार्यदायी संस्था मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के माध्यम से इसका क्रियान्वयन किया जाएगा।

# उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में प्रतिदिन कीर्तिमान स्थापित कर रहा: केशव

अवधनामा ब्यूरो

- सम्मानित हुई सभी महिलाओं को उप मुख्यमंत्री ने दे शुभकामनायें



**लखनऊ।** अत्योदय के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दिन प्रतिदिन प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र की दीदियो को संगठित करते हुए समावेशी विकास की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत टेक होम राशन अंतर्गत कार्य आसन करने हेतु टेबलेट प्रदान किया गया। एवं 2 बी.सी.सखियों को कार्य करने हेतु हैण्ड होल्डिंग डिबाइस प्रदान की गई, उत्कृष्ट कार्य करने वाली विद्युत सखियों, बलिनी व सामर्थ मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्रसस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्यमत्री ने अपने उद्बोधन में कहा की टेक होम राशन प्लांट पर बिजली बिल ज्यादा आता है तो ऐसी स्थिति में बिल कम करने हेतु सोलर प्लांट लगने से समस्या दूर हो जाएगी और बिल नही देना पड़ेगा। यह प्लांट फूड प्रोसेससेसिंग यूनिट हेतु लगेगा और उसका मंत्रालय भी मेरे पास है मैं अधिकारियों को निर्देश देता हूँ कि THR प्लांट हेतु सोलर प्लांट लगवाएं, इसका खर्च लगभग 15 लाख है किंतु इस पर 90 प्रतिशत की सब्सिडी है। आपका प्लांट यदि नुकसान में है तो प्रॉफिट में आ जायेगा। सम्मानित हुई सभी महिलाओं को उप मुख्यमंत्री ने हार्दिक शुभकामनाये व्यक्त की। मिशन अंतर्गत संचालित विविधीकृत गतिबिधियो एवं कार्यक्रमो में उपमुख्यमंत्री के सतत मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से आजीविका संबर्धन के नए क्षेत्रो में समूह की दीदियो एवं बिभिन्न कैडर को कराय किये जाने में निरंतर नवीन उर्जा, समर्पण, बेहतर समन्वय के साथ प्रधान मंत्री के सबका साथ -सबका विकास, सबका सम्मान एवं सबका विश्वास की दिशा में मिशन लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में निरंतर अग्रसर है। दीनदयाल अन्त्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशनप्रदेश के समस्त जनपदों में ग्रामीण क्षेत्र की निर्धन महिलाओ को संगठित, विकसित एवं परिष्कृत कर सामाजिक, आर्थिक एवं अवसर की समानता का सु-अवसर प्रदान करते हुए सशक्त, स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाकर उनका सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में तीव्र गति से अग्रसर है। अन्त्योदय के लक्ष्यों की प्राप्ति में मिशन अंतर्गत बिभिन्न स्तरों पर कैडर द्वारा महत्वपूर्ण रोल एवं दायित्व का निर्वहन किया जा रहा है। इनके द्वारा अपने ज्ञान, स्किल, दक्षता द्वरा प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यक्रमों में महिलाओ को सामाजिक एवं वित्तीय समावेशन द्वाराआजीविका संबर्धन के माध्यम से स्व-रोजगार का सृजन करते हुए आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किये गए कार्य प्रदेश की सामाजिक एवं आर्थिक गतिबिधियो में नया मार्ग प्रशस्त किया गया है। प्रदेश में समस्त 826 विकास खंडो में प्रेरणा ओजस सोलर शॉप की खोली जाएगी ,हर मंडल में सोलर उत्पाद बनाने की यूनिट स्थापित की जाएगी, प्रदेश में लखपति महिला बनाने हेतु महिलाओं को डीआरई सोलर प्रोडक्ट से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम के अंत में संयुक्त मिशन निदेशक उप मुख्यमंत्री व मंत्री ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम , राज्य मंत्री, ग्राम विकास एवं समग्र ग्राम,कृषि उत्पादन आयुक्त, कंट्री, अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास, ग्राम्य विकास आयुक्त, एवं यहाँ पर उपस्थित तथा ऑनलाइन माध्यम से जुडी प्रदेश की सभी चयनित विद्युत् सखियों, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रदेश, जनपद एवं विकास खंड स्तरीय अधिकारी, समर्पित प्रोफेशनल स्टाफ, आदि को उनके गरिमामयी उपस्तिथि तथा प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप किये गए प्रयासों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एसआईओ ने चुनाव को लेकर छात्र घोषणा पत्र किया जारी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन ऑफ इंडिया (एसआईओ) की ओर से शनिवार को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर छात्र घोषणा पत्र जारी किया। यूपी प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के राष्टीय सचिव सुहैल शेख, एसआईओ यूपी पश्चिमी जोन के सचिव उसामा गाजी, एसआईओ यूपी सेंट्रल जोन के अध्यक्ष राफे इस्लाम व पूर्वी जोन सचिव नकीब आलम ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि घोषणा पत्र में छात्रों की महत्वपूर्ण मांगें शामिल की गयी हैं, जिन्हें संगठन 2024 के चुनाव में मुख्य मुद्दा बनाना चाहती है। घोषणा पत्र में सभी के लिए प्राथमिक से विवि स्तर तक निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा, अवसर सुनिश्चित करने की निष्पक्ष, न्यायसंगत और उचित आरक्षण प्रणाली की व्यवस्था, मौलाना आजाद नेशनल फैलोशिप बहाल करने और अल्पसंख्यकों की छात्रवृत्ति बढ़ाने, युवाओं को नौकरी की सुरक्षा के लिए रोजगार गारण्टी अधिनियम लाने, युवाओं के लिए स्वास्थ्य और मानसिक कल्याण केन्द्र खोलने, रोहित अधिनियम लागू करने और छात्रों के लिए शैक्षणिक संस्थानों में न्याय और सुरक्षा सुनिश्चित करने, लोगों की गोपनीयता और डाटा सुरक्षा के लिए व्यक्तिगत डाटा संरक्षण कानून और गोपनीयता चार्टर बनाने सहित अन्य मांगें शामिल हैं।

# लखनऊ आगमन पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का हुआ स्वागत



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** केंद्रीय रक्षामंत्री एवं सांसद लखनऊ राजनाथ सिंह को लखनऊ लोकसभा चुनाव में पुनः भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के उपरांत लखनऊ आगमन पर एयरपोर्ट पर पार्टी वरिष्ठ नेताओं और जनता द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया।

एयरपोर्ट पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा, डा0 राजेश्वर सिंह, योगेश शुक्ला, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, लालजी निर्मल, पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोहर सिंह, महामंत्री त्रिलोक अधिकारी पुष्कर शुक्ला ने पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी गाड़ी से उतरकर सभी कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया।

वहां स्वागत में खड़े पंडितो द्वारा स्वस्तिवाचन और शंखनाद के साथ, महिलाओं मोर्चा पदाधिकारी द्वारा स्वागत मंगल गीत एवं सिख समुदाय द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ भांगड़ा करते हुए स्वागत किया गया। आगमन से पूर्व ही हजारों की संख्या में एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए भीड़ एकत्रित थी। मुस्लिम समुदाय, अल्पसंख्यक मोर्चा, पर्वतीय समाज, युवा मोर्चा पदाधिकारियों सहित महानगर उपाध्यक्ष टिंकू सोना सोनकर, लखनऊ महानगर पदाधिकारी महामंत्री राम अवतार कनौजिया, राम शंकर त्रिपाठी, धनश्याम अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि,मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, अनुराग साहू, राजेंद्र वाजपई, उमेश तिवारी, पार्षद गण, मण्डल अध्यक्ष ने जोरदार स्वागत किया। आवास पहुंचने पर वहां भी बड़ी संख्या में उपस्थिति कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# हिन्दू विद्वानों की पुस्तकों से कुर्आन और इस्लाम' पुस्तक का विमोचन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** वन वाइस ट्रस्ट द्वारा विक्टोरिया स्ट्रीट चौक स्थित 'रियतकदा सरकारे मुफ्ती आज़म में सैय्यद क़ासिम रज़ा द्वारा लिखित 'हिन्दू विद्वानों की पुस्तकों से कुर्आन और इस्लाम' का विमोचन हुआ। किताब का विमोचन डॉ0 स्वामी सारंग के करकमलो द्वारा हुआ, इस अवसर पर कई गणमान्य लोग, मो0 असद, डा0 मूसी रज़ा, सरवर रिज़्वी, खुर'ीद अनवर, अफरोज़ रिज़्वी, डा0 सरवत तक़ी, सलीम रज़ा, मूसा नक़वी व एस.एन.लाल उपस्थित थे इस अवसर पर स्वामी सारंग ने कहा कि शब्द की उत्पत्ति जिस मूल धातु से हुई, उसका अर्थ होता है शान्ति। यानि इस्लाम शान्ति और भाई-चारे का धर्म है अपनी इस किताब में अमन-शान्ति भाईचारा की बातों को बताने के लिए कुर्आन की आयतों-हदीसो का बहुत खुबसूरती से सहारा लिया है, जोकि पढ़ने और समझने योग्य है, इस किताब के संदेश को दूसरों तक पहुँचना चाहिए। कताब के लेखक क़ासिम रज़ा ने बताया कि मुझे दुश में फैल रहे नफरती विचारधारा को देखकर बहुत दुख होता है, वह भी धर्म के नाम पर, उसी नफरत को ख़त्म में यह छोटी सी कोशिश की है जिसमें हमने हिन्दू विद्वानों की किताबों का सहारा लिया है, इसमें स्वामी लक्ष्मी शांकराचार्य की किताब ''इस्लाम आतंक या आदर्श'', राजेन्द्र नारायण लाल की किताब ''इस्लाम एक एवम सिद्ध ई'वरीय जीवन व्यवस्था'', आचार्य विनोबा भावे की किताब ''कुर्आन सार'', श्री कृष्ण दत्त भट्ट की किताब ''इस्लाम धर्म क्या कहलाता है''! इन किताबों के मूल सार को लेकर हमने अपने शब्दों में समाज के सामने मोहब्बत का संदेश दिया है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वाराणसी एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वागत करते हुए

# रमजान तमाम महीनों में अफज़ल: खालिद रशीद

- इसी महीने में नबी ने तरावीह जैसे मसनून नमाज मुकर्रर की

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन और इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि रमजान तमाम महीनों में सबसे अफजल और मुकद्दस महीना है। इसके बरकत वाले दिनों और नूरानी रातों में रहमत और मगफिरते इलाही होती रहती है। गुनहगारों को दोजख से आजादी के परवाने मिलते है और गुनाह का बाजार ठण्डा हो जाता है। इस्लामी शरीयत ने इसके बरकत वाले दिनों को रोज जैसे इस्लामी दीन के बुनियादी रुक्न के लिए खास कर दिया है। इस नूरानी महीने की रातों में नबी ने तरावीह जैसे मसनून नमाज मुकर्रर की है। मौलाना ने कहा कि बहुत सी औरतें समझती हैं कि तरावीह सिर्फ मर्दो के लिए सुन्नत है जो उनकी गलतफहमी है। औरतें जब तरावीह की नमाज में शरीक होंगी तो उसका फायदा यह होगा कि वह भी पूरा कुरान सुन लेंगी, जिसका उन्हें बहुत सवाब मिलेगा। सहाबा के दौर में औरतों के लिए तरावीह की जमाअत होती थी। मौलाना ने कहा कि मुस्लिम औरतों के लिए मस्जिदों के दरवाजे हमेशा से खुले हैं। यही इस्लामी शरीयत की हिदायत और तालीम है, जिस पर अमल करते हुए ईदगाह लखनऊ की रशीद बारादरी में औरतों के लिए तरावीह की नमाज पढ़ने का इंतजाम किया गया है। ईदगाह में इशा की जमाअत 8 बजे होगी और तरावीह 8:15 बजे शुरू होगी, जिसमें पांच सिपारे पढ़े जाऐं।

तरावीह के लिए औरतों को गेट नम्बर 7 से आना होगा। उन्होंने कहा कि बहुत अरसे से ईदगाह में औरतें ईदुल फित्र और ईदुल अजहा की नमाजें पढ़ती आ रही हैं। यह सिलसिला आज भी कायम है। 11 मार्च को रमजान का चांद देखा जाएगा और चांद होने पर तरावीह उसी रात से शुरू हो जाएगी और पहला रोजा 12 मार्च को होगा। अगर चांद नहीं हुआ तो तरावीह 12 मार्च से शुरू होगी और पहला रोजा 13 मार्च को होगा।

## कुरान और इस्लाम पुस्तक का विमोचन

**लखनऊ।** शनिवार को वन वाइस ट्रस्ट द्वारा विक्टोरिया स्ट्रीट चौक स्थित सरकारे मुफ्ती आज़म में सैय्यद क़ासिम रज़ा द्वारा लिखित 'हिन्दू विद्वानों की पुस्तकों से कुर्आन और इस्लाम' का विमोचन हुआ। किताब का विमोचन डॉ. स्वामी सारंग ने किया। इस अवसर पर मोहम्मद असद, डा. मूसी रज़ा, सरवर रिज़्वी, खुर्शीद अनवर, अफरोज़ रिज़्वी, डा. सरवत तक़ी, सलीम रज़ा, मूसा नकवी व एसएन लाल उपस्थित थे। इस अवसर पर स्वामी सारंग ने कहा कि शब्द की उत्पत्ति जिस मूल धातु से हुई, उसका अर्थ होता है शान्ति। यानि इस्लाम शान्ति और भाई-चारे का धर्म है। इस किताब के संदेश को दूसरों तक पहुंचाना चाहिए। मै क़ासिम रज़ा को इतने महान काम के लिए शुभकामनायें देता हूँ और ई'वर से प्रार्थना करता हूँ कि इनकी मेहनत समाज के लिए करामद साबित है।

# प्रधानमंत्री करेंगे 10 मार्च को लखनऊ के लाइट हाउस प्रोजेक्ट का लोकार्पण

अवधनामा ब्यूरो

- प्रधानमंत्री देंगे यूपी को लाइट हाउस प्रोजेक्ट की सौगात
- लखनऊ में 1040 गरीबों को मिलेगा उनके सपनों का घर

**लखनऊ।**सभी गरीबों को आवास के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जो अभियान वर्ष 2014 में शुरू किया, उसी का परिणाम है कि आज देशभर में करोड़ों गरीबों को उनके सपनों का घर मिल सका।

इसी क्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी कल दिनांक 10 मार्च, 2024 को प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के लाभार्थियों को लाइट हाउस प्रोजेक्ट का उपहार देंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जी अपने उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान वर्चुअल माध्यम से लखनऊ में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के अंतर्गत निर्मित आवासों का लोकार्पण करेंगे। निदेशक सूडा श्री अनिल कुमार पाठक ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ग्लोबल हाऊसिंग टेक्नोलॉजी चैलेन्ज-इण्डिया के अन्तर्गत लाइट हाऊस प्रोजेक्ट अवध विहार योजना, लखनऊ के सेक्टर-5 में निर्मित किया गया है, जिसका क्षेत्रफल दो हेक्टेयर है। लाइट हाऊस प्रोजेक्ट का शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 01 जनवरी, 2021 को किया गया था और 04 जनवरी, 2021 से लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया। लाइट हाऊस प्रोजेक्ट का निर्माण नवीन तकनीक PVC Formwork with Pre-àßngineered Steel Structural System के माध्यम से किया गया है। इस तकनीकी का प्रयोग दुनिया के चुनिंदा देशों में होता है। इसके माध्यम से बेहद कम समय में भवन निर्माण का कार्य पूरा किया जाता है। उक्त तकनीकी से मकान टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल एवं आपदारोधी होते हैं। इस तकनीकी का प्रयोग कनाडा जैसे देशों में किया जा रहा है।

# छात्र-छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** इरम एजुकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित चिकित्सा संस्थान इरम यूनानी मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल, लखनऊ में बी.यू.एम.एस. द्वितीय व्यवसायिक, बैच 2021 के छात्र-छात्राओं ने बी.यू.एम.एस. प्रथम व्यवसायिक, बैच 2022 के छात्र-छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया जिसमें इरम एजुकेशनल सोसायटी के गणमान्य व्यक्तियों एवं इरम यूनानी मेडिकल कॉलेज के सभी शिक्षकों ने भाग लिया। दोनों बैचों के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन करते हुए कई गुणवत्तापूर्ण सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ज्ञात हो कि महाविद्यालय विद्यार्थियों में शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास के लिए बहुत सी गतिविधियों का आयोजन करता है ताकि छात्र अपने भीतर छिपे कौशल को बाहर ला सकें। इस अवसर पर आज के मुख्य अतिथि प्रोफेसर इफ्तिखार अहमद विभागाध्यक्ष तहफ्फुजी व समाजी तिब गवर्नमेंट तिब्बिया कॉलेज भोपाल और कॉलेज प्रबंधन एवं पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि फ्रेशर पार्टी किसी भी संस्थान की औपचारिक एवं पारंपरिक विरासत होती है, जो मानसिक मनोरंजन का साधन होने के साथ-साथ दर्शकों के लिए सुधारात्मक एवं शैक्षणिक संदेश भी देती है। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि प्रोफेसर इफ्तिखार अहमद और कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर अब्दुल हलीम कासमी ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस: महिलाओं ने किया गोमती एक्सप्रेस के संचालन का कार्य

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चारबाग रेलवे स्टेशन पर गोमती एक्सप्रेस के संचालन का कार्य महिलाओं ने किया। इस ट्रेन में सहायक लोको पॉयलेट एवं ट्रेन मैनेजर जैसे महत्वपूर्ण कार्य महिला कर्मचारियों ने किय। जिसमें महिला रेलकर्मी सहायक लोको पॉयलेट के रूप में प्रीति प्रिया, ट्रेन मैनेजर के रूप में राधा यादव ने कार्य किया। पूर्वोत्तर रेलवे में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ऐशबाग जंक्शन स्टेशन से गोण्डा जंक्शन तक डाउन बापू मोतिहारी मालगाड़ी का संचालन मण्डल की महिला कर्मचारियों ने किया। जिसमें लोको पायलट समता कुमारी, सहायक लोको पायलट आंचल गुप्ता और ट्रेन मैनेजर अर्चना राठौर ने गाड़ी का संचालन किया। इस ट्रेन को बादशाहनगर स्टेशन पर कार्यरत महिला स्टेशन अधीक्षक वर्षा श्रीवास्तव ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। महिला दिवस के अवसर पर बादशाहनगर स्टेशन पर टिकट निरीक्षक मीरा यादव, वाणिज्य अधीक्षक अनीता विक्रम एवं स्वर्णिमा सिन्हा, मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक अलका भट्ट एवं कनक श्रीवास्तव तथा रेलवे सुरक्षा बल की उप निरीक्षक सुषमा एवं ज्योति ड्यूटी पर कार्यरत थीं। स्टेशन पर पोस्टर, रंगोली व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार एवं अध्यक्ष पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन लखनऊ रूबी राय की उपस्थिति में किया गया।

## हमसफर स्पेशल ट्रेन में महिला ने बेटी को दिया जन्म

- जच्चा और बच्चा दोनों को अस्पताल में भर्ती

**लखनऊ।** अमृतसर से जयनगर जा रही हमसफर स्पेशल ट्रेन में महिला ने बेटी का जन्म दिया है। ट्रेन के अयोध्या पहुंचने के बाद जच्चा और बच्चा दोनों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। जहां डाक्टरों की निगरानी में दोनों स्वस्थ हैं। ट्रेन नम्बर 04652 हमसफर स्पेशल अमृतसर से सुबह 10:55 बजे छूटकर चारबाग रात 2:30 बजे पहुंचती है। यहां से ट्रेन छूटने के बाद अगला ठहराव शाहगंज है। बीच में बाराबंकी और अयोध्या यह ट्रेन नहीं रुकती। इस ट्रेन के कोच बी.1 पर सीट नम्बर 55 और 56 पर ऊषा कुमारी और मोहम्मद अली सवार थे जो दिल्ली से दरभंगा की यात्रा कर रहे थे। ट्रेन के चारबाग से छूटने के बाद महिला की तबीयत बिगड़ी तो पति ने रेलवे पूछताछ 139 नम्बर पर सूचना दी। ट्रेन अयोध्या पहुंचने वाली थी। तभी अयोध्या स्टेशन पर एसआई कुसुम देवी के पहुंचने से पहले सहयात्रियों की मदद से प्रसव कराया गया। डॉ. सुखविंदर और डॉ. हेमंत ने दोनों के स्वास्थ्य की जांच की और एम्बुलेंस से राजा दशरथ मेडिकल कॉलेज अयोध्या में भर्ती कर दिया।

## अमनमणि त्रिपाठी ने थामा कांग्रेस का हाथ



**लखनऊ।** पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी के पुत्र और नौतनवां से पूर्व विधायक अमनमणि त्रिपाठी ने दिल्ली में कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डे के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। अमनमणि त्रिपाठी वर्ष 2017 में नौतनवां से निर्दलीय विधायक बने। इससे पहले वर्ष 2012 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े, लेकिन कांग्रेस उम्मीवार कुंवर कौशल किशोर सिंह से हार हार गये।

# शिया पीजी कॉलेज में मना जश्ने जैनब

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत अली (अ.स) की बेटी और हजरत इमाम हुसैन (अ.स) की बहन हजरत जैनब (स.) की याद में आल इंडिया शिया हुसैनी फण्ड की ओर से शनिवार को शिया पीजी कॉलेज में जश्ने जैनब का आयोजन किया गया। महफिल का आगाज कारी नदीम नजफी ने तिलावते कुराने पाक से किया और हादसे किसा पढ़ी। महफिल को खिताब करते हुए मौलाना एजाज अतहर ने कहा कि हजरत जैनब (स.) इस्लामी इतिहास की वह महान खातून हैं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। आपने हजरत अली (अ) और जनाबे ज़हरा (स) की सीरत पर अमल करते हुए उनके मकसदों को एक नई ज़िन्दगी प्रदान की। महफिल की अध्यक्षता मौलाना मिर्जा एजाज अतहर ने की। महफिल का संचालन मीर नजीर बाकरी ने किया। महफिल में मीर नजीर बाकरी,अंसर जलालपुरी, जैगम जलालपुरी, सागर शिकारपुरी, अश्तर बाकरी, दाना पिंडावल, आलम जलालपुरी, तजसुस एजाजी, एजाज जैदी सहित विभिन्न जनपदों से आए शायरों ने अपने कलामों का नजराना पेश करेंगे। जश्न में तमाम उलमा मौजूद थे। इस मौके पर शिया पीजी कॉलेज को भव्य रूप से सजाया गया था।

## मस्जिद अबुतालिब में रोजेदारों के लिए होंगे इंतजाम

**लखनऊ।** हर साल की तरहा इस साल भी मस्जिद हजरत अबूतालिब (अ.स) बेली गारद (रेजीडेंसी) कैसरबाग में मस्जिद कमेटी की ओर से माहे रमजान के मौके पर पूरे महीने रोजेदारों के लिए इफ्तार का इंतजाम रहेगा और मौलाना मुज्तबा हैदर नमाजे ब जमाअत अदा कराएंगे।

## जश्ने अलमदारे वफा आज

**लखनऊ।** अंजुमन तस्वीरुल अजा की ओर से इमामबाडा शाही खैरात खाना टूरियागंज रविवार को रात 8.30 बजे जश्ने अलमदारे वफा का आयोजन किया जाएगा। महफिल को मौलाना रहमत हुसैन नकवी खिताब करेंगे। तिलावते कुराने पाक से शुरू होने वाली महफिल का संचालन इमरान रिजवी करेंगे। इसके बाद शायर मदहे मौला में नजरान ए अकीदत पेश करेगे।

## बड़ी संख्या में अन्य पार्टी कार्यकताओं ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

**लखनऊ।** भाजपा सदस्यता अभियान के तहत लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह की उपस्थित में बड़ी संख्या में अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें पूर्व प्रदेश महासचिव सपा बीनू शुक्ला बड़ी सख्या में अपने सहयोगियों के साथ पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रसपा विनोद मिश्रा, पूर्व महानगर अध्यक्ष लखनऊ कल्पेश द्विवेदी, पूर्व महासचिव महेंद्र गौड, पूर्व महासचिव युवा जनसभा शुभम मिश्रा राम, पूर्व उपाध्यक्ष अभिजोत सिंह, विजय यादव, सर्वेश चौहान, प्रेमवती रावत, कल्पना शुक्ला, अनुज शुक्ला, वंदना शर्मा, रामनरेश चौरसिया, इम्तियाज अहमद के साथ दो हजार से अधिक कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ली।

# दानिश आज़ाद ने मुंबई में प्रसिद्ध शिक्षाविद पद्मश्री डा. जहीर काज़ी से की मुलाकात

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने मुंबई में प्रसिद्ध शिक्षाविद् और अंजुमन-ए-इस्लाम के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ जहीर काज़ी से मुलाकात की।

डॉ जहीर काज़ी को अभी पद्मश्री से नवाजा गया है। उनके द्वारा सामाजिक सुधार और शिक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किए गए हैं। भेंट के दौरान राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर डॉक्टर जहिर काज़ी की से बातचीत की। शैक्षणिक और सामाजिक न्याय सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यमंत्री ने कहा कि उनके द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए गए कार्य समाज को सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करेंगे।

## अराकुलोया में चार मोटरसाइकिलों की आपस में हुई भीषण टक्कर,3 की ऑन द स्पॉट मौत




**अलुरी (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारमा राजू (एएसआर) जिले के अराकुलोया मंडल में चार मोटरसाइकिलों की आपस में भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। घटना शुक्रवार की रात महाशिवरात्रि के मौके पर हुई। एएसआर जिला पुलिस के मुताबिक, हादसे के दौरान चार बाइक पर 11 लोग सवार थे। भीषण टक्कर के बाद तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, चौथे व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना में 6 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए है, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मोटरसाइकिलों की टक्कर वारी मदाला पंचायत के दुम्मा गुदरी और गंजाई गुड़ा गांव के बीच हुई। पुलिस ने बताया कि बाइक सवार गंजाई गुड़ा जठारा जा रहे थे। दुर्घटना की पूरी जानकारी अभी आनी बाकी है। इस सप्ताह की शुरुआत में, आंध्र प्रदेश के नंदयाला जिले के अल्लागड्डा मंडल में राष्ट्रीय राजमार्ग पर नल्लागटला गांव में पांच लोगों की मौत हो गई थी। पीड़ितों की पहचान तेलंगाना के मंत्री रविंदर रेड्डी के परिवार के सदस्यों के रूप में की गई। सभी तिरूपति से हैदराबाद लौट रहे थे। दुखद बात यह है कि उनकी कार कर्नाटक की एक लॉरी से टकरा गई, जिससे कार में सवार सभी पांच लोगों की तुरंत मौत हो गई। फरवरी के अंत में, आंध्र के काकीनाडा जिले के प्रत्तीपाडु मंडल में पदलेम्मा मंदिर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस की खड़ी ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें चार लोगों की जान चली गई।

# लोकसभा चुनाव में डीएमके को समर्थन देगी कमल हासन की एमएनएम

**चेन्नई।** अभिनेता कमल हासन की मक्कल निधि मय्यम एमएनएम शनिवार 9 मार्च को डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हो गई है। एमएनएम को 2025 के राज्यसभा चुनाव के लिए एक सीट आवंटित की गई है। इस दौरान कमल हासन ने कहा, मैं और मेरी पार्टी यह चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। लेकिन हम इस गठबंधन को पूरा सहयोग देंगे। हमने हाथ मिलाया है क्योंकि यह सिर्फ एक पद के लिए नहीं है, यह देश के लिए है। अभिनेता ने कहा, हम लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, लेकिन द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन को पूरा समर्थन देंगे। उन्होंने कहा, ÷यह पद के बारे में नहीं है, बल्कि देश के बारे में है। इसलिए, मुझे जहां आवश्यक होगा, मैं समर्थन दे रहा हूं। दोनों नेताओं के बीच बनी सहमति के अनुसार, एमएनएम तमिलनाडु की 39 लोकसभा सीटों

**चुनाव**

> एमएनएम को 2025 के राज्यसभा चुनाव के लिए एक सीट आवंटित की गई है। इस दौरान कमल हासन ने कहा, मैं और मेरी पार्टी यह चुनाव नहीं लड़ रहे हैं।

और एकमात्र पुडुचेरी क्षेत्र में अभियान-संबंधित कार्य करेगा। डीएमके के साथ बैठक के बाद पार्टी के महासचिव अरुणाचलम ने कहा, मक्कल निधि मय्यम एमएनएम लोकसभा चुनाव 2024 नहीं लड़ रही है, लेकिन 2025 के राज्यसभा चुनाव में डीएमके एमएनएम को एक सीट आवंटित करेगी और प्रचार भी करेगी। यहां उदयनिधि स्टालिन से बातचीत के बाद हासन ने कहा कि उन्होंने



डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन को सिर्फ देश की भलाई के लिए चुना है, न कि किसी पद के लालच में।

## आरोपी की तलाश के लिए एनआईए ने जनता से की मदद की अपील, जारी किया फोन नंबर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु के लोकप्रिय रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में ह्द्ब ने जनता से मदद की अपील की है। दरअसल, जांच एजेंसी की ओर से जनता को अपील की गई है कि आरोपी से जुड़ी किसी भी तरह की जानकारी मिलते ही सूचित किया जाए। साथ ही, एजेंसी ने आरोपी की तस्वीर भी शेयर की है। जांच एजेंसी ने जनता से अपील करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में लिखा, एनआईए #RameswaramCafeBlastCase से जुड़े संदिग्ध की पहचान करने में नागरिकों का सहयोग चाहती है। किसी भी जानकारी के लिए 08029510900, 8904241100 पर कॉल करें या info.blr.nia@gov.in पर ईमेल करें।

## भाजपा विधायक फोसुम खिमहून का निधन

**ईटानगर।** भाजपा विधायक फोसुम खिमहून का शनिवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से ईटानगर के एक अस्पताल में निधन हो गया। 63 वर्ष के फोसुम खिमहुन चांगलांग जिले के चांगलांग दक्षिण के विधायक थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। फोसुम खिमहून पहली बार साल 2004 में चांगलांग दक्षिण सीट से निर्दलीय विधायक चुने गए थे। साल 2009 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर विधायकी का चुनाव जीता था। खिमहून अरुणाचल प्रदेश के दिग्गज नेताओं में शुमार किए जाते थे। उन्होंने 2014 के विधानसभा चुनावों में पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल के उम्मीदवार के तौर पर फिर से चुनाव जीता। वहीं, 2019 में उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के रूप में विधायक बनकर अरुणाचल विधानसभा में कदम रखा। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने विधायक फोसुम खिमहून की मौत पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं चांगलांग दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से माननीय भाजपा विधायक फोसुम खिमहून के निधन से स्तब्ध हूं। शोक संतप्त परिवार के सदस्यों, दोस्तों, रिश्तेदारों और अनुयायियों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मुख्यमंत्री ने



कहा कि खिमहुन अपने लोगों की सेवा, क्षेत्र के विकास और अरुणाचल प्रदेश के विकास के लिए समर्पित थे। उन्होंने कहा, ÷राज्य की समावेशी प्रगति के लिए फोसुम खिमहून के सौहार्द, प्रतिबद्धता और चिंता की कमी हमेशा खलेगी। भगवान बुद्ध दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके प्रियजनों को इस दुखद क्षण से निपटने की शक्ति दें।

# कुछ दलों ने मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक समझाः इंद्रेश कुमार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक इंद्रेश कुमार ने कहा कि जो भी मसले आएंगे, उन्हें संवाद के जरिये सुलझाया जाएगा। जब लगेगा कि संवाद से बात नहीं बन रही है, तो न्यायालय जाएंगे।

ज्ञानवापी का मुद्दा दोनों पक्ष कोर्ट लेकर चले गए। इससे झगड़े और नुकसान कम हो गए। हिंदुस्तान को दस साल पहले दंगों का देश माना जाता था। कुछ विपक्षी दल अब भी कोशिश करते हैं कि दंगा हो जाए, लेकिन हम नहीं होने देंगे।

इंद्रेश कुमार शुक्रवार को आकाशवाणी के रंग भवन सभागार में एक पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुसलमान पर एक दाग लगा है। यह दाग लगाया है देश की कुछ पार्टियों ने, जो मुसलमान को देशद्रोही और बिका हुआ मानती



हैं। यही कारण है कि वे पार्टियां मुसलमान को सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लायक समझती हैं। इसलिए जरूरी है कि मुसलमान समझें कि वो कोई बिकने वाली चीज नहीं हैं, वो राष्ट्रवादी हैं। उन्होंने 142 करोड़ भारतीयों के डीएनए को एक बताया। कार्यक्रम में आल इंडिया इमाम आर्गेनाइजेशन के चीफ इमाम डा. उमेर इलियासी ने कहा कि अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने पर मेरे खिलाफ तीन फतवे जारी हुए। कुफ्र के फतवे से मैंने इन्कार कर दिया, क्योंकि यह इस्लामिक देश नहीं धर्म निरपेक्ष और लोकतांत्रिक देश है। उन्होंने कहा कि हमारी पहचान देश से होती है, न कि धर्म से।

अजमेर दरगाह के सज्जादे नशी और दीवान हजरत सैय्यद जैनुल आबेदीन ने कहा कि सीएए किसी व्यक्ति और धर्म के खिलाफ नहीं है। ऐसे कानून दूसरे देशों में भी है। उन्होंने चुनौती दी है कि कोई साबित करके दिखाए कि सीएए मुसलमानों के खिलाफ है।

## वायनाड में पशु चिकित्सा छात्र की मौत की जांच अब करेगी सीबीआई

# पीड़ित के पिता ने की थी मुख्यमंत्री विजयन से मुलाकात

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने वायनाड में पशु चिकित्सा छात्र की मौत की जांच सीबीआई को सौंपने का फैसला किया है। मृतक 20 वर्षीय

**मामला**

> मृतक 20 वर्षीय सिद्धार्थन जेएस के पिता और रिश्तेदार ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से मुलाकात कर मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपने की मांग की थी।

सिद्धार्थन जेएस के पिता और रिश्तेदार ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से मुलाकात कर मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपने की मांग की थी। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि पुलिस जांच जारी है और सभी आरोपियों को दोषरहित और निष्पक्ष जांच के माध्यम से पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि पीड़िता की मां ने भी सीबीआई जांच की मांग करते हुए एक याचिका दायर की है। हालांकि,



विजयन ने परिवार को सूचित किया कि उन्होंने उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का फैसला किया है। दरअसल, विजयन ने पीड़ित मां को आश्वासन दिया था कि जरूरत पड़ने पर मामला सीबीआई को सौंप दिया जाएगा। बता दें कि 18 फरवरी को सिद्धार्थन का शव कॉलेज छात्रावास के बाथरूम के अंदर लटका हुआ मिला था। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में बताया गया था कि सिद्धार्थन के शरीर पर कई चोटों के निशान थे और वह खुद को फांसी लगाने के लिए खड़ा भी नहीं हो सकता था। पीड़ित के पिता ने इसे हत्या करार दिया है। इसके अलावा वायनाड जिले के पुकोडे में पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान कॉलेज के डीन और छात्रावास के सहायक वार्डन का निलंबन करने की मांग की है। पुलिस ने मामले के एक आरोपी के संबंध में अपनी रिमांड रिपोर्ट में हाल ही में एक अदालत को बताया था कि पीड़ित के साथ बुरी तरह मारपीट की गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिद्धार्थन पर हमला करने के लिए बेल्ट और केबल तार का इस्तेमाल किया गया था। हमला 16 फरवरी को रात करीब 9 बजे शुरू हुआ और 17 फरवरी को सुबह 2 बजे तक चला। पुलिस ने मामले में 18 आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 341 (गलत तरीके से रोकना), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 324 (खतरनाक हथियार से जानबूझकर चोट पहुंचाना), 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए हैं। माता-पिता ने दावा किया है कि कुछ स्थानीय एसएफआई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उसे पीट-पीटकर मार डाला। पिता ने दलील दी कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक, उनके बेटे के शरीर पर चोटें थीं और पेट खाली था, जिससे पता चलता है कि उसे बेरहमी से पीटा गया। सिद्धार्थन की मौत के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष और उसकी विभिन्न शाखाओं ने एसएफआई और सत्तारूढ़ वामपंथी सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। विपक्ष और भाजपा ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) की छात्र शाखा एसएफआई ने सिद्धार्थन की पीट-पीटकर हत्या कर दी।

## लोकसभा चुनाव में डीएमके को समर्थन देगी कमल हासन की स्ह्रस्, बदले में 2025 में राज्यसभा की एक सीट मिलेगी

**चेन्नई।** अभिनेता कमल हासन की मक्कल निधि मय्यम एमएनएम शनिवार 9 मार्च को डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हो गई है। एमएनएम को 2025 के राज्यसभा चुनाव के लिए एक सीट आवंटित की गई है। इस दौरान कमल हासन ने कहा, ÷मैं और मेरी पार्टी यह चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। लेकिन हम इस गठबंधन को पूरा सहयोग देंगे। हमने हाथ मिलाया है क्योंकि यह सिर्फ एक पद के लिए नहीं है, यह देश के लिए है। अभिनेता ने कहा, ÷हम लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, लेकिन द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन को पूरा समर्थन देंगे।÷ उन्होंने कहा, ÷यह पद के बारे में नहीं है, बल्कि देश के बारे में है। इसलिए, मुझे जहां आवश्यक होगा, मैं समर्थन दे रहा हूं।

# 737 मैक्स ह्यूस्टन रनवे से उतरा, हादसे के दौरान 160 यात्री थे सवार

**विमान**

> एफएए और यूनाइटेड ने कहा, यात्री विमान छोड़ कर टर्मिनल के लिए रवाना हो गए।



**वाशिंगटन।** ह्यूस्टन के टेक्सास में शुक्रवार को जॉर्ज बुश इंटरकांटिनेंटल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद यूनाइटेड बोइंग 737 मैक्स रनवे से फिसल गया। यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह 8 बजे के आसपास हुई है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड और एफएए जांच करेंगे। जब डेनवर से 160 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को लेकर जा रहा बोइंग 737 मैक्स 8 जॉर्ज बुश इंटरकांटिनेंटल हवाई अड्डे पर फुटपाथ से फिसल गया। इस हादसे के बाद ही विमान में चीख पुकार मच गई और पूरे एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विमान के बारे में एयरपोर्ट अथॉरिटी को सूचना मिलने के बाद टीम ने सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया। एफएए और यूनाइटेड ने कहा, यात्री विमान छोड़ कर टर्मिनल के लिए रवाना हो गए। विमान मेम्फिस से रवाना हुआ था।÷ युनाइटेड ने कहा कि जैसे ही विमान की स्थिति अगले टेकऑफ के लिए सक्षम लगेगी उसे टैक्सीवे के लिए रवाना कर दिया जाएगा। साथ ही, इस मामले की जांच के लिए एनटीएसबी, एफएए और बोइंग के साथ काम किया जाएगा। इस सप्ताह यूनाइटेड बोइंग हवाई जहाज से जुड़ी यह तीसरी घटना है। शुक्रवार को बोइंग और यूनाइटेड दोनों के शेयर 1त्न नीचे आ गए थे। इससे एक दिन पहले, जापान जा रहे यूनाइटेड-संचालित बोइंग 777-200 का सैन फ्रांसिस्को से उड़ान भरने के बाद एक टायर टूट गया और उसे लॉस एंजिल्स की ओर मोड़ दिया गया जहां उसकी सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, एयरलाइन ने कहा, सोमवार को ह्यूस्टन से फ्लोरिडा के लिए उड़ान भरने वाला यूनाइटेड बोइंग 737 विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद हवाई अड्डे पर लौट आया, क्योंकि अचानक किसी कारणवश विमान के इंजन से आग की लपटें निकलती दिखाई देने लगी।

## तेलुगु महिला की ऑस्ट्रेलिया में ट्रैकिंग के दौरान झरने में गिरने से हुई मौत

**सिडनी।** आंध्र प्रदेश की 23 वर्षीय उज्ज्वला वेमुरु की ऑस्ट्रेलिया में ट्रैकिंग के दौरान झरने में गिरने से मौत हो गई। वह मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्व क्वींसलैंड में यानबाकूची फॉल्स, लैमिंगटन नेशनल पार्क में ट्रैकिंग कर रही थीं, जब यह घटना हुई। पेशे से डॉक्टर उज्ज्वला वेमुरु मूल रूप से आंध्र प्रदेश की कृष्णा जिले की रहने वाली थीं। वो महज 23 साल की थीं। ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में बॉन्ड विश्वविद्यालय से एमबीबीएस पूरा करने के बाद उज्ज्वला अपने दोस्तों के साथ रॉयल ब्रिस्बेन महिला अस्पताल में प्रैक्टिस कर रही थीं। रिपोर्ट के अनुसार, उज्ज्वला के माता-पिता वेमुरू वेंकटेश्वर राव और मैथिली कई साल पहले ऑस्ट्रेलिया में बस गए थे।

# दो गाड़ियां और छह हमलावर... सामने आया हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का वीडियो

**ओटावा।** भारत द्वारा नामित आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का एक वीडियो फुटेज सामने आया है, जिसमें निज्जर को हथियारबंद लोगों द्वारा गोली मारते हुए दिखाया गया है। कनाडा स्थिति सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, इसे कॉन्ट्रैक्ट किलिंग बताया गया है। निज्जर को 18 जून, 2023 की शाम को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे से बाहर निकलते ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसे 2020 में राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा आतंकवादी नामित किया गया था। सीबीसी न्यूज के अनुसार, वीडियो द फिफ्थ एस्टेट द्वारा प्राप्त किया गया है और एक से अधिक स्रोतों द्वारा स्वतंत्र रूप से वेरीफाई भी किया गया है। इस हमले में छह लोग और दो वाहन शामिल थे। गुरु नानक सिख गुरुद्वारे के अध्यक्ष की स्पष्ट लक्षित हत्या के कारण कनाडाई प्रधानमंत्री

**कोशिश**

> सिद्धू ने अपने दोस्त मलकीत सिंह से कहा कि वह पैदल चल रहे दो लोगों का पीछा करे, जबकि वह निज्जर की मदद करने की कोशिश कर रहे।

जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया कि हत्या में भारत सरकार का हाथ था। इस दावे का भारत की ओर से खंडन किया गया और इसके बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों में गिरावट आ गई। वीडियो में निज्जर को अपने ग्रे डॉज राम पिकअप ट्रक में गुरुद्वारे की पार्किंग से निकलते हुए दिखाया गया है। जैसे ही वह बाहर निकले, एक सफेद सेडान उसके सामने आई,



जिससे उसका ट्रक रुक जाता है। इसके बाद दो लोग दौड़ते हैं और निज्जर को गोली मारकर भाग जाते हैं। दो गवाह, जो घटना के समय पास के एक मैदान में फुटबॉल खेल रहे थे, उन्होंने खुलासा किया कि गोली की आवाज सुनकर वे घटनास्थल की ओर भागे और आरोपियों का पीछा करने की कोशिश भी की। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, एक गवाह भूपिंदरजीत सिंह सिद्धू ने द फिफ्थ एस्टेट को बताया, हमने उन दो लोगों को भागते हुए देखा। हम उस ओर भागने लगे, जिधर से आवाज आई थी। सिद्धू ने अपने दोस्त मलकीत सिंह से कहा कि वह पैदल चल रहे दो लोगों का पीछा करे, जबकि वह निज्जर की मदद करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैंने उसकी छाती को दबाने की कोशिश की और उसे हिलाने की कोशिश की, ताकि देख सके कि वह सांस ले रहा है या नहीं, लेकिन वह पूरी तरह से बेहोश था और सांस नहीं ले पा रहा था।÷ मलकीत सिंह ने कहा कि उन्होंने उन दोनों लोगों का तब तक पीछा किया, जब तक वे टोयोटा कैमरी में नहीं चढ़ गए। सिंह ने कहा, गली के पास से एक कार आई और वे दोनों उसमें सवार हो गए। उस कार में तीन अन्य लोग बैठे थे। वहीं, दूसरी ओर लगभग नौ महीने बाद भी रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने अभी तक निज्जर की हत्या के संबंध में संदिग्धों का नाम नहीं लिया है या गिरफ्तारी नहीं की है।

## विवाद के बाद भारतीय पर्यटकों का मालदीव से हुआ मोहभंग! टूरिज्म का हाल बेहाल

**माले (मालदीव)।** भारत के साथ विवाद ने मालदीव का हाल बेहाल कर दिया है। दरअसल, पर्यटकों की कमी के कारण मालदीव का पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मालदीव पर्यटन मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 33 प्रतिशत की गिरावट आई है। पर्यटन मंत्रालय के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 4 मार्च तक 41,054 भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का दौरा किया था। वहीं, इस वर्ष 2 मार्च तक भारतीय पर्यटकों की संख्या 27,224 दर्ज की गई। मालदीव स्थित अधाधू ने बताया कि यह पिछले साल की तुलना में 13,830 कम था। पिछले वर्ष की समान अवधि में, भारत 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ मालदीव में पर्यटकों के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बाजार था।

# पाकिस्तान में ईशानिंदा के आरोप में 22 साल के छात्र को मौत की सजा, अन्य को आजीवन कारावास

**इस्लामाबाद।** ईशानिंदा के आरोप में पाकिस्तान में 22 साल के एक छात्र को मौत की सजा सुनाई गई है। छात्र पर वाट्सएप के जरिए पैगंबर मोहम्मद के बारे में अपमानजनक शब्द कहने, तस्वीर और वीडियो को बनाने का आरोप

**अपील**

> बीबीसी ने बताया कि मौत की सजा पाने वाले दोषी के पिता लाहौर उच्च न्यायालय में अपील दायर करेंगे।

हैं। इसमें अन्य 17 वर्षीय छात्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है क्योंकि वह नाबालिग है। बता दें कि पाकिस्तान में ईशनिंदा की सजा मौत है। हालांकि, इसके लिए राज्य द्वारा अब तक किसी को भी फांसी नहीं दी गई है, लेकिन कई आरोपियों को आक्रोशित भीड़ द्वारा पीट-पीट कर मारने का मामला सामने आया है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, छात्र के खिलाफ 2022 में पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) की साइबर अपराध इकाई द्वारा शिकायत दर्ज की गई थी। जिसके बाद ये कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसे तीन अलग-अलग मोबाइल फोन नंबरों से वीडियो और तस्वीरें मिलीं जो की काफी अपमानजनक थी। एफआईए ने कहा कि उसने शिकायतकर्ता के फोन की जांच की और पाया कि उसे अश्लील सामग्री भेजी गई थी। हालांकि, दोनों छात्रों के वकीलों ने कहा है कि उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया है। बीबीसी ने बताया कि मौत की सजा पाने वाले दोषी के पिता लाहौर उच्च न्यायालय में अपील दायर करेंगे। इससे पहले पिछले साल अगस्त में, दो ईसाई भाइयों पर कुरान को अपवित्र करने का आरोप लगा था, जिसके बाद



पाकिस्तान में 80 से अधिक ईसाई घरों और 19 चर्चों में तोड़फोड़ की गई थी। पाकिस्तान के सबसे हाई-प्रोफाइल मामलों में से एक में, ईसाई महिला आसिया बीबी एक दशक तक चले ईशनिंदा विवाद का मुख्य चेहरा रही है। कोर्ट ने आसिया की मौत की सजा को पलट दिया था।

## नेशनल गार्ड के सदस्यों और सीमा गश्ती एजेंटों को ले जा रहा हेलीकॉप्टर टेक्सस में दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत

**टेक्सास।** टेक्सस में अमेरिकी-मेक्सिको सीमा पर 8 मार्च को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में तीन नेशनल गार्ड के सदस्य और एक सीमा गश्ती एजेंट सवार थे। टेक्सस के अधिकारी ने बताया कि विमान में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, चौथे यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है। काउंटी के शीर्ष स्थानीय अधिकारी, स्टार काउंटी न्यायाधीश एलॉय वेरा ने बताया कि यह दुर्घटना ला ग्रुल्ला के पास हुई, जो स्टार काउंटी में है। बता दें कि ला ग्रुल्ला टेक्सास की रियो ग्रांडे घाटी में है। स्टार काउंटी शेरिफ कार्यालय ने शुक्रवार को फेसबुक पर पोस्ट किया।

## भारत में 15 साल से अधिक समय तक रहेगी स्थिर सरकार, संसद में बहुमत होना जरूरीः जयशंकर

**टोक्यो।** जापान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत में सरकार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि भारत में एक या दो दशक से भी अधिक समय तक स्थिर सरकार रहेगी।भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर निक्केई फोरम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित सुधारवादी और दूरदर्शी नेतृत्व के पास संसद में बहुमत होने के कारण साहसिक निर्णय लिए जा सकते हैं। जयशंकर ने निक्केई फोरम में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि सौ प्रतिशत हमारे यहां 15 साल तक स्थिर सरकार होगी। यह 20 साल या उससे अधिक समय तक भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि हर देश, हर समाज अलग-अलग होता है। इसलिए जो बात भारत पर लागू हो सकती है, जरूरी नहीं कि वह दूसरे देशों के लिए भी हमेशा एक जैसी हो, लेकिन हमारा अपना अनुभव यह है कि राजनीति में स्थिरता की



कमी या संसद में साहसिक निर्णय लेने के लिए बहुमत न होना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में मजबूत राजनीतिक जनादेश का मतलब संसद में बहुमत होना है। यदि आपके पास सुधारवादी, दूरदृष्टि, प्रतिबद्धता वाला नेतृत्व है और वह नेतृत्व बहुत मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित है तो इससे साहसिक निर्णय लेने में आसानी होती है। निश्चित रूप से पिछले 10 सालों में जो हुआ है, हम इसके जारी रहने की उम्मीद करते हैं। जयशंकर ने कहा कि सौभाग्य से यह पिछले दशक से हमारे लिए अच्छा रहा है और मैं अगले दशक के लिए बहुत आश्वस्त हूं। उन्होने कहा कि जब आप किसी देश के जोखिम का मूल्यांकन करते हैं तो राजनीतिक स्थिरता उसका एक बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा होता है।

# हजरत ख्वाजा जियाउद्दीन चिश्ती का सालाना उर्स संपन्न

अवधनामा संवाददाता



सज्जादा नशीन व प्रशासन के लोगों को प्रयाग गौरव शगुन सम्मान से किया गया सम्मानित

**प्रयागराज।** शहर कोतवाली परिसर में स्थित सूफी संत हज़रत ख्वाजा जियाउद्दीन चिश्ती उर्फ बहाल हुसैन शाह का सालाना उर्स शनिवार को परंपरागत तरीके से संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। उर्स का आगाज़ सुबह फ़ज़र की नमाज़ के बाद कुरानख्वानी से शुरू हुआ।

सुबह 10 बजे गुस्ल की रस्म अदा की गई। संदल, गागर, चादर, के बाद क़व्वाली के 3 कलाम मशहूर कव्वाल अरशद हुसैन उर्फ पप्पू काकोरी ने पेश किया। इसके बाद गुस्ल की फातिहा हुई और दुआएं ख़ैर मांगी गई।

सारा दिन दरगाह पर जायरीनों का तांता लगा रहा। दूर-दराज आये ज़ायरीनों ने दरगाह पर फूल माला चढ़ाकर मन्नते मांगते रहे।

मगरिब के नमाज के बाद फातिहा व लंगर का इंतज़ाम दरगाह कमेटी के जानिब से किया गया। रात 9 बजे से महफिले शमा का आयोजन हुआ। जिसमें कव्वाल पप्पू करोरी ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश किया?। कलाम सुनकर उर्स में आये मेहमानों ने जमकर नज़राने पेश किया। महफ़िल देर रात तक चलती रही।

इस मौके पर कई दरगाहों व ख़ानक़ाह के सज्जादा नशीन मौजूद रहे। उर्स की पूरी रस्म ख़ानक़ाह सफ़वी के सज्जादानशीन अल्हाज़ हक़ीम रिज़वान हामिद सफ़वी की सरपरस्ती में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर ÷शगुन प्रयाग गौरव सम्मान÷ से कई सज्जादनशीनों, प्रशासन, समाजसेवी, व व्यपारियो, को शाल पहना कर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अलहाज हकीम रिजवान हामिद, रियाज अहमद कलंदरी, चांद मियां नियाजी, नैय्यर मियां साबरी, मोहम्मद कमर वारसी, शफीक वारसी, आदि लोगों को सम्मानित किया गया। दरगाह के खादिम मोहम्मद महबूब दावर ने बताया कि शाबान की 27 तारीख को दरगाह हजरत जियाउद्दीन चिश्ती का उर्स हर साल मनाया जाता है इस वर्ष भी उर्स परंपरागत तरीके से मनाया गया जिसमें हिंदू मुस्लिम भाईचारे की मिसाल पेश की गई। उर्स के मौके पर आए हुए मेहमानों ने अपने मुरादे मांगी तो वही देश में आपसी भाईचारा व देश में अमन चैन के लिए दुआएं मांगी गई। और उर्स सकुशल अपने समय के अनुसार संपन्न हुआ।

इस अवसर पर संदीप कुमार केसरवानी, अनिल कसेरा, राहिद अंसारी, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद आमिर, युसूफ कमाल, मोहम्मद याकूब, शाहनवाज, अबरार अहमद, मोहम्मद शहजाद उर्फ मुन्नू, सफदर कमाल, मोहम्मद अरशद रियासत, नसीम अहमद उर्फ चांद,, मोहम्मद अकरम आदि लोग मौजूद रहे।

# महिलाएं हर क्षेत्र में तरक्की कर रही हैं: डॉ. जाहेदा

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर चतुर्थ राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी वूमेन ग्रुप शो खानम आर्ट गैलरी में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि खानम आर्ट गैलरी की निदेशिका डॉ. जाहेदा खानम ने फीता काटकर कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अकादमी कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा, वरिष्ठ कलाकार तलत महमूद व शाहिद असगरी शामिल रहे पुष्पगुच्छ स्मृति चिन्ह से उन्हें सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में महिला चित्रकारों में सादमा अंसारी, अल्पना सरकार, साधना गोस्वामी, नित्या जायसवाल , कविता, शेख नशरह इस्लाम को अवार्ड मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट दे सम्मानित भी किया गया। लखनऊ, वाराणसी, आजमगढ़ मध्य प्रदेश, कानपुर, मुंबई, गुजरात, दिल्ली एवं प्रयागराज से महिला चित्रकारों में सम्मिलित सुषमा पाल, मुक्ता गुप्ता, डॉ. जूही शुक्ला, डॉ.कावेरी विज, खान यूसुफजई, श्रद्धा सिंह, पद्मिनी मेहता, डॉ. मंजुला, चतुर्वेदी, आसिया बानो, इकरा जफर, सबा परवीन, रुचिता ततारिया आदि की प्रदर्शनी में लगी पेंटिंग्स को खूब सराहा गया। चित्रकारों ने नारी चित्रण के अलावा पर्यावरण पर आधारित और एब्स्ट्रेक्ट पेस्टिंग्स में विभिन्न रंगों द्वारा अत्यंत सुंदर और कलात्मक चित्रण किया है। प्रदर्शनी 10 मार्च तक सुबह 11:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक खानम आर्ट गैलरी में चलेगी।

# इच्छापूर्ति श्रीगौरीशंकर मंदिर में मना महाशिवरात्रि पर्व

अवधनामा संवाददाता

भंडारे में हजारों ने किया प्रसाद ग्रहण, लगे महादेव के जयकारे

**आजमगढ़।** नगर के सिधारी वार्ड स्थित प्राचीन इच्छापूर्ति श्री गौरीशंकर मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पर्व के समापन पर शनिवार को मंदिर परिसर में ट्रस्ट समिति की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान लगे हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा।

महापर्व शिवरात्रि सिधारी स्थित प्राचीन इच्छापूर्ति श्री गौरीशंकर मंदिर में धूमधाम से मना। शनिवार को ट्रस्ट समिति की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। भोलेनाथ के भक्तों ने भंडारे में भगवान भोलेनाथ की महिमा का गुणगान करते हुए पूरे विधि अनुसार व्रत को पूरा किया। भंडारों का प्रसाद ग्रहण करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। देर रात तक चले भंडारे में क्षेत्र के हजारों लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में मुख्य ट्रस्टी श्रीमती कुसुम लता सिंह, प्रबंधक बॉबी सिंह रेड़ा ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रकृति सिंह, पुन्नु सिंह रेड़ा, रॉबी सिंह रेड़ा, पंडित अजय भारद्वाज पेंयुली, मुनिम, नायक यादव, विश्वजीत सिंह, अमरजीत सिंह, नीतू सिंह, ब्रजगोपाल राय, राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं को दिए यातायात नियमों के टिप्स

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रयागराज की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई 054 द्वारा आयोजित विशेष शिविर के छठवें दिवस का शुभारंभ प्रार्थना और लक्ष्य गीत के गायन के साथ हुआ।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में योग प्रशिक्षिका श्रीमती नीतू सिंह ने स्वयंसेविकाओं के मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक स्वास्थ को बनाए रखने के लिए लाभदायक आसन और प्राणायाम सिखाया। इसके पश्चात सा-रे-गा-मा-पा, डांस इंडिया डांस आदि जैसे रिएलिटी शो में भाग ले चुके कोरियोग्राफर भीम सिंह ने स्वयंसेविकाओ को उत्तर प्रदेश लोक नृत्य रास का अभ्यास कराया। तदोपरान्त यातायात निरीक्षक पवन कुमार पांडेय ने सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत स्वयंसेविकाओ को यातायात के नियमो को बताते हुए उन्हें पालन करने और दूसरो को करवाने के लिए आग्राह किया। जिसमे उन्होंने 10 मुख्य नियम बताए।

सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमे प्रथम स्थान प्रियांशी बाला, द्वितीय स्थान आरजू बानो और आंचल यादव तथा तृतीय स्थान पूजा भारतीया ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में श्रीमती सुचित्रा कुमारी ने स्वयंसेविकाओ को मार्शल आर्ट की कार्यशाला के अंतर्गत आत्मरक्षा के तरीके सिखाए तथा उनको 4 समूहों में बांट के क्रियात्मक अभ्यास कराया। तदोपरांत ÷मेरा पहला वोट देश के लिए÷ तथा ÷भारत का पर्व देश का गर्व÷अभियान के तहत लोकतंत्र मे मतदान का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान आंचल यादव और आंचल मिश्रा, द्वितीय स्थान दीक्षा और अनामिका मिश्रा, तृतीय स्थान अर्चिता पांडेय ने प्राप्त किया।

## प्रयागराज प्रधान डाकघर में लिफ्ट की सुबिधा शुरू

**प्रयागराज।** पोस्टमॉस्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में शनिवार को सिविल लाइंस स्थित प्रधान डाकघर को कस्टमर फ्रेंडली बनाने के लिए लिफ्ट की सुबिधा शुरू की गई ! पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि डाक सेवाओं के क्षेत्र में प्रयागराज का महत्वपूर्ण स्थान है। यहीं से तमाम डाक सेवाओं की शुरूआत हुयी और आज भी धरोहर के रूप में तमाम बातों को यह सहेजे हुये है। प्रधान डाकघर की अवस्थिति इसे और भी महत्वपूर्ण बनाती है। इसके आगोश में इतिहास के तमाम पहलू छुपे हुये हैं। अंग्रेजों के ज़माने में वर्ष 1834 में निर्मित प्रधान डाकघर की पुरानी बिल्डिंग का स्थापत्य, कमरों की डिज़ायन और बड़े-बड़े हॉल वाकई मनमोहक हैं। एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध हैं, ऐसे में यहाँ लिफ्ट लगने से ग्राहकों और कर्मियों सभी को सुविधा होगी।

# महाशिवरात्रि पर निकली शिव जी की बारात

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर( मुंगराबादशाहपुर)** स्थानीय क्षेत्र मोहल्ला कटरा में हर साल की तरह इस साल भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भोलेनाथ का अलग ही नजारा देखने को मिला भगवान शिव की बारात मोहल्ला कटरा से होते हुवे नगर भ्रमण के लिए निकाली गई. इसमें भूत-पिचाश, नंदी सबने खूब हुड़दंग किया। हर साल महाशिवरात्रि पर नगर में शिव की बारात निकाली जाती है, इस बारात को देखकर हर कोई मंत्रमुक्त हो गया। भगवान शिव कि बारात को देखने के लिए पूरा नगर तो उमड़ा ही है, इसके साथ ही आसपास के गावों के लोग भी ये नजारा देखने के लिए आए हुए थे। बारात में हर देवी देवता भी मौजद रहे. शिव बारात के आयोजक कान्हा यादव का कहना है कि महाशिवरात्रि के मौके पर हर वर्ष भगवान शिव की बारात निकाली जाती है. जिसे देखकर यात्री और स्थानीय निवासी में उत्साह का माहौल देखने को मिलता है. भगवान शिव की बारात का भूत पिशाच गंधर्व और सभी भक्त आनंद लेते रहे थे, सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु बनते हैं बाराती मान्यता है कि हरिद्वार में शिव कि ससुराल है शिवरात्रि पर भगवान शिव का शक्ति से मिलन हुआ था. उसी प्रथा को यहां के लोग आज भी मानते हैं. शाम के समय शुरू होने वाली भगवान शिव की बारात पूरे नगर में भ्रमण करती हुई देर रात मोहल्ला कटरा स्थित भगवान शंकर के मंदिर पर समाप्त हुवी। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु बाराती बने हैं और नगर में जगह-जगह बारात का जमकर स्वागत भी हुवा।

# कांग्रेस और सपा ने मुस्लिम समाज को बदनाम का स्वयं सत्ता की मलाई खाईः राजेंद्र मिश्रा

मुस्लिम देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना आइडल मान रहा है: हसन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वाधान में विशाल मुस्लिम सम्मेलन एवं जनसभा का आयोजन अटाला चौराहे के पास आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने अपने कार्यकाल में भारत का राष्ट्रपति बनने के लिए एपीजे अब्दुल कलाम का नाम प्रस्ताव पारित कर उन्हें इस देश का राष्ट्रपति बनाने का काम किया और देश के मुस्लिम समाज को गौरवान्वित ने किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के झंडे में धर्म और जाति नहीं बल्कि सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास है और मोदी और योगी सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाएं 140 करोड़ भारतीयों के लिए समर्पित है।

उन्होंने आगे कहा अभी तक कांग्रेस और सपा के लोगों ने मुस्लिम समाज के लोगों को भ्रमित कर उन्हें बदनाम किया और स्वयं सत्ता की मलाई खाई। इस अवसर पर काशी प्रांत के अल्पसंख्यक मोर्चा के संयोजक असलम हसन ने कहा कि कहा कि मुस्लिम समाज अपने बच्चों को शिक्षित करें। भारतीय जनता पार्टी उन्हें बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कहा कि मुस्लिम देश आज मोदी जी को अपना आइडल मान रहा है और उनके नेतृत्व को स्वीकार कर रहा है। आज भारत का राष्ट्रवादी मुस्लिम समाज भाजपा के साथ खड़ा है।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद नटवरलाल भारती, जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष राजेश गोंड, जिला मंत्री संजय श्रीवास्तव, राकेश भारती, रोहित जायसवाल ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला संयोजक सुशील जैन, एडवोकेट अस्मत कमाल, चौधरी अब्दुल समद कुरैशी ने आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के संयोजक मोहम्मद एनुल हक रहे। संचालन मोहम्मद चांद कुरैशी ने किया। इस अवसर पर मोहम्मद नवाब खान, प्रशांत शुक्ला, अजय हेला, रफतुल्लाह, कुर्बान अली, रेहाना खातून, गुड्डू अटाला, राशिद राइन, फिरोज अहमद, मोहम्मद फरीद, मुस्तफा टिंकी, आतिफ रहमान, हुकुम अली, असलम हसन, जिया उल हक, शादाब, जमील और क्षेत्र की सैकड़ो मुस्लिम बहनें उपस्थित रही।

## कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान का हुआ स्वगात

**आजमगढ़।** कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल विस्तार करके सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाते हुए अहम जिम्मेदारी दी है। प्रदेश सरकार में नियुक्त कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान का आजमगढ़ में उनके प्रथम बार आगमन पर भाजपा जिलामंत्री हरेन्द्र सिंह चौहान की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

स्वागत से अभिभूत कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहाकि अब विपक्षी भी कर रहा है कि मोदी को रोक पाना मुश्किल है। नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। जिस तरीके का उत्साह आम जनमानस और अगडे, पिछड़े, दलित हर समाज में उत्साह है। उसे देखकर लगता है जो केंद्रीय नेतृत्व ने 400 के पार की बात कही है। अब उस आंकड़े को पार कर ऐतिहासिक जीत होगी। वहीं स्वागत से अभिभूत दारा सिंह चौहान ने कहा कि आजमगढ़ हमारी जन्मभूमि है।

# सोसाइटी ऑफ बॉयलाजिकल साइसेज एण्ड रूरल डेवलपमेंट में महिला दिवस सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** सोसाइटी ऑफ बायलाजिकल साइंसेज एण्ड रूरल डेवलपमेंटए प्रयागराज में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस एवम् नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत डॉ ज्योति वर्मा सह. आयोजिका राष्ट्रीय संगोष्ठी ने किया। कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी एवम् संस्था के विषय में डा हेमलता पंत सचिव एस बी एस आर डीए ने बताया। इस सर्यक्रम को मुख्य अतिवि एवम् वक्ता प्रो अनिता गोपेश पूर्व अध्यक्षा जन्तु विज्ञान विभाग इलाहाबाद विश्वविधालय प्रयागराज थी। प्रो गोपेश ने अपने उद्बोधन में बताया कि हमें स्वयं के स्त्री होने पर गर्व होना चाहिए। महिलाओं को देवी या दासी ना समझे उन्हें मानव ही समझे। स्वतंत्रता अच्छी है मगर स्वछंदता ठीक नहीं है। हमारे लिए जो भी कानून बने हैं उनका सही इस्तेमाल करना चाहिए। शिक्षा एवं रोज़गार से महिलाओं की तस्वीर बदल रही है। कार्यक्रम में डा शक्ति शर्मा, डा मजू तिवारी ने भी अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में प्रो अनिता गोपेश डा शक्ति शर्माए डा मंजू तिवारी डा वन्दना माथुर डा राजीना करीमा डा उमा रानी अग्रवाल डा निशि सेवक डा दीप्ति मोण्डल डा अंकिता कुशवाहा डा दीपा श्रीवास्तवा डा अर्चना उदय सिंह डा दुर्गेश नन्दिनी डा जलि वर्मा डा प्रिया श्रीवास्तवा डा निधि शुक्ला डा सरिता विपाठी डा साधना वैश्य डा वर्षा जायसवाल डा दीपांजलि पाण्डेय डा मोनिका सिंह हा सहनशी हाशमीए डा जनेशा राणा डा नीरजा शुक्ला डा मीशू सिंह डा कामिन डॉ पल्लवी खनूजा डा साधना त्रिपाठी सुचि चौहान डा उत्तरा सिंह डा दीसा गौतम डा विनी जॉन डा अनीशा काजल सिंह खुशबू विश्वकर्मा को सम्मानित किया गया। उस कार्यक्रम में कु सिमोनी सिंघल ने संचालन एवम् धन्यवाद दिया। कार्यकम में अनुराधा यादव अर्पिता श्रीवास्तव एवं निधि गुप्ता भी उपस्थित रहीं।

# ब्राह्मणों को एक जुट होने की जरूरतः संतोष

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** निजामाबाद विधान सभा में पड़ने वाले दत्तात्रेय धाम पर ब्राह्मण समाज प्रबुद्ध वर्ग का महा सम्मेलन का आयोजन किया गया। तमसा-कुंवर के संगम तट पर ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में वही वेद शास्त्रों व वैदिक मंत्रों की अविरल धारा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष डा संतोष कुमार मिश्र रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत करने के साथ साथ मुख्य अतिथि को फरसा देकर सम्मानित किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर संतोष कुमार ने कहा कि ब्राह्मणों को हीन भावना से ऊपर उठकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने ने कहा कि प्रदेश में हमारी संख्या कम नहीं है। हमारी भागीदारी जब तक शासन सत्ता में नहीं होंगी तब तक ब्राह्मण समाज का भला होने वाला नहीं है। हमें गांव गांव, घर घर जाकर लोगों को जगाने की जरूरत है। अरुण पाठक ने कहा कि ब्राह्मण किसी का मोहताज नहीं है। जो पार्टियां उन्हें शासन सत्ता में उचित भागीदारी देगा ब्राह्मण समाज उसके साथ रहेगा। अपने हक और अधिकार के लिए सतत् तैयार रहने की जरूरत है।

बृजेश दूबे जाफरपुरी ने कहाकि वर्तमान समय में ब्राह्मणों की राजनैतिक उपेक्षा की जा रही है। जो ब्राह्मण हित की बात करेगा ब्राह्मण उसके कंधा से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा।

# ध्यान और चिंतन से मिलती है सकारात्मक ऊर्जा : प्रो. वंदना सिंह

गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब्स के 80 विद्यार्थियों को मिला किट

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा शनिवार को गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब्स के स्वैग वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो। वंदना सिंह ने गूगल द्वारा विद्यार्थियों के लिए भेजे गए किट को प्रदान किया।

आर्यभट सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि ध्यान और आत्म चिंतन से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है जिससे हम नई ऊंचाइयों को छू सकते है। जीवन में कब, कहा और क्या करना है इसका ज्ञान बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि अध्ययन के साथ ही साथ अपनी दिनचर्या में योग और प्राणायाम को समाहित करे जीवन बदल जायेगा। इससे अध्ययन में भी एकाग्रता बढ़ेगी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग न करें और संभव हो सके तो एक दिन मोबाइल उपवास कर प्रकृति और स्वयं से जुड़ें।गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब्स द्वारा विश्वविद्यालय में छात्रों को उभरती हुई तकनीकी क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए डीएसए का टेस्ट कराया गया और उन्हें वेब डेवलपमेंट, एप डेवलपमेंट और उनकी कोडिंग स्किल्स को बढ़ाया गया । गौरतलब है कि यह कार्यक्रम छात्रों को तकनीकी क्षेत्रों दक्ष बनाने के लिए गूगल द्वारा कराया जाता है। विश्वविद्यालय में पिछले दो वर्षों से गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब्स सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब्स में प्रतिष्ठित गूगल टायर प्रथम में पहुंच गया, उसी की तहत गूगल द्वारा 80 विद्यार्थियों के लिए बैग, बॉटल और टी - शर्ट सम्मान स्वरूप भेजा गया। समारोह में सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रोफेसर प्रदीप कुमार, प्रो प्रमोद यादव, डॉ। दिग्विजय सिंह राठौर, फैकल्टी एडवाइजर गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब्स दिलीप कुमार यादव, डॉ। ज्ञानेंद्र पाल , प्रशांत कुमार यादव , दीप्ति पांडे, प्रवीण कुमार पांडेय, कृष्णा यादव, संतोष कुमार यादव, डॉ। दिव्येंदु मिश्र, आलोक मिश्र, राजेंद्र सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे। गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब्स एवं सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा किए गए कार्यों पर यत्नदीप दुबे ने प्रकाश डाला। संचालन प्रकृति गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन धर्मपाल सिंह ने किया। कार्यक्रम में सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल एवम गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब्स के सदस्य सरिता सिंह, अनुषा वर्मा, विकास यादव, नेहा तिवारी, आंचल सिंह, नवनीत मौर्य, शुभम कुमार,आकांक्षा गुप्ता, अनिकेश यादव, आकाश कुमार, तृप्ति सिंह, अनामिका सिंह उपस्थित रहे।

# नया भारत दुनिया में सम्मान बढ़ा रहा है: योगी आदित्यनाथ

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा 09 मार्च 2024 को जनपद जौनपुर को करीब 899 करोड़ की 256 विकास परियोजनाओं केलोकार्पण/ शिलान्यास की सौगात दी गयी। सर्वप्रथम कलीचाबाद तिराहे पर नवनिर्मित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा किया गया।बी.आर.पी इन्टर कालेज पर आयोजित जनसभा स्थल पर राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव ने भगवान श्रीराम की प्रतिमा देकर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवदी ने अंगवस्त्रम प्रदान किया तथा जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड के द्वारा भगवान श्री राम दरबार का प्रतीकात्मक चिन्ह दिया गया।इसके उपरांत मुख्यमंत्री के द्वारा बटन दबाकर विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इसके पश्चात उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया जिनमें आयुष्मान गोल्डेन के लाभार्थी उर्मिला को गोल्डेन कार्ड और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की लाभार्थी हर्षिता मिश्रा और आर्यन को लैपटाप, कन्या विवाह सहायता योजना के तहत रामपाल को रूपये 55 हजार का स्वीकृति प्रमाण पत्र, मेधावी छात्र योजना के तहत रितु मिश्रा और साक्षी मिश्रा को मोबाइल फोन और फार्म मशीनरी योजना के तहत अवधेश पाण्डेय को ट्रैक्टर चाभी, पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पम्प सिचाई चयन पत्र सुरेन्द्र कुमार प्रजापति को और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 10 लाख का डेमो चेक प्रदीप सिंह को प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने जनसभा



को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में सभी की आस्था का सम्मान किया जा रहा है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक गरीब परिवार को बिना भेदभाव के दिया जा रहा है।आज का नया भारत दुनिया में सम्मान बढा रहा है और देश को सुरक्षा भी दे रहा है। उन्होने कहा कि देश की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।सुरक्षा व्यवस्था की वजह से जनपद में निवेश आ रहा है, फोर लेन बन रहे है,गोमती नदी पर पुल बन रहे है, चौराहों का सुंदरीकरण हो रहा है, गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है, ओ.डी.ओपी के तहत जनपद के उत्पाद को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाने का कार्य किया जा रहा है। शुद्व पेयजल और हर गरीब को आयुष्मान कार्ड के द्वारा मुफ्त इलाज किया जा रहा है। अनाथ बच्चों को बाल सेवा योजना के तहत जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, उनके आश्रय,शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है और श्रमिकों के बच्चों के लिए विद्यालय स्थापित किया जा रहा है।

## बीआरपी इंटर कालेज में 899करोड़ की 256 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण हुआ



**जौनपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कलीचाबाद में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण शनिवार को किया। व बीआरपी इंटर कालेज में 899 करोड़ की 256विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण के साथ विभिन्न लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि। अगर केंद्र व राज्य में डबल इंजन की सरकार नहीं होती तो क्या अयोध्या में राम मंदिर बना पाते उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो ताल ठोक कर आने का प्रयास कर रहे हैं ।यह तो लाठी डंडे बरसते थे। काशी में काशी विश्वनाथ धाम बन पाता। भाइयों बहनों यह लोग जलाभिषेक पर रोक लगाते थे व अपमानित करते थे। ये भारत के मंदिर पर्व एवं त्योहार पर देंगे करते थे। लेकिन आज सरकार पर्व एवं त्योहार को शांतिपूर्ण मनाने में बैरियर का काम नहीं करती हैं। आज तो शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने के लिए प्रोत्साहित व सहयोग करती है। जहां पर बड़ा आयोजन होता है वहां पुष्प वर्षा होती है।व सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करती है। भाइयों बहनों इसलिए आपसे कहने आया हूं सुरक्षा के साथ खिलवाड़ की छूट किसी भी को नहीं देंगे व जो भी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करेगा उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी ।सुरक्षा का भयंकर वातावरण से ही जौनपुर में 3500 करोड़ का निवेश आ रहा है । कोई सोचता था कि जौनपुर में बड़े उद्योग आएंगे आज निवेश आ रहा है एसटीपी लग रही है ।फोरलेन बन रहा है रिंग रोड बन रहा है ।गोमती नदी में पुल बना रहे हैं ,हर गरीब को राशन का लाभ मिल रहा है वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट को आगे बढ़ाया जा रहा है। हर घर को नल की योजना मिल रही है शुद्ध पेयजल हर गरीब को आयुष्मान सुविधा का लाभ व निराश्रित बाल तिलक को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़ने का काम हो रहा है।

# नारी शक्ति फिटनेस दौड़ का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**भेटुआ (अमेठी)।** स्थानीय विकास खंड में मेरा भारत विकसित भारत के अंतर्गत नारी शक्ति फिटनेस दौड़ का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र की ओर से स्वामी विवेकानंद खेल मैदान पश्चिम दुआरा में किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ डॉ बी पात्रा विभागाध्यक्ष अंग्रजी बाबासाहेब डा भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय सेटेलाइट केंद्र टीकरमाफी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्कर्ष शुक्ला ब्लॉक प्रमुख भेटुआ ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया। जिनमे कुमारी नैना प्रथम कुमारी रिंकी कश्यप द्वितीय और कुमारी शालू तृतीय स्थान पर रही।सभी को टी शर्ट कप बैंड और टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लालमणि कश्यप प्रधान संघ अध्यक्ष भेटुआ गोकुल प्रसाद यादव डॉ शंकर लाल चन्द्र पाल यादव डॉ एस पी सिंह राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रतिमा रामकुमार सिंह रेखा सिंह सीमा अंजू सिंह शिवलली सिंह मधुलिका सिंह उषा सिंह दिलवर अली आदि उपस्थित रहे। विकास खंड अमेठी में फायर स्टेशन से डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम तक दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। ब्लॉक प्रमुख मंजू मौर्य के साथ आर आर पी जी कॉलेज के समाजशास्त्र के विभाग अध्यक्ष डॉ धनंजय सिंह और उपनिदेशक डॉ आराधना राज ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**देवरिया।** जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के अध्यक्षता में 9 मार्च दिन शनिवार को सुबह 10.00 बजे राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश श्री देवेन्द्र सिंह, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बद्री विशाल पाण्डेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती इन्द्रिरा सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती छाया नैन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश पटेल, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री विकास कुमार, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी श्री संजय कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव अशोक कुमार दूबें, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज तिवारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मृदांशु कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्री जगन्नाथ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कमारी, सिविल जज (सी0डी0) विवेक कुमार, व अन्य सम्मानित न्यायाधीशगणों द्वारा फीता काटकर एवं मॉ सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण एवं द्विप प्रज्जवलन के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया।

# निर्जलीकृत फूलों और पत्तियों से तैयार उत्पाद भी दिलाएंगे रोजगार

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अर्तगत संचालित कृषि संकाय और राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, (एनबी आरआई) लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को 'निर्जलित पुष्प शिल्प' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का अयोजन किया गया। राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान से आये वैज्ञानिक डॉ. अतुल बत्रा एवं डॉ. श्वेता ने पुष्प निर्जलीकरण की वैज्ञानिक विधि के साथ फूलों और पत्तियों के रंग, आकार, सुन्दरता के संरक्षण एवं भौतिक क्षरण से बचाने की विधि पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

निर्जलीकृत फूलों का प्रयोग कलापूर्ण ग्रीटिंग कार्ड, वालप्लेट, लैंडस्केप डिजाइनिंग में किया जाता है। उन्होंने कहा कि निर्जलीकृत फूलों और पत्तियों से तैयार ग्रीटिंग कार्ड, वालप्लेट की बाजार में बहुत मांग है और इसमें रोजगार के असीम अवसर हैं। आगंतुक वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत प्रशिक्षण के तहत विश्वविद्यालय प्रांगण में पुष्प निर्जलीकरण विधि और निर्जलीकृत पुष्पों के विभिन्न उपयोग की विधा सिखलाई।

डॉ बत्रा ने कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय पुष्पकृषि मिशन के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम से महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। प्रशिक्षण में श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने वाली चयनित छात्राओं को राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में तीन दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ विमल कुमार दूबे ने तथा आभार ज्ञापन सह आचार्य डॉ संदीप श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. आयुष कुमार पाठक, डॉ. प्रवीन कुमार सिंह, डॉ. शाश्वती प्रेमकुमारी, सुश्री प्रीति (एनबीआरआई), स्नातक कृषि विज्ञान के प्रथम व द्वितीय वर्ष के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महिला कर्मियों के सम्मान का कार्यक्रम हुआ आयोजित



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर में गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिला कर्मियों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लड बैंक में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में ब्लड बैंक तथा पैथोलॉजी में कार्यरत महिला तकनीशियन, प्रशिक्षु, नियमित महिला कर्मी का सम्मान किया गया। इस सम्मान कार्यक्रम के चिकित्सालय के निदेशक डॉ डी. सी. ठाकुर, अपर निदेशक कामेश्वर सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल, व्यवस्थापक विनोद सिंह सहित ब्लड बैंक एवम पैथोलॉजी के टेक्नीशियन उपस्थित रहे। इस अवसर पर चिकित्सालय के पदाधिकारियों ने सभी महिला कर्मियों को शुभकामनाए देते हुए आर्शिवाद प्रदान किया।

## प्रशिक्षित महिलाओं को मिला मोबाइल फोन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सामुदायिक भवन मल्हीपुर में भारत सरकार की महिला सशक्तिकरण की अंतर्गत कौशल विकास मिशन के तहत सिलाई कढ़ाई बुनाई आदि की तकनीकी शिक्षा देने के क्रम में महिलाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाने हेतु भारत सरकार द्वारा महिलाओं को पुरुषों के समान बराबरी का अधिकार देने और उन्हें हर तरीके से शिक्षित और प्रशिक्षित करने का कार्य करने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहा है। इसी के अनुक्रम में कौशल विकास से प्रशिक्षित महिलाओं को स्मार्टफोन देकर सरकार द्वारा उनके विकास में एक और तार जोड़ने का कार्य किया गया यह जन कल्याणकारी कार्य जिला पंचायत प्रतिनिधि सुरजीत सिंह मल्हीपुर के द्वारा संपन्न किया गया । इस कार्य से महिला सशक्तिकरण की दिशा में ट्रेनिंग पायी हुई महिलायों को जागरूक और स्मार्ट बनाने का बेहतर प्रयास हुआ है उक्त बातें जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुरजीत सिंह मल्हीपुर ने कही। उक्त अवसर आकाश गुप्ता,विजय प्रताप सिंह(पेड़ा सिंह) विश्वास सिंह उमेश पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।

## सीएम योगी ने किया एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी का भूमि पूजन एवं शिलान्यास

# अनुशासन के बिना जीवन में कुछ भी नहीं हो सकता

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीवन में अनुशासन के बिना कुछ भी नहीं हो सकता है। यह अनुशासन आत्मानुशासन से पैदा होता है और यह जीवन भर सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है, मंजिल तक पहुंचाने का मार्गदर्शन करता है। इस दृष्टिकोण से युवाओं को अनुशासन का व्यावहारिक ज्ञान देने में एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर के सिक्टौर (तालकंदला) में एनसीसी (नेशनल कैडेट कोर) ट्रेनिंग एकेडमी का भूमि पूजन और शिलान्यास करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय गोरखपुर की ट्रेनिंग एकेडमी का निर्माण 10 एकड़ क्षेत्रफल में 55 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि 1948 में संसद के एक अधिनियम से गठित एनसीसी युवाओं को एकता और अनुशासन के लिए प्रेरित करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन है। एनसीसी को आज के युवाओं के जीवन का हिस्सा बनाना पीएम मोदी का विजन है। पीएम के इस विजन को मिशन मोड पर आगे बढ़ाने के लिए गोरखपुर में एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी की स्थापना की जा रही है। यह एकेडमी एकता और अनुशासन की वह पाठशाला बनेगी जहां से सामाजिक एकता के माध्यम से राष्ट्रीय एकात्मकता को मजबूत किया जाएगा। सीएम ने कहा कि यूपी की 56 प्रतिशत आबादी कामकाजी है। एनसीसी की ट्रेनिंग एकेडमी यहां की युवा कार्यशील पूंजी को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का स्वयं कोई अस्तित्व नहीं होता है। खुद के लिए जीना, कोई जीवन नहीं होता बल्कि हमारे लिए देश सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। देश के लिए समर्पण की भावना से ही एकता और अनुशासन का भाव आगे बढ़ता है। सीएम योगी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। रक्षा आवश्यकताओं के मामले में रक्षा उपकरणों के उत्पादन तथा डिफेंस कॉरिडोर के निर्माण से देश इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहा है। अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर भारत के हार्ड और सॉफ्ट पावर को दुनिया महसूस कर रही है। मुख्यमंत्री ने एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी का निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए यहां के परिसर को भरपूर पौधरोपण से हराभरा बनाने का आह्वान किया। साथ ही इसे प्लास्टिक मुक्त, प्रदूषण मुक्त बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रेगुलर ट्रेनिंग ड्रिल के साथ कैडेटों को सप्ताह में एक दिन स्वच्छता अभियान से अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए।

### दो कदम आगे बढ़कर सहयोग करती है सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था की तरफ से प्रयास किया जाता है तो सरकार दो कदम आगे बढ़कर सहयोग करती है। एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी के लिए गोरखपुर मुख्यालय ने ऐसा ही प्रयास किया। देश की आबादी का सबसे बड़ा राज्य होने के चलते यूपी के लिए इस एकेडमी का अपना महत्व होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनसीसी ग्रुप मुख्यालय गोरखपुर में आने वाले 11 जिलों में से 4 जिले सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच आकांक्षी जनपद हैं। एनसीसी एकेडमी में प्रशिक्षित युवा इन जिलों को विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## रेस्टोरेंट में हो रहा था देह व्यापार, दो जोड़े बरामद

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के भीटी रावत चौराहे पर स्थित रेस्टोरेंट संचालक द्वारा देह व्यापार किया जा रहा था। पुलिस को भनक लगी तो छापेमारी कर दो जोड़ी को बरामद किया और रेस्टोरेंट संचालक सहित छः लोगो पर देह व्यापार करने का केस दर्ज कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी से एसओ मदन मोहन मिश्र कास्टेबिल रुद्र सिंह, राहुल प्रसाद गश्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली की भीटी रावत स्थित रेस्टोरेंट पर देह व्यापार चल रहा है। जानकारी मिलते ही एसआई धनश्याम उपाध्याय, महिला कांस्टेबल प्रियंका मौर्य, बंदना कन्नौजिया को मौके पर बुलाकर छापेमारी की रेस्टोरेंट के दूसरे मंजिल के एक कमरे में एक जोड़ा आपत्तिजनक रूप में मिले। इसके अलावा दूसरे कमरे में भी एक जोड़े आपत्तिजनक रूप में मिले। उनके पास से 2250 रुपया कंडोम बरामद हुआ। पूछताछ में जोड़ो ने बताया की रेस्टोरेंट संचालक द्वारा एक हजार रुपए लेकर कमरे दिए जाते है। पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक चंद्रकेतु पुत्र रामाज्ञा सिंह निवासी वार्ड 10 लुचुई, प्रमोद चौरसिया पुत्र स्व राधेश्याम निवासी बरईपार थाना सहजनवा, अलाउद्दीन उर्फ गोलू अंसारी पुत्र स्व अमरुद्दीन निवासी शेरपुर खलीला, माया पुत्री राम रतन निवासी सेमरा मगहर, मोहम्मद हुसैन पुत्र फकरुद्दीन असरफाबाद खलीलाबाद किरन पुत्र सोमनाथ निवासी बगहिया थाना खलीलाबाद जिला संतकबीर नगर के खिलाफ देह व्यापार करने का केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

## आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण को रवाना किये गए होमगार्ड



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने हेतु होमगार्ड मुख्यालय एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्राधिकरण के सहयोग से होमगार्ड को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से जनपद में 40 वर्ष से कम आयु वाले 72 होमगार्डों को शनिवार को कलेक्ट्रेट से अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता द्वारा दो बसो को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश मिश्र अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रभारी अधिकारी दैवीय आपदा मोहम्मद असलम एवं आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार के अतिरिक्त होम गार्ड विभाग के विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के लिए भेजने से पहले होमगार्डों को सम्बोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी ने पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश देते हुए बताया कि प्रशिक्षण समाप्ति के उपरांत जनपद में आपदा प्रबंधन सम्बन्धी गतिविधियों में प्रतिभाग अनिवार्य रूप से करना होगा। जिससे प्रशिक्षण की सार्थकता सिद्ध हो सके।

# चुनाव से पूर्व आम जनता का सुझाव एवं उनकी साझेदारी सुनिश्चित करना जरूरी

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** विधानसभा क्षेत्र देवरिया में विकसित भारत के संकल्प पत्र सुझाव हेतु वीडियो वैन का बैतालपुर मंडल के मेहडा पुरवा चौराहे से माननीय विधायक देवरिया सदर डा.शलभ मणि त्रिपाठी ने झंडी दिखाकर रवाना किया और भारत और कैसे विकसित हो संकल्प पत्र को वितरित कर जन मानस से लिखित सुझाव संकलित किए गए। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि डा.शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा विकसित भारत और मोदी की गारंटी के साथ लोकसभा चुनाव के पहले पूरे देश में जन जन तक पहुंचने का फैसला किया है।

अमृत काल खंड में देश विकसित भारत बनने की ओर चल पड़ा है और इसमें आप आम जनता की साझेदारी सुनिश्चित करना जरूरी है। लोकसभा चुनाव के पहले जन मानस के सुझाव आवश्यक है,यह जानना जरूरी है कि अगले पांच साल में आम जनता देश को किस रूप में देखना चाहती है, हम अपना संकल्प पत्र भी जनता के सामने रखेंगे, जो अगले पांच साल तक सरकार के दिशा निर्देश के रूप में काम करेगा। नगर पंचायत बैतालपुर चेयरमैन सरिता पासवान ने कहा कि संकल्प पत्र संकलन अभियान और वीडियो वैन के माध्यम से नगर गांवों में, चौराहों पर विभिन्न वर्गों के साथ संवाद स्थापित हो रहा है और उनके सुझावों को पार्टी अपने घोषणा पत्र में स्थान देगी। इससे लोगों में और भी विश्वास बढ़ेगा, जो पार्टी की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा। विधानसभा प्रभारी विजय कुमार दुबे ने कहा कि विकसित भारत, मोदी की गारंटी का रथ जनता से सुझाव जुटाने के साथ-साथ उन्हें भाजपा के साथ जोड़ने का भी काम कर रही है। लोकसभा के वैन प्रभारी सत्येन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि यह वीडियो वैन एवम संकल्प पत्र संकलन अभियान, चुनाव में अपना महत्वपूर्ण रोल देगा। त्रिपाठी ने बताया कि मिस्ड काल के माध्यम से जुड़ने वाले लोगों को काल कर उनके सुझाव लिए जाएंगे

# पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के छपरा भगत गांव के समीप गोरखपुर-कसया मार्ग पर पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दरम्यान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक तस्कर के पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दुसरे तस्कर को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। घायल पशु तस्कर की पहचान देवरिया जिले के तरकुलवा थाने महुआ पाटन बाजार के कमरो होदा उर्फ भिंगुर के रूप में हुई। उसके पास से तमंचा व कारतूस मिला है। घायल तस्कर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी ने अस्पताल पहुंच घटना की जानकारी ली।

पुलिसिया कहानी के मुताबिक हाटा कोतवाली पुलिस शनिवार की भोर मे क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि तस्कर गोवंश की खेप लेकर गौरी बाजार रोड की ओर से कसया की तरफ आ रहे हैं। इसके बाद कोतवाली प्रभारी राज प्रकाश सिंह उच्चाधिकारियों को सूचना देकर तत्काल मौके की तरफ चल दिए। इस बीच साइबर टीम व कप्तानगंज थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार भी पहुंच गए। संयुक्त टीम साढ़े तीन बजे भोर में गोरखपुर-कसया मार्ग पर छपरा भगत गांव के समीप घेराबंदी कर तस्करों की तलाश में जुट गई। हाटा की तरफ से पिकअप आते देख पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस टीम को देख बैरिकेडिंग तोड़ते हुए चालक तेज गति से पिकअप को भगाने लगा। टीम ने पीछा किया तो पिकअप रोक दो व्यक्ति उतरे और पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए सड़क किनारे तेजी से भागने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में कमरो होदा उर्फ भिंगुर के दाएं पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। जबकि अब्बास अंसारी निवासी जावरा विशुनपुरा थाना चौराखास हाल मुकाम नारायनपुर थाना तरकुलवा जिला देवरिया को दौड़ा कर पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने तस्करों के पास से दो तमंचा, सात कारतूस और मौके मौके से तीन खोखा बरामद किया। इसके अलावा पिकअप पर छह गोवंश, लकड़ी का बड़ा टुकड़ा, रस्सी व लोहे का धारदार हथियार मिला। बताया जाता है कि गोवंश को पुलिस ने गो आश्रय स्थल भेज दिया। पुलिसिया पूछताछ में पशु तस्कर ने बताया कि महुआ पाटन बाजार से गोवंश की खेप लेकर वह बिहार के गोपालगंज जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल का कहना है कि पकड़े गए तस्करों का आपराधिक इतिहास है। गोवध निवारण, पशु क्रूरता व आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## किसानों के शौर्य का सम्मान कर रहा किसान मोर्चा



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा आयोजित ग्राम परिक्रमा यात्रा के अंतर्गत बरहज विधानसभा के बहोर धनैती गांव में बरहज विधायक दीपक मिश्रा शाका ने कृषि यंत्र ट्रैक्टर का पूजन कर घर-घर भाजपा सरकार की उपलब्धियों का पत्रक वितरित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए बरहज विधायक दीपक मिश्रा शाका ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार साफ नियत से सबको साथ लेकर देश का विकास कर रही है, मोदी ने पिछले 10 वर्षों में गांव-गरीब-किसान की खुशहाली पर केंद्रित योजनाएं चलाकर देश के विकास को गति देकर देश को खुशहाल और समृद्ध बनाया है। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार किसानों को सिचाई के लिये मुफ्त बिजली मुहैया करा रही है, सरकार अपने वादों को पूरा करने के लिये संकल्पित है। ब्लाक प्रमुख छठु यादव ने कहा कि भाजपा सरकार गांवो के विकास के लिये संकल्पित है। इस अवसर पर मुख्य रूप से काशीपति शुक्ल, गिरिजेश सिंह, वाई के तिवारी, पुनकी राय, अखिलेश राजभर, प्रदीप राजभर, रामेश्वर यादव, पवन सिंह, विनोद सिंह, सुरेश पांडेय, धनवंत सिंह, रामआसरे कुशवाहा उपस्थित रहे।

# साड़ी का फंदा लगाकर महिला ने दी जान



**कस्बे के वार्ड नंबर पांच का मामला, जांच में जुटी पुलिस**

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर पांच निवासिनी एक 34 वर्षीय महिला ने शनिवार को कमरे में फंखे की कुंडी से साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। उस दौरान बच्चे घर से बाहर थे, जब घर गए तो दरवाजा बंद देख चिलाने लगे।

पीछे के रास्ते एक लड़के के साथ अंदर गया तो देखा कि उसकी मां फंदे से लटकी हुई है। बच्चे की शोर सुनकर अगला बगल के लोग जुट गए और सगे संबंधियों को सूचित किए। महिला के मौत के कारण का पता नही चल पा रहा है, हालांकि पुलिस काल डिटेल से पता लगाने की प्रयास में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को वार्ड नंबर पांच निवासिनी पूनम पत्नी दयाशंकर उम्र लगभग 34 वर्ष शनिवार को खाना बनाने के बाद दिन के तकरीबन 10 बजे बच्चों को खिलाकर बाहर किसी काम से भेज दिया था। कुछ देर बाद जब बच्चे घर पहुंचे तो देखा कि घर का दरवाजा बंद है। पिछले के रास्ते से गांव के एक लड़के साथ गया और दरवाजा खोलकर देखा तो उसकी मां छत के पंखे से साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। महिला के मौत की सूचना उसका नौ वर्षीय लड़का दिव्यनाशु ने सबसे पहले अपने मामी को दिया जिसके बाद उक्त महिला ने सगे संबंधितों को सूचना दी। उधर घटना की जानकारी होने पर गांव के सैकड़ों लोग पहुंच गए। कुछ ही समय बाद मृतक के रिश्तेदार सभी लोग मौके से पहुंच गए। मृतका के सास व ससुर पारस कन्नौजिया ग्राम मिठ्ठाबेल थाना झगहां जनपद गोरखपुर में रहते है जबकि इनके तीनों लड़के पिता के मिले निवासा पर हरैया गांव में रहते है। सभी लोग अलग अलग रहते है। मृतका के दो बच्चे दिव्यांशु उम्र 9 वर्ष व लड़की कृति उम्र 2 वर्ष है जबकि पति दयाशंकर कन्नौजिया विदेश में रहता है। मौके से पहुंची पुलिस टीम में संदीप गौंड, सतेंद्र साहनी, शुभम सिंह, अश्वनी यादव, हेमंत शुक्ला व महिला सिपाही मय टीम पहुंचकर शव को उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने बताया कि महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिली नही है, तहरीर मिलने के आधार पर आवश्यक कार्यवाई की जायेगी।

## रवींद्र कुशवाहा को भाजपा ने तीसरी बार बनाया प्रत्याशी क्षेत्र आगमन पर जोरदार हुआ स्वागत



**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के मौजूदा सांसद रविंद्र कुशवाहा को तीसरी बार पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है जिससे कि कार्यकर्ताओं में उत्साह है और प्रत्याशी अपनी जीत के प्रति आस्वस्थ है और ऐसा मान रहे कि मोदी के गारंटी है और भाजपा 400 के पार सीटे प्राप्त करेंगे और केंद्र में पुनः तीसरी बार भाजपा एनडीए गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने वाली है, जिससे कि विरोधी गठबंधन में भगदड़ मची हुई है और विपक्षी हताश से निराश हो चुके हैं क्षेत्र आगमन पर क्षेत्र आगमन पर छतरपुरा महुआबारी बेलपार ढाला केन यूनियन दुर्गा मंदिर रतसिया मोड फुलवरिया चौराहा अकतही बाजार सोहनपुर बाजार सोहनपुर बाजार रामपुर बुजुर्ग में जोरदार स्वागत हुआ नगर के विभिन्न स्थानों पर पर जितेंद्र जायसवाल मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जैसवाल मंडल महामंत्री मंटू पटेल पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी जीतू गुप्ता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी संतोष पांडे बृजमोहन पटेल अतुल प्रताप सिंह विकास शर्मा संजय जयसवाल पवन कुमार गुप्ता अमित शाही मंडल महामंत्री शम्स परवेज सहित अनेको के नेतृत्व में जोरदार तरीके से सांसद प्रत्याशी का स्वागत किया गया इस दौरान वर्तमान सांसद रवींद्र कुशवाहा जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीशचंद तिवारी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी जयनाथ कुशवाहा उर्फ गुड्डन संतोष पटेल राजेश गुप्ता रविंद्र कुशवाहा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर किया निरीक्षण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी और जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया । इस दौरान सदर सांसद ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पीएम आवास से लाभान्वित जिले के 23954 लाभार्थियों को संबोधित करेंगे तथा 654 करोड़ की विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि भारी संख्या में लोग आएं और प्रदेश के मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त करें ।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के स्वागत की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं सभी कार्यकर्ता उनके कार्यक्रम को लेकर उत्साहित हैं। इस दौरान भाजपा नेता नीरज शाही, डा राधेश्याम शुक्ला, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, मनीष मल्ल, राजेश सिंह, अंशु सिंह, अक्षय अक्षय सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संवेदनशील बूथों का किया गया निरीक्षण

**गौरीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया व पुलिस क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी ने कस्बा गौरीगंज में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होंने कस्बे में पैदल चलकर लोगों से आगामी निर्वाचन के दौरान शांतिपूर्ण ढंग से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया। इसके उपरांत उन्होंने संवेदनशील बूथ पचेहरी का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

- निष्क्रिय दुग्ध समितियों को क्रियाशील करने के दिये गये निर्देश
- निर्माणाधीन वृहद गौसंरक्षण केन्द्रों का कार्य जल्द पूर्ण कराया जाय



**बहराइच।** प्रदेश के मंत्री, पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग धर्मपाल सिंह ने जनपद भ्रमण के दौरान लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर सदर विधायक मती अनुपमा जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव कुमार सिसोदिया, अपर निदेशक पशुपालन डॉ. केदार नाथ कुशवाहा, प्रधान प्रबन्धक दुग्ध संघ देवीपाटन मण्डल गोण्डा कन्हैया लाल यादव, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार उपाध्याय व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान सीवीओ डॉ. उपाध्याय ने बताया कि जनपद में 07 वृहद गौआश्रय स्थल व 106 अस्थायी गौआश्रय स्थल संचालित है जिसमें 28347 गौवंश संरक्षित हैं। जनपद में निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने के उद्देश्य से संचालित किये गये अभियान के दौरान 5400 गोवंशों को संरक्षित किया गया है। मंत्री सिंह ने निर्देश दिया कि जनपद में निर्माणाधान वृहद केन्द्रों को निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराकर अवशेष गौवंशों को संरक्षित किया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि संरक्षित गोवंशों को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार चारे-पानी, भूसा, आवास व चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाय। गोवंशों के संरक्षण में धनाभाव की स्थिति आड़े नहीं आने दी जायेगी।

मंत्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि गोसंरक्षण केन्द्रों पर कार्यरत कार्मिकों विशेष रूप से केयर टेकरों को समय से मानदेय का भुगतान किया जाय तथा अन्य मदों में बिलों को लम्बित न रखा जाय ताकि गोवंशों का संरक्षण बेहतर से बेहतर ढंग से हो सके। सिंह ने यह भी निर्देश दिया कि निजी क्षेत्रों में संचालित गौशालाओं से सम्बन्धित देयकों के भुगतान हेतु समयबद्ध तरीके से कार्यवाही की जाय। मंत्री ने निर्देश दिया कि स्थानीय स्तर पर हेल्पलाइन नम्बर बनाकर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार करा दिया जाय ताकि आमजन द्वारा निराश्रित गोवंशों के सम्बन्ध में सूचना दी जा सके। मंत्री ने सहभागिता योजना का दायरा बढ़ाये जाने का भी निर्देश देते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी योजना है अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित कर उन्हें योजना से आच्छादित किया जाय।

मंत्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए नस्ल सुधार पर विशेष फोकस किया जाय। अधिक से अधिक पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान कराएं ताकि अधिक संख्या में बछिया की पैदावार होने से पशुपालकों को लाभ हो। शासन द्वारा निर्धारित मानक तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार टीकाकरण एवं पशु उपचार के लिए अभियान संचालित करते रहें। पशुओं में संक्रामक रोग की रोकथाम के लिए जिले में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखी जाय। गोआश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों का भी नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उपचार उपलब्ध कराएं तथा गौआश्रय स्थलों में मौसम के अनुकूल व्यवस्थाएं की जाएं।

# जय बाबा अमरनाथ मंदिर पर भण्डारे का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** देवगढ़ रोड पुरानी रेल्वे क्रासिंग नेहरू नगर रोड पर कालोनी में स्थित जय बाबा अमरनाथ मंदिर पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान भोलेशंकर का बड़े ही विधि विधान व गाजे बाजे के साथ रुद्राभिषेक व हवन पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था। जिसके उपलक्ष्य में मन्दिर पर भगवान सत्यनारायण की कथा करवाई गई। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया और फिर शाम 3 बजे से मन्दिर पर भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया। भगवान भोलेशंकर के सभी भक्तों ने अधिक से अधिक संख्या में मन्दिर पर पहुंचकर माथा टेका और भगवान भोलेशंकर का आशीर्वाद लिया। फिर इसके बाद सभी भक्तों ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। भगवान भोलेशंकर के भण्डारे के इस कार्यक्रम में अनुराधा, आनन्द, किरन, धीरज, लता, निशी, अंशिका, अमृतिया, नित्या, अशवनी, अनिकेत, वासुदेव, मोहन, रोहित सिंह ठाकुर, देवेन्द्र राय आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत पर डीएम द्वारा निस्तारित किये गये 09 वाद



अवधनामा संवाददाता

- स्टाम्प कमी के मामलों में जमा करायी गयी धनराशि

**बहराइच।** राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा 04 राजस्व वादों, 01 चकबन्दी वाद, 02 फौजदारी वाद व 02 स्टाम्प वादों का निस्तारण किया गया। स्टाम्प कमी के वादों का निस्तारण करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा रू. 13 लाख 01 हज़ार 550 की धनराशि को जमा कराया गया। लोक अदालत में नियत वादों में पक्षों के अधिवक्ता व जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) अजय शर्मा व विशेष अधिवक्ता (राजस्व) अतुल गौड़ उपस्थित रहे।

## जय खाकी बाबा इंटर कॉलेज की परीक्षा से वंचित छात्राओं की पुनः परीक्षा सचिव ले निर्णय

**सुल्तानपुर।** उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ ने नागरिक शास्त्र विषय की परीक्षा में अनुपस्थित परीक्षार्थियों की पुनः परीक्षा कराने हेतु दिया आदेश। याचिकाकर्ता द्वारा सचिव, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के सामने कोई प्रत्यावेदन दिया जाता है, तो उस पर प्राधिकारी प्रत्यावेदन प्राप्ति के तिथि से दस दिन की अवधि के भीतर उस प्रत्यावेदन पर विचार करते हुए निर्णय लेना होगा।

यह मामला जय खाकी बाबा इंटर कालेज सरसी का है।जहां के छात्र और छात्राओं का परीक्षा केंद्र हनुमत इंटर कॉलेज, सूरापुर बना दिया गया था। जो केंद्र निर्धारण के मानक के अनुसार परीक्षा केंद्र 7 किलोमीटर से अधिक दूर बालिकाओं का परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जा सकता।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के माननीय कुलपति प्रो. एन . बी सिंह के मार्गदर्शन में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग की विभागाध्यक्ष डा. रूचिता सुजय चौधरी के नेतृत्व में विभाग के विद्यार्थियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डा. रूचिता सुजय चौधरी द्वारा शुभकामनाओं से हुआ। उन्होंने महिला दिवस की बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आज की महिलाओं को अपने आप को पहचानने की ज़रूरत है , अपनी ताकत को पहचानने की ज़रूरत है और एक घर में एक बेटी , बहन ,महिला का होना आवश्यक है। इसी कड़ी में डा. शचींद्र शेखर ने अपने उद्बोधन में कहा कि बेटियों और महिलाओं को शिक्षित होना आवश्यक है ,यदि वो शिक्षित होंगी को तो वो सबसे ज़्यादा ताकतवर होगी तथा डा. काज़िम असगर रिज़वी ने अपने उद्बोधन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का इतिहास बताया और कहा कि हर अच्छी और बुरी चीज़ की शुरुआत घर से ही होती है तो हमको महिला को बढ़ावा देने की शुरुआत भी सबसे पहले अपने आप से होती है एवं डा. नसीब ने बताया कि महिला की भूमिका हमारे जीवन में कितनी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मुस्कान अंसारी में विद्यार्थियों से इंटरएक्टिव सेशन कर समाज में महिलाओं को लेकर क्या परिवर्तन होने चाहिए।

# संक्षिप्त समाचार

## कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर का हुआ जोरदार स्वागत

**सुल्तानपुर।** सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर का मऊ से लखनऊ जाते समय कूरेभार के निकट पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 123 किमी. पर पार्टी पदाधिकारियों नें प्रदेश सचिव संजय दूबे की अगुवाई में जोरदार स्वागत किया। अभिनन्दन से गदगद श्री राजभर नें सभी से आगामी लोक सभा चुनाव में एनडीए को जिताने के लिए जोरशोर से जुटने का आवाहन किया। साथ ही शीघ्र सुल्तानपुर आकर संगठन की अगली रणनीति तैयार करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह कमांडर,शिवाकांत गिरी, रमेश चंद्र यादव, समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## वेंडर जोन से सिक्योरिटी होगी वापसः पालिकाध्यक्ष

**सुल्तानपुर।** वेंडर जोन के लिए जमा सिक्योरिटी मनी वापस होगी। शासन ने सिक्योरिटी मनी वापस करने का आदेश दिया है। वेंडर जोन में दुकानदारों से 50 हजार रुपए जमा कराए गए थे। लेकिन दुकान लगाने वालों को ही वेंडर जोन की दुकानें एलाट रहेंगी। जिसने दुकान नही लगाई उसका आवंटन स्वताः निरस्त हो जायेगा। नगर पालिका क्षेत्र स्थित कलेक्ट्रेट के पीछे वेंडर जोन बनाया गया है । चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने भी वेंडरों से अनुरोध किया है। यदि कोई वेंडर सिक्योरिटी मनी लेना चाहे तो बिना किसी रोक टोक के अपनी सिक्योरिटी मनी वापस ले सकते हैं। चेयरमैन के पहल से वेंडरों में खुशी की लहर व्याप्त है।

## जिलाधिकारी ने गुणवत्तापूर्वक निस्तारण दिया निर्देश



**सुल्तानपुर।** जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस के अवसर पर आए हुए लोगों की समस्याएं सुनी गई,तथा उनका निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में थाना लम्भुआ में एसडीएम लम्भुआ व क्षेत्राधिकारी लम्भुआ तथा थाना प्रभारी लम्भुआ द्वारा जनमानस की समस्याओं को सुनकर आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। अन्य थानो पर अधिकारियों द्वारा आम जनमानस की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित अधिकारी को गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## रोवर्स रेंजर्स समागम में विजेता सम्मानित




**लखनऊ।** नेशनल पीजी कॉलेज अंतरमहाविद्यालय के लखनऊ विश्वविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स समागम में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के विजयी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। नेशनल पीजी कॉलेज में लविवि. अंतरमहाविद्यालय रोवर्स रेंजर्स समागम के समापन में विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन में भाषा विश्वविद्यालय ने कुलपति प्रो. एन.बी.सिंह के सफल नेतृत्व में ऑब्जर्वेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान,पोस्टर, निबंध, क्विज और व्याख्यान प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और अन्य कई प्रतियोगिताओं में भी तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि रोवर्स कैटेगरी में भाषा विश्वविद्यालय को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ इस तरह विश्वविद्यालय को कुल 16 पुरस्कार और ट्राफी से सम्मानित किया गया। रोवर्स प्रभारी डॉ.सिद्धार्थ सुदीप और रेंजर्स प्रभारी डॉ. जहां आरा ज़ैदी ने टीम का नेतृत्व किया।

## कार्यशाला का आयोजन



**लखनऊ।** करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पी.जी.कॉलेज, लखनऊ में एप्टेक एविएशन अकादमी द्वारा विमानन और आईटी उद्योग में करियर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सलाहकार शम्स ज़हरा ने विमानन के क्षेत्र में संभावनाओं के बारे में छात्राओं बाताया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विमानन और आईटी उद्योग के बारे में जागरूकता विकसित करना है। छात्राओं को विमानन के क्षेत्र में केबिन क्रू, ग्राउंड सर्विसेज, कस्टमर स्पोर्ट,कार्गोप्रबंधन,रैंप सेवाएँ टिकटिंग और आरक्षण जैसी अन्य आकर्षक नौकरियों से भी अवगत कराया। बी.ए., बी.एससी, बी.कॉम और एम.ए सभी धाराओं की छात्रायें इस कार्यशाला से लाभान्वित हुयीं।सम्पूर्ण कार्यक्रम का क्रियान्वयन महाविद्यालय के प्रबंधक सैयद नवेद अहमद साहब और प्राचार्या प्रो. हुमा ख्वाजा के कुशल मार्गदर्शन में कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट कमेटी द्वारा किया गया।

## मतदान व्यवहार पर सोशल मीडिया का प्रभाव विषय पर शोध डिग्री अवार्ड।

**लखनऊ।** एक अद्वितीय शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति अद्वितीय मान्यता के रूप में, शोधार्थी शोभा चौधरी को, उनके शोध परामर्शदाता डॉ. रुचिता सुजय चौधरी के मार्गदर्शन में, उनके मतदान व्यवहार पर सोशल मीडिया का प्रभाव विषय पर शोध डिग्री प्रदान की गई। उनका यह शोध राजनीति विज्ञान और सोशल मीडिया अध्ययन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। शोभा चौधरी द्वारा आज श्रद्धस्र ओपन viva voce के दौरान उक्त विषय पर अपना प्रस्तुतीकरण किया गयाद्ध उनके शोध में सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स और उनके द्वारा चुनावी व्यवहार पर प्रभाव के बीच जटिल संबंध पर परीक्षा की गई। व्यापक शोध और विश्लेषण के माध्यम से, उन्होंने चुनाव में सोशल मीडिया की भूमिका, राजनीतिक वार्ता और अंततः चुनावी परिणामों को आकार दिया।

# जलाभिषेक के बाद हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर, भदैंया।** महाशिवरात्रि के पर्व पर भदैंया ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत अभियां कलां ग्राम सभा के महादेवन मंदिर में श्रद्धालुओं ने सुबह से जलाभिषेक किया।जहां हर हर महादेव वा नमः शिवाय की गूंज रही, वहीं अभियां कलां निवासी शिव प्रसाद भार्गव के नेतृत्व में हर वर्ष की तरह इस बार भी महाशिवरात्रि के शुभ अवसर को लेकर श्री राम चरित मानस पाठ हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां भक्तों ने देर रात्रि तक प्रसाद ग्रहण किया। अभिया कलां के महादेवन धाम पर महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं की ओर से मंदिरों व शिवालयों में माथा टेकने के लिए सुबह से ही शिव भक्तों की लम्बी कतारें लगी रही। अभिया कलां निवासी शिव प्रसाद भार्गव, हौसला प्रसाद भार्गव, के नेतृत्व मे महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी किया गया। जिसमें सैकडों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य का लाभ लिया। वही पर शिव प्रसाद भार्गव ने बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में मंदिर में हर वर्ष श्री राम चरित मानस पाठ का आयोजन किया जाता है। विशाल भंडारे का आयोजन शिवरात्रि के दिन किया जाता है। ताकि अभिया कलां के महादेवन धाम पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर सकें। उन्होंने बताया कि यहां पर आने वाले सभी श्रद्धालु महादेवन के मंदिर में गहरी आस्था रखते हैं। पर्व पर दूर-दराज से पहुंचने वाले श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक माथा टेक मन्नत मांगते हैं। यहां सभी की मांगी जाने वाली मन्नत पूरी होती है।चांदा से कादीपुर रोड पर स्थित शाहपुर में श्री गौरीशंकर धाम में विशाल मेले का आयोजन किया गया। जहां हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। जहां एक किलोमीटर तक लम्बी लाइने लगी रही। जहां पुलिस प्रशासन वा धीरेन्द्र यादव डिप्टी रेंजर अतुल सिंह क्षेत्राधिकारी, आनन्द पाण्डेय वन रक्षक समेत आलाधिकारी मौजूद रहे।

# नारी शक्ति फिटनेस रन कार्यक्रम आयोजित

**मौदहा।** मुस्करा विकासखंड के करगांव में नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित नारी शक्ति फिटनेस रन के कार्यक्रम में 27 महिलाओ ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर महिला दौड़ का आयोजन भी किया गया। मुस्करा विकासखंड क्षेत्र के गांव करगांव में शनिवार को नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी विष्णुप्रिया के निर्देशन में नारी शक्ति फिटनेस रन कार्यकम के आयोजन में 27 महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में रामजानकी ने कहा कि स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मन का विकास होता है। वंदना ने कहा कि महिलायें अपने अधिकार व सम्मान के लिए आगे आएं। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मानसिंह ने कहा कि विकास के दृष्टि कोण में अपना योगदान देने में सशक्त और स्वस्थ नारी शक्ति होने के उद्देश्य से नारी शक्ति फिटनेस रन का आयोजन किया गया है। महिला दौड़ प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में करगांव की पूर्व प्रधान सुनीता ने प्रथम व शान्ति देवी ने द्वितीय तथा दीपा अनुरागी भरखरी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने गांव का नाम रोशन किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने प्रतिभागियों को कप एवं टीशर्ट तथा कैप देकर सम्मानित किया। भुगैचा के आशाराम ने प्रेरणा गीत गाकर तालियां बटोरी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसुइया व आभार प्रधानाध्यापक कुलदीप कुमार द्वारा व्यक्त किया गया।

# शिव जागरण मे झूमे श्रधालु, शिव मंदिर का चित्र प्रसाद व अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** शुक्रवार को शहर के शिव चौक में पूजा आराधना व रुद्राभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाहगंज शिवालय से परंपरागत शिव बारात निकाली गई, वहीं अन्नपूर्णा नगर गल्ला मंडी में कैलाशी ग्रुप द्वारा शिव जागरण का आयोजन किया गया था। जहां राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों ने रात भर शिव महिमा का गान करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं पर भक्ति भावना की वर्षा की। यहां कार्यक्रम के संयोजक शंकर लाल कैलाशी ने उपस्थित दर्जनों अतिथियों को द्रविड़ शैली में बने शिव मंदिर की पेंटिंग भेट की वही शिवांग वस्त्र भेट कर सभी को सम्मानित किया। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जिले के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर में पहुंचकर महादेव का जलाभिषेक कर आशीर्वाद मांगा। इसी क्रम में शहर के शिव चौक में रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया था जिसका समापन व हवन पूजा के बाद देर शाम भंडारे का आयोजन हुआ। जहां हजारों श्रद्धालुओं में प्रसाद ग्रहण किया। देर रात तक मंदिरों में रुद्राभिषेक का सिलसिला चलता रहा। वहीं शहर के मुख्य आयोजनों में गल्लामंडी में शिव भक्त शंकर लाल कैलाशी ग्रुप द्वारा लगातार 22 वें वर्ष भव्य शिव जागरण का आयोजन किया गया बालाजी म्यूजिकल ग्रुप की ओर से सनातन चिंतक भजन सम्राट कथा वाचक धर्मेंद्र पांडेय ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया वहीं गोंडा जनपद से आई बंकू सिस्टर ने रात भर देवी महिमा का गान किया वहीं बेटियों पर उनके गाए गीत ने श्रद्धालुओं की आंखों में नमी ला दी। भजन गायक अतुल पांडेय व धीरज की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अयोध्या जनपद से आये करन सांवरिया झांकी ग्रुप ने भक्ति भावना व सामाजिक चिंतन से भरपूर झांकियां का प्रदर्शन किया जिसे देखकर लोग वाह कर उठे। शाहगंज चौराहे से निकला शिव बारात का जुलूस बैंड बाजे व डीजे की धुन पर शहर के मुख्य मार्ग से गुजरा किराना व्यापार मंडल के आलोक सागर ठठेरी बाजार मे युवा अग्रहरि समाज के प्रिंस अग्रहरि मनीष कसौधन रजत कसौधन आदि सदस्यों ने शिव बारात का स्वागत कर जलपान कराया।

# भगवान शिव की बारात देखने उमड़ा जनसैलाब

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** कस्बा पाली में महाशिवरात्रि के पवन पर्व पर धूमधाम से शिव बारात निकाली गयी। जिसमे भोलेनाथ के स्वरूप में सजे पत्रकार अमित पाण्डेय के गले में असली सांप, ब्रह्मा, विष्णु, नारद, इंद्र के साथ साथ भूतो की टोली प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। यह बारात सायंकाल हजरिया विश्वनाथ महादेव मंदिर से शुरू हुई। सबसे आगे 21 धर्म ध्वज चल रहे थे उसके पीछे धार्मिक गीतों की स्वर लहरियां बिखेरता हुआ बैंड और डीजे चल रहा था। उसके पीछे ब्रह्मा, बिष्णु, नारद और इंद्र के घोड़ों पर बिराजे स्वरूप चल रहे थे। उसके पीछे आकर्षक ढंग से सजाई गयी बग्गी पर भोलेनाथ के स्वरूप चल रहे थे। भोलेनाथ के गले में असली सांप प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। वही टैक्टर ट्राली में सवार भूतों की टोली चल रही थी। हजरिया विश्वनाथ मंदिर से शुरू हुई यह बारात नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार राही के आवास पर पहुंची, जहां उन्होंने हिमांचल बनकर बारात की अगुवानी की व दूल्हा बने भोलेनाथ का तिलक किया। देर रात बारात हजरिया मंदिर पहुंची जहां महाआरती के बाद बारात का समापन हुआ। इस मौका पर भोलेनाथ ने नृत्य भी किया जो प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष कुमार आदि रहे।

## घर में घुसकर लोहे के सहरिया से महिलाओं को पीटा, एफआईआर

**ललितपुर।** महिला को घर में घुसकर लोहे के सरिया से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला महरौनी क्षेत्र के ग्राम सिलावन से प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम सिलावन निवासी हर दुलारी पत्नी बालचंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती आठ मार्च को सुबह करीब साढ़े नौ बजे जब वह अपने घर के अंदर बैठी हुयी थी, तभी गांव में रहने वाला रवि पुत्र रामदीन आया और घर में घुसकर गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि गाली देने का विरोध करने पर रवि ने लोहे के सरिया से उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे उसके हाथ में गंभीर चोट आ गयी। चीख-पुकार मचने पर उसकी बहु कुसुम बचाने पहुंची तो रवि ने उसके साथ भी मारपीट कर दी, जिससे उसकी बहू के सिर में गहरी चोट आयी हैं। यह भी बताया कि इस दौरान सुमित्रा भी आ गयी और गाली देते हुये मारपीट करने लगी।

# लगाई गई लाइटों में बड़ी धांधली का आरोप

अवधनामा संवाददाता

- घपले की जांच करवाने के संबंध में मांगपत्र सौंपा

**सुल्तानपुर।** दिए गए मांग पत्र में व्यापारियों की तरफ़ से लिखा गया है कि माननीय मुख्यमंत्री जी का कड़ा निर्देश है कि किसी प्रकार का भ्रष्टाचार न होने पावे। इसी क्रम में आपको सादर अवगत कराना है कि नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में लाइटों की सजावट के नाम पर 2023-24 में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है। शहर में लगी लाइटों को ब्रांडेड कंपनियों का दिखाकर बिल का भुगतान किया गया है,जबकि जो लाइट लगी है उन पर केवल स्टीकर ब्रांडेड है अंदर का सामान ब्रांडेड नहीं है।उक्त लाइटें चाइना निर्मित है,यही नहीं बाजार भाव से कई गुना मूल्य का भुगतान किया गया है। जितनी लाइट लगी नहीं है उससे दोगुना लाइटों का भुगतान नगर पालिका द्वारा किया गया है, लाइटो के नाम पर भुगतान की धनराशि की आपस में बंदर बांट किया गया है। मांग किया है कि नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर में 2023 –24 में लगी लाइटों की टी ए सी जांच या फिर टेक्निकल टीम बनाकर जांच करवाने की कृपा करें।जिससे एक बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा हो सके। जांच के समय व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल को बुलाया जाए जिससे मांग पत्र में दिए गए विंदु के बारे में बताया जा सके। जिससे जांच पारदर्शी पूर्वक हो सके और दोषियों पर कार्रवाई हो सके। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि नगर पालिका परिषद वर्तमान समय में भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबती जा रही है जिसका वे लोग प्रबल विरोध करेंगे। जनता के द्वारा टैक्स में दिए जा रहे रूपयों व सरकारी धन का बंदर बाट नहीं होने देंगे। हालांकी हर आरोप को नगर पालिका के जिम्मेदार झूठा बताते हैं लेकिन जांच होने पर सारे आरोप सिद्ध होते हैं ।हम लोगों द्वारा पूर्व में भी नगर पालिका के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की गई थी जिसमें जांच में भ्रष्टाचार उजागर हुआ था और लगभग लगाए गए सभी आरोप जांच में सिद्ध पाए गए थे। उन सभी मामलों की जन सूचना से अर्जित की गई छाया प्रति हमारे पास है जिसको प्रमुख सचिव नगर विकाश को तथा अन्य उचित फोरम उसकी कापी सौंपकर कार्यवाही की मांग की जायेगी।उ कटौके पर तहसील अध्यक्ष राजेंद्र कशोधन, नगर प्रभारी समीर मयंक, नगर उपाध्यक्ष राजीव सोनी, शीतल अग्रहरी, आशीष त्रिपाठी सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# 18 की उम्र तक अनिवार्य एवं मुफ्त शिक्षा से 2030 तक हो सकता है बाल विवाह का खात्मा

अवधनामा संवाददाता




**टीकमगढ़।** देश में बाल विवाह के खिलाफ जारी लड़ाई में परिवर्तनकारी साबित हो सकने वाला यह अहम निष्कर्ष देश में 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए अभियान चला रहे 160 गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन बाल विवाह मुक्त भारत अभियान द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जारी एक शोधपत्र ÷एक्सप्लोरिंग लिंकेजेज एंड रोल्स ऑफ एजुकेशन इन एलिवेटिंग एट मैरेज फॉर गर्ल्स इन इंडिया÷ में उजागर हुआ है कि अठारह वर्ष की उम्र तक सभी बच्चों को अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा 2030 तक देश से बाल विवाह के खात्मे में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। क्योंकि 18 वर्ष से पहले पढ़ाई छोड़ने और बाल विवाह में एक सीधा और स्पष्ट अंतरसंबंध है। शोधपत्र के अनुसार, भारत बाल विवाह की बुराई के 2030 तक खात्मे की राह में एक टिपिंग प्वाइंट यानी निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। टिपिंग प्वाइंट वह बिंदु होता है जहां से छोटे बदलावों और घटनाओं की श्रृंखला इतनी बड़ी हो जाती है जो एक बड़ा और आमूल परिवर्तन कर सकें। ऐसे में यदि 18 वर्ष की उम्र तक मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा एक वास्तविकता बन जाए तो बाल विवाह के अपराध को जड़ मूल से समाप्त करने की इस लड़ाई को एक नई धार और दिशा मिल जाएगी।

इस अध्ययन की अगुवाई कर रहे पुरुजीत प्रहराज ने कहा, ÷यद्यपि केंद्र व राज्य सरकार, दोनों ही बाल विवाह के खात्मे के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और गंभीरता से काम कर रही हैं, फिर भी यदि मौजूदा शिक्षा का अधिकार कानून में बदलाव कर 18 वर्ष तक अनिवार्य और निशुल्क शिक्षा कर दी जाए तो यह बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में प्रयासों को नई गति दे सकता है।

श्री प्रहराज ने कहा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 2030 तक इस सामाजिक बुराई के खात्मे के लिए बाल विवाह की ऊंची दर वाले 300 से ज्यादा जिलों में इसके खिलाफ जमीनी अभियान चला रहे 160 गैर सरकारी संगठनों का गठबंधन है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 31,896 वादों का निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** दीवानी न्यायालय परिसर हमीरपुर में न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के कुशल निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय आराधना रानी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण हमीरपुर, पीठासीन अधिकारी अरूण कुमार मल्ल, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रभान सिंह, अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत उमेश चन्द्र लोक अदालत के नोडल अधिकारी/विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी. एक्ट विनीत कुमार वासवानी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष (द.प्र.श्रे.) प्रदीप कुमार जयन्त, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश /विशेष पॉक्सो एक्ट, हमीरपुर कीर्ति माला सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गीतांजलि गर्ग, सिविल जज (सी.डि.) सीमा कुमारी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निहारिका जायसवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वन्दना अग्रवाल, सिविल जज (सी.डि.)/एफ.टी.सी. शंशाक गुप्ता, सिविल जज (जू.डि.) /एफ.टी.सी. ब्रजेश कुमार पटेल, प्रथम अपर सिविल जज (जू.डि.) विजयलक्ष्मी यादव, तृतीय अपर सिविल जज (जू.डि.) कीर्ति मिश्रा, चतुर्थ अपर सिविल जज (जू.डि.) शैलीसरण, सिविल जज (जू.डि.)/ एफ.टी.सी. महिलाओं के विरूद्व अपराध प्रखर तिवारी उपस्थित रहे। वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर कराया गया। प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय से कुल 14 वादों का निस्तारण व मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से कुल 42, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से कुल 20527, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से कुल 2,249, सिविल जज जू.डि. से कुल 440, तरूण कुमार सिविल जज जू.डि. राठ द्वारा कुल 341, कुल 24,206 वाद निस्तारित किये गये एवं राजस्व विभाग द्वारा कुल 7,537 वादों का निस्तारण व एल.डी.एम. संगम लाल मिश्रा, इंडियन बैंक, हमीरपुर के अनुसार जनपद में स्थापित समस्त बैंकों के कुल 15,000 मामलों में से 153 वादों का निस्तारण हुआ इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 31,896 वादों का निस्तारण किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंको व राजस्व द्वारा सुलह समझौते के आधार पर मु.-2,32,36,154/-रू. की धनराशि प्राप्त हुई। इसी प्रकार न्यायालय द्वारा निस्तारित वादों में भी लगभग मु.- 97,51,691/-रू. की धनराशि समझौते के रूप में प्राप्त हुयी। तथा न्यायालय व राजस्व, बैक द्वारा कुल मु. 3,29,87,845/- रु. की धनराशि समझौते के रूप में प्राप्त हुयी।

# परिषदीय विद्यालय के बच्चों से ढुलवाया जा रहा है पानी

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा हमीरपुर** प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा देनें के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। परिषदीय स्कूलों में बच्चों की संख्या में वृद्धि भी हो रही लेकिन कुछ ऐसे स्कूल हैं, जहां पर शिक्षक बच्चों को पढ़ाने की बजाय उनसे काम करातेहैं। माता-पिता अपनें बच्चों को स्कूल पढ़ने के लिए इस उमीद के साथ भेजते है कि वे पढ़-लिखकर जीवन में कुछ बन कर देश और समाज की सेवा करेगें लेकिन स्कूल में बच्चों से पढ़ाई के समय पानी ढुलवाया रहा है।जिस से बच्चों के शिक्षा के अधिकार का हनन तो किया जा रहा है साथ ही बालमजदूरी करानें का जुर्म भी किया जा रहा है। जनपद के मौदहा विकास खंड के भैंस्ता गांव में लंबे सड़क स्थिति परिषदीय विद्यालय में बच्चों के द्वारा पढ़ाई के समय उनसे काम कराए जाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में बच्चे खाली बाल्टी लेकर विद्यालय के बाहर सड़क पार कर हैंड पंप से पानी भर कर विद्यालय में जाते नजर आ रहे है जिसको लेकर विद्यालय की शिक्षक उनको निर्देशित भी कर रही है। वायरल वीडियो मौदहा विकास खंड के भैंस्ता गांव के परिषदीय विद्यालय का है। इस सम्बन्ध में जब बीएसए आलोक सिंह से पूछा गया तो उन का कहना है कि वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। मामले की जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी।

# हमीरपुर में लगी मतदाता चौपाल

**अवधानामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 09 व 10 मार्च 2024 को समस्त मतदान बूथों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम मैं हूं ना चलाया गया। जिसमें जनपद हमीरपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी राहुल पांडे के निर्देशानुसार शत-प्रतिशत मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सभी बीएलओ ने बूथ पर मतदाताओं को आमंत्रित कर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई। इसके अन्तर्गत बूथ संख्या 94 आर्य समाज महर्षि विद्यालय हमीरपुर मे पवन प्रकाश पाठक ईआरओ व उपजिलाधिकारी सदर एवं अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर हमीरपुर ने मतदाता चौपाल लगाकर जागरूक किया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी ने कहां कि आप सभी मतदाता अगले दस मतदाताओं को जागरूक करे और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहायक बने। इस अवसर पर मंझूपुर सैयद वाड़ा गौरादेवी नयी बस्ती गड़इया सुनराहीगली बनियौटा ईदगाह कालपी चौराहा के लगभग एक सैकड़ा वोटर उपस्थित रहे। महिला एवं नये वोटरों में ख़ासा उत्साह दिखाई पड़ा। चौपाल में काजी इरशाद अली, रामबिहारी शुक्ला, हसन खान,विजय साहू, जियाउर्रहमान इफ्तखार, जबीं, दिव्यांश, अनुज, कालीचरण, श्रीकांत मिश्रा, नसीरूद्दीन, अकरम अली इत्यादि रहे। कार्यक्रम का संचालन अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर एवं जिला स्काउट मास्टर बेसिक हमीरपुर ने किया।

# मतदाताओं ने चेक किया वोटर लिस्ट नाम

**अवधानामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जिले में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के दिशा निर्देश के क्रम में दो दिवसी बूथ कैंप मतदाता सूची नाम चेक करने के लिए शिविर शनिवार को लगाया गया। वहीं सदर एसडीएम निखिल यादव ने बताया कि सभी पोलिंग बूथ पर ब्लू की ड्यूटी लगाई गई है 9 10 मार्च को सुबह 11:00 से 5:00 तक मतदाता पोलिंग बूथ पर पहुंचकर अपना नाम चेक कर ले जिनका नाम वोटर लिस्ट में ना हो फॉर्म 6 भर कर अपना पंजीकरण कर सकते हैं वही रावटसगंज नगर स्थित आरएसएम इंटर कॉलेज बूथ संख्या 17 18 19 20 21 22 पर ब्लू राम सिंगर प्रीति शर्मा मंजू पांडे किरण बृजेश कुमार के नेतृत्व में मतदाता सूची पढ़कर सुनाई गई वहीं मौजूद आसपास के मतदाता अपना वोटर लिस्ट में नाम चेक किया और जिनका नाम ना हुआ वह फॉर्म 6 सम्मिलित कर अवगत कराने को बताया गया इस दौरान सफाई कर्मचारी बीएलओ बृजेश कुमार ने बताया कि दिनभर में लगभग लोगों की संख्या काफी रही और लोग इस अभियान का भागीदारी बने और अपना नाम चेक करके अवगत हुए।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग के लिये अटेवा की बनी रणनीति

**हमीरपुर।** आज मुख्यालय के अंबेडकर पार्क में अटेवा जिला इकाई की बैठक रणविजय चक्रवर्ती की अध्यक्षता में आयोजित कर पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रणनीति तैयार की गयी। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के मंडल अध्यक्ष अतुल कुमार ने कहा कि उनका विभाग अटेवा की एकमात्र लड़ाई पुरानी पेंशन बहाली हेतु समर्पित रहेगा। उन्होंने कहा कि संघर्ष की रफ्तार अब तेज करनी होगी तभी सफलता मिलेगी। आडिटर दिनेश चंद्र आर्य ने कहा कि हम अवश्य कामयाब होंगे सिर्फ संघर्ष जरूरी है। प्राथमिक संघ के जिलाध्यक्ष राजबहादुर दक्ष ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल होकर रहेगी इसलिए जनांदोलन करते रहें। सह संयोजक विनोद कुमार ने कहा कि वर्तमान में न्यायपालिका और व्यवस्थापिका को सरकार पुरानी पेंशन दे रही है पर कर्मचारियों को नहीं। सरकार तत्काल पेंशन बहाल करे।राममिलन सिंह ने बैठक अनवरत जारी रहने की बात कही। अरविंद ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष विजय बंधु के साथ सारे शिक्षकों व कर्मचारियों ने दिल्ली में ऐतिहासिक आंदोलन किया था, आगे भी इसी तरह का जज्बा बना रहना चाहिए। कोषाध्यक्ष जयप्रकाश निषाद ने कहा कि हमें निजीकरण का विरोध करना पड़ेगा तभी पुरानी पेंशन मिलेगी।

## गरीबों को वितरित किए कपड़े और किताबें

**बांदा।** सदर तहसील के करछा गांव में रोटी बैंक सोसाइटी के पदाधिकारियों ने गरीबों को कपड़ों का वितरण किया। इसके साथ ही किताबें ओर जूते-चप्पलों भी दिए गए। कपड़े और अन्य सामान पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे।

शनिवार को रोटी बैंक सोटी के संरक्षक शेख सादी जमा के संरक्षण में अध्यक्ष रिजवाल अली की अध्यक्षता में राहुल अवस्थी शाखा प्रमुख ने उमंग सिंह ग्राम करछा सदस्य के द्वारा गांव में कैंप का आयोजन किया। रोटी बैंक के सहयोग से ग्राम करछा के ग्रामीणों को गरम कपड़े, स्वेटर, जैकेट, किताबें, जूते चप्पल आदि का वितरण किया गया। साथ ही रीना कन्नौजिया अधिवक्ता उपाध्यक्ष रोटी बैंक के द्वारा ग्राम करछा के ग्रामीणों को यातायात, स्वच्छता और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। सामान पाकर ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। ग्रामीणों ने रोटी बैंक सोसाइटी के पदाधिकारियों और सदस्यों को आशीर्वाद दिया। इस कपड़ा वितरण कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों तथा गांव के जिम्मेदार जागरूक लोगों ने ग्राम करछा के ग्रामीणों का सहयोग किया। मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी, सुनील सक्सेना संगठन मंत्री, मोहम्मद अजहर महामंत्री, तबस्सुम फात्मा महिला अध्यक्ष, मोहम्मद सलीम शाखा प्रमुख बलखण्डी नाका, राहुल अवस्थी शाखा प्रमुख क्योटरा, शाहान अली, अलीमुददीन, अब्दुल शफीक, नईम खान, मोहम्मद दानिश, जीतेन्द्र धुरिया, शेख सनी मोहम्मद, फरजाना बेगम, सबीहा नुरानी, मुमताज बेगम सदस्य आदि मौजूद रहीं।

# 23 मार्च तक होने वाले पोषण पखवाड़ा का किया शुभारंभ

**अवधानामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज के मुशही पंचायत भवन पर नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह के द्वारा गर्भवती माताओं की गोंदभराई एवम 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन करते हुए पोषण पखवाड़ा का सुभारम्भ किया रूबी प्रसाद द्वारा सभी लाभार्थियों को पोषण युक्त खान पान एवम सरकार द्वारा चलाये जा रहे सुबिधाओं के बारे मे विस्तृत चर्चा करते हुए सभी आंगनवाडी को हरी झड़ी दिखाकर पूरे सोनभद्र में पोषण कार्यो को जन जन तक पहुचाने हेतु रवाना किया साथ मे बताया कि पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत 9 मार्च से 23 मार्च तक पोषण थींम के अनुसार कार्य करते हुए आंगनवाड़ी बहने घर घर जा कर सभी लाभार्थियों को स्वास्थ्य एवम पोषण हेतु जागरूक करेंगी सी.डी.पी.ओ. मनोज शुक्ला ने बताया कि पोषण पखवाड़ा में बच्चों के ऊपरी आहार एवम गर्भवती ,धात्री को पोषण युक्त भोजन के लिए प्रोत्साहन के लिए अभियान चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत सभी आंगनवाड़ी ग्राम सभा में प्रत्येक लाभार्थियों के साथ अधिक से अधिक बैठक कर जन जागरूकता अभियान चलाएंगी साथ में ही पोषण पखवाड़ा में स्वास्थ्य विभाग पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग समेत अन्य विभाग का सहयोग भी अपेक्षित है रैली के पश्चात पीरामल फाउंडेशन से डिस्टिक प्रोग्राम लीडर वीरेंद्र पाण्डेय एवं सायनी बोस द्वारा सभी आंगनवाड़ी बहनों के साथ बैठक कर पोषण पखवाड़ा के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया उक्त कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत अजय सिंह, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर शुशीला देवी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राकेश यादव ,विशाल ,सृष्टि समेत सभी आंगनवाड़ी उपस्थित रहीं।

## ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का जल्द दिलाया जाए मुआवजा

**बांदा।** बीते दिनों बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। किसान परेशान नजर आ रहा है और शासन व प्रशासन की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी सांसद और राज्यमंत्री राजधानी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से बारिश ओलावृष्टि से बर्बाद हुई किसानों की फसलों का मुआवजा शीघ्र दिलाए जाने की बात कही है। बुंदेलखंड के किसानों की फसलें ओलावृष्टि और बारिश से बर्बाद हो गई हैं। ऐसी हालत में किसान परेशान नजर आ रहा है। तमाम अधिकारियों ने मौके पर जाकर किसानों की खेतों में बर्बाद पड़ी फसल को देखा। मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया गया है। अलबत्ता इमदाद मिलने में देरी हो रही है।

# राष्ट्रपति के हाथों स्वर्ण पदक पाकर अभिषेक ने सोनभद्र का बढ़ाया मान

- देश में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 12 कैंपस और संबद्ध विद्यालय
- महाविद्यालय में एमए वेदविद्याशाखा में सबसे अधिक नंबर प्राप्त करने पर मिला मैडल



दिल्ली में अभिषेक चौबे को सम्मानित करते केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति श्रीनिवास वरखेडी जी

**अवधानामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर नई दिल्ली में आयोजित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में विगत वर्ष 2023 में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सभी 12 कैंपसो मे (एमए) वेदविद्याशाखा में सबसे अधिक नंबर प्राप्त करने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू , केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं कुलपति आचार्य श्रीनिवास वरखेड़ी ने सोनभद्र के रहने वाले वेदाचार्य अभिषेक (राहुल चौबे) को स्वर्ण पदक द्वारा सम्मानित किया। इसकी जानकारी मिलने पर अभिषेक को उनके परिजनों और शुभ चिंतकों ने बधाई दी है। बतादें कि देश के केन्द्रीय संस्कृत विश्व विद्यालय के वेद विभाग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ के एमए फाइनल के छात्र अभिषेक चौबे सम्मानित हुए हैं। मूलरूप से सोनभद्र जिले के रॉबर्ट्सगंज तहसील क्षेत्र के बरकरा गांव निवासी अभिषेक चौबे ने अपने इस सफलता के श्रेय अपने गुरुजनों, पिता दिनेश चौबे, माता सीमा चौबे व परिवार के अन्य सदस्यों को दिया है। अभिषेक चौबे ने कहा कि इरादा पक्का हो तो लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। मेरा मुख्य लक्ष्य लोगों के बीच में सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करना है।

# निरुद्ध बंदियों के द्वारा बनाई गई समान की लगाई गई स्टॉल प्रदर्शनी



**अवधानामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** सरकार द्वारा लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं. जहां से प्रशिक्षण लेकर लोग तरह-तरह के कौशल सीख रहे हैं। वही जिला कारागार सोनभद्र के जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व के क्रम अब जेल में निरुद्ध कैदियों को भी प्रशिक्षण कर स्वालबी किया जा रहा है। आज राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर तहसील परिसर में बंदियों के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रभारी जिला जज एहसानुल्लाह खान के द्वारा फीता काट कर किया गया। वही प्रभारी जिला जज ने बताया की जेल से छूटने के बाद क्राइम की दुनिया को छोड़ खुद का काम कर सके और आत्मनिर्भर बन सके। वही बंदियों के द्वारा बनाई गई सामान की जमकर प्रशंशा की गई। इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिप्टी जेलर गौरव सहित कई न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

## हज के दौरान कैसे पूरे करें अरकान, बताए तरीके

**बांदा।** हज की यात्रा पर जाने वाले चित्रकूट धाम मण्डल हज यात्रियों के लिए पहला ट्रेनिंग कैंप का आयोजन नरैनी रोड स्थित मिस्कीन शाह वारसी की दरगाह के बगल में स्व. डाक्टर अनवारुल हक के आवास में आयोजित किया गया।

हज ट्रेनिंग कैंप में आधा सैकड़ा से ज्यादा महिला, पुरुष हज यात्रियों को मदीना सोसाइटी हज एन्ड उमरा के मुख्य ट्रेनर अल्हाज गुलाम मुस्तुफा ने ट्रेनिंग दी। गुलाम मुस्तुफा ने बताया हज में जाने वाले हज यात्रियों को सऊदी सरकार के नियम कानून, वहां के तौर तरीको के बारे में बताया गया ताकि हमारे किसी हाजी को कोई दिक्कत न हो। भारत सरकार के द्वारा सऊदी में हज यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई और 42 दिन इस यात्रा के दौरान कहां, कैसे इबादत करनी है, इबादत के दौरान क्या-क्या चीजें जरूरी हैं। इन सब बातों की जानकारी दी गई ताकि हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत न हो। कैम्प में ट्रेनिंग के बाद हज यात्री स्वर्गीय अनवारुलहक की पत्नी नसीम बेगम और उनके पुत्र डाक्टर अरमानुल हक, जीशानुल हक, अफ्शानुल हक ने तमाम हज यात्रियों को तोहफे बांटे और हज की यात्रा के दौरान दुआ की दरख्वास्त की। इस ट्रेनिंग कैंप में आधा सैकड़ा हज यात्रियों के साथ-साथ विशेष रूप से हाजी मोहम्मद फारूक एडवोकेट, हाजी हसनुद्दीन सिद्दीकी, हाजी जाहिद अली, हाजी सुभान अली, हाजी अजीजुससमद, हाजी मोहम्मद शफीक, हाजी जमील अहमद, वाजिद अली, सईद अहमद पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, आरिफ खान, उमर अली, इकराम फारूकी, रिजवान आदि मौजूद रहे।

# एनटीपीसी रिहंद में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**अवधानामा संवाददाता**



**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (रिहंद) पंकज मेदीरत्ता एवं वर्तिका महिला मण्डल समिति की अध्यक्षा अनीता मेदीरत्ता ने बोट पॉइंट पर महिला कर्मचारियों व सह अतिथियों के साथ केक काटकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि मेदीरत्ता नें परियोजना में कार्यरत महिला कर्मचारियों से वार्ता किया। उन्होने अपने सम्बोधन में कहा कि किसी भी कार्य में महिला एवं पुरुष का बराबर का दर्जा होता है। साथ ही कार्यस्थल और घर पर उनके योगदान और उपलब्धि के लिए प्रत्येक महिला कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इसी कड़ी में महिला कर्मचारियों को उनके योगदान के लिए मुख्य अतिथि द्वारा प्रशंसा पत्र भी दिया गया। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने एवं उनको स्वावलंबी बनाने हेतु एनटीपीसी रिहंद समय-समय पर विभिन्न कल्याणकारी कार्य करता आ रहा है। इसी कड़ी में कर्मचारी विकास केंद्र में आस-पास की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत वर्तिका महिला मण्डल समिति के सहयोग से कढ़ाई-बुनाई प्रशिक्षण का शुभारंभ मेदीरत्ता द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, सामाजिक रूप से महिलाओं को सशक्त करना है। महिलाओं को संबोधित करते हुये श्री मेदीरत्ता ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने उपस्थित सभी महिलाओं को लगन व निष्ठा के साथ इस प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजय असाटी, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) राजेश नारायण सिन्हा, महाप्रबंधक (एडीएम) एस एस प्रधान, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) जाकिर खान, वर्तिका महिला मण्डल समिति की वरिष्ठ सदस्याएँ, आस-पास की ग्रामीण महिलाएं आदि उपस्थित रही।

# धूमधाम से मनाई जाएगी कांशीराम जयंती

- बहुजन समाज पार्टी की मंडल स्तरीय बैठक संपन्न
- प्रत्याशियों के चयन का खाका भी बैठक में खींचा



**अवधानामा संवाददाता**

**बांदा।** डांडिन पुरवा आईटीआई कालेज में बहुजन समाज पार्टी की मंडल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिथियों के द्वारा कहा गया कि आगामी 15 मार्च को कांशीराम साहब की जन्म जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इसके साथ ही प्रत्याशियों के चयन के लिए भी बैठक में खाका खींचा गया।

बैठक के दौरान मंडल जोनल के पदाधिकारी, जिल प्रभारी, विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के तौर पर लालाराम अहिरवार, विशिष्ट अतिथि हेमंत प्रताप सिंह ओर विशिष्ट अतिथि के तौर पर राजेश जाटव मंचासीन रहे। मौदहा चेयरमैन रजा मुहम्मद ने बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर व कांशीराम साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत की। उन्होंने पार्टी द्वारा दिये गये निर्देश को सभी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। अयूब खान मंडल जोन कोर्डिनेटर, बल्देव प्रसाद वर्मा मंडल जोन कोआर्डीनेटर, रामसेवक प्रजापति पूर्व जिलाध्यक्ष बांदा, मोहम्मद असलम खान, जिला उपाध्यक्ष लल्लू प्रसाद, संतोष कुमार वर्मा, शिवदयाल रत्नाकर, रामकरन अहिरवार, शिवकरन वर्मा जिला पंचायत सदस्य, शिवबाबू, अनुरुद्ध वर्मा, गुलाब वर्मा जिला अध्यक्ष, सुखलाल बौद्ध, कपिल देव सिंह वर्मा, आशुतोष भास्कर, विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष बांदा, अवधेश वर्मा, पुनीत प्रजापति जिला प्रभारी बांदा, कुंज बिहारी प्रजापति, दीपक वर्मा, विधान सभा प्रभारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि श्री अहिरवार ने कांशीराम साहब की जन्म जयंती 15 मार्च को सभी जिलों में मनाने के लिए बसपा सुप्रीमो द्वारा दिए गए निर्देशों के बारे में बताया।

# भाजपा सरकारों में व्यापारियों का हुआ शोषण

- अबकी बार केंद्र से भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगा व्यापारी
- डिग्गी चैराहे पर हुआ पीडीए व्यापारी सम्मेलन का आयोजन




**अवधानामा संवाददाता**

**बांदा।** समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के प्रदेश सचिव और पूर्व चेयरमैन मोहन साहू की ओर से शनिवार को डिग्गी चैराहा में पीडीए व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल में सर्वाधिक उत्पीड़न व शोषण व्यपापारियों का हुआ है। इस बार प्रदेश का व्यापारी समुदाय केंद्र से भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकेगा। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद बांदा चित्रकुट लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी व पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल ने कहा कि वह जब-जब चुनाव लडे हैं, तो उनकी ओर से क्षेत्र की जनता चुनाव लड़ी है। श्री पटेल ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद उन्होने आजतक कभी किसी को निराश नहीं किया, जहां तक बन सका है, वह लोगों के बीच जाकर उनसे मिले हैं। किसी को उनके दरवाजे पर आने की जरूरत नहीं पड़ी। सम्मेलन के आयोजक, सपा व्यापार सभा के प्रदेश सचिव, पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहन साहू ने कहा कि भाजपा की सरकारें धर्म और संप्रदाय के नाम पर लोगों के बीच भ्रम पैदा करती हैं, जिससे प्रमुख समस्माओं की ओर लोगों का ध्यान न जाए। लोग हकीकत जान चुके हैं। इस बार व्यापारी समाज के लोग भाजपा को सबक सिखाने जा रहे हैं। इस भौके पर प्रदेश सचिव, डा. अजय चैरसिया, प्रदेश सचिव नंद किशोर शिवहरे, प्रदेश सचिव शिवशरण यादव, सपा के प्रदेश सचिव व पूर्व चेयरमैन ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन सत्येन्द्र गुप्त व अंसार अहमद सिद्दीकी ने किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, शिवकरण पाल, महेन्द्र यादव, मैकूलाल चैरसिया, हिमांशु वैश्य, सौरभ लसकार, राकेश गुप्ता, केदार अग्रवाल, आनंद शिवहरे, छोटू गुप्ता, विष्णु प्रताप गुप्ता, आवाश साहू, पवन साहू, आर्यन साहू, गुलशन, प्रदेश सचिव संजय निगम अकेला व अनमोल जड़िया, फहीम मोहसिन नेतराम वर्मा, लालमन, नंदू भारत, आत्माराम यादव के अलावा व्यापारी मौजूद रहे।

# सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश




## 1.50 लाख से अधिक महिलाओं को सरकारी नौकरी

- बालिकाओं को स्नातक स्तर तक निःशुल्क शिक्षा
- स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 2.75 करोड़ शौचालयों (इज्जत घर) का निर्माण, 10 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित
- बदायूं, लखनऊ एवं गोरखपुर में महिला पीएसी बटालियन की स्थापना
- पॉक्सो अधिनियम एवं महिला अपराधों के मामलों में सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम
- पीएम स्वनिधि योजना से 2 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 54.44 लाख से अधिक माताएं लाभान्वित
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.75 करोड़ परिवार लाभान्वित
- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत 17.82 लाख से अधिक बेटियां लाभान्वित
- 58,000 महिलाओं की बीसी सखी के रूप में नियुक्ति
- 31.28 लाख से अधिक निराश्रित महिलाओं को ₹1,000 की मासिक पेंशन
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 3.26 लाख से अधिक जोड़ों का विवाह, अनुदान राशि ₹35,000 से बढ़कर ₹51,000 हुई







## महिलाएं बनीं विकास में भागीदार

## डबल इंजन की सरकार

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश